e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 48
रविवार
19.02.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
इस दुनिया में असंभव कुछ भी नही, हम वो सब कर सकते है, जो हम सोच सकते है।

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 26⁰ |
| न्युनतम | 12⁰ |

## क्विक न्यूज

### जमशेदपुर में मालगाड़ी बेपटरी, जमीन पर दौड़ने लगी ट्रेन

**जमशेदपुर :** जिले के टाटानगर रेलवे स्टेशन से तीन किलोमीटर दूर सालगाझुड़ी वेस्ट केबिन के पास शनिवार सुबह मालगाड़ी के बेपटरी हो गई। इस घटना से टाटा- हावड़ा- मुंबई मार्ग ठप पड़ गया है। रेलवे के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच कर रेल ट्रैक खाली कराने का प्रयास कर रहे हैं। जमशेदपुर के टाटानगर रेलवे स्टेशन से हावड़ा जाने वाली रूट पर सालगाझुड़ी वेस्ट केबिन के पास मालगाड़ी बेपटरी होकर जमीन पर दौड़ने लगी, जिसके कारण विपरीत दिशा से आ रही दूसरी मालगाड़ी से ये ट्रेन टकरा गई। हालांकि चालक की सूझबूझ से समय रहते गाड़ी पर नियंत्रण किया जा सका है। जिससे घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। हादसे की सूचना मिलते ही रेलवे के अधिकारी रेस्क्यू टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच में जुट गए है। हादसे के बाद रेलवे अधिकारी बाधित टाटा हावड़ा मुंबई मार्ग को जल्द से जल्द खाली कराने का प्रयास कर रहे हैं। मौके पर इंजीनियर व कर्मचारी युद्धस्तर काम पर लगे हैं।

### मप्रः महाशिवरात्रि पर दो अलग-अलग सड़क हादसों में सात लोगों की मौत, 22 घायल

**भोपाल :** मध्य प्रदेश में शनिवार को महाशिवरात्रि के मौके पर दो अलग-अलग सड़क हादसों में सात लोगों की मौत हो गई जबकि 22 लोग घायल हुए हैं। पहला हादसा सागर जिले के छानबीला थाना क्षेत्र अंतर्गत निवार घाटी पर हुआ। यहां इंदौर से छतरपुर जा रही स्लीपर कोट बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में एक महिला समेत चार यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 22 अन्य यात्री भी घायल हुए हैं। वहीं, दूसरा हादसा देवास जिले के खातेगांव थाना क्षेत्र में हुआ, जहां एक परिवार के तीन लोगों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

### यूपी के हरदोई में बारातियों की कार ट्राली से टकरा कर नहर में गिरी, दूल्हा समेत 5 की मौत

**हरदोई :** उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में ग्राम दरियाबाद के निकट शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात बारातियों से भरी एक कार ट्राली से टकरा कर नहर में जा गिरी। इस हादसे में दूल्हा समेत पांच बारातियों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग जख्मी हुए हैं। घायलों को निकटवर्ती अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिले के हरपालपुर थाना अंतर्गत ग्राम कुड़हा निवासी 48 वर्षीय ओमवीर के 20 वर्षीय पुत्र देवेश की बारात शाहजहांपुर जिले के अभायन के लिए रवाना हुई थी। उसी दौरान बीच रास्ते में हरदोई जिले के ग्राम दरियाबाद के पास दूल्हे की बोलेरो कार गन्ने से लदी ट्राली से टकराते हुए नहर में जा गिरी। इस हादसे में दूल्हा और उसके पिता समेत पांच लोगों की मौत हो गयी। इस हादसे में तीन लोग जख्मी भी हुए हैं। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### राजस्थान में पीएफआई के सात सदस्यों के ठिकानों पर एनआईए का छापा

**जयपुर ।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार को टेरर फंडिंग मामले में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के सात सदस्यों के राजस्थान स्थित ठिकानों पर छापे मारे और कई को पकड़ा भी है। हालांकि अभी यह पता नहीं चल सका है कि पकड़े गए लोगों की संख्या कितनी है। सूत्रों के अनुसार एनआईए की जयपुर, बूंदी, सवाईमाधोपुर, भीलवाड़ा और कोटा में कार्रवाई चल रही है। कोटा में तीन जबकि जयपुर, सवाईमाधोपुर, बूंदी एवं भीलवाड़ा में एक-एक पीएफआई सदस्य के यहां छापे मारे।

**सीपी राधाकृष्णन 11 वें राज्यपाल के रूप में ली पद व गोपनीयता की शपथ, सीएम ने दी बधाई**

# झारखंड का विकास प्राथमिकता : राधाकृष्णन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सीपी राधाकृष्णन ने झारखंड के 11वें राज्यपाल के रूप में शनिवार को शपथ ली. झारखंड हाई कोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश जस्टिस अपरेश कुमार सिंह ने राजभवन में आयोजित समारोह में उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई. नए राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बधाई दी. झारखंड के नए राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन का शपथ ग्रहण समारोह में झारखंड के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश जस्टिस अपरेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, स्पीकर रवींद्र नाथ महतो, मंत्री जोबा मांझी, भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वानती श्रीनिवासन, रांची की मेयर आशा लकड़ा, आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो समेत हाई कोर्ट के कई जज मौजूद रहे. झारखंड के नए राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने राज्य के विकास के लिए वचनबद्धता दुहराया है. शपथ ग्रहण समारोह के बाद मीडिया कर्मियों से बात करते हुए नए राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि हमारा मकसद सिर्फ और सिर्फ झारखंड का विकास करना है. मुझे खुशी है कि रमेश बैस के बाद झारखंड के नए राज्यपाल के रूप में मुझे जिम्मेदारी दी गई है. मैं अपने पूरी कर्तव्य निष्ठा के साथ झारखंड के विकास के लिए काम करूंगा चाहे वह गरीबी हो, शिक्षा हो, लोगों को आवास योजना का लाभ हो, तमाम चीजों पर प्राथमिकता के आधार पर विकास का काम होगा, राजभवन के बिरसा मंडप में मीडियाकर्मियों को जब राज्यपाल संबोधित कर रहे थे उस समय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी उनके साथ मौजूद थे. बता दें कि 12 फरवरी 2023 को राष्ट्रपति भवन की ओर से 13 राज्यों के राज्यपाल की नियुक्ति संबंधित नोटिफिकेशन जारी की गई. जिसमें झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस को महाराष्ट्र का राज्यपाल बनाया गया, वहीं तमिलनाडु का मोदी कहे जाने वाले सीपी राधाकृष्णन को झारखंड का गवर्नर बनाया गया. सीपी राधाकृष्णन शुक्रवार को रांची पहुंचे जहां सीएम हेमंत सोरेन समेत राज्य के कई नेताओं ने उनका स्वागत किया.

### नये राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने तमिलनाडु से आए करीब 200 लोग

रांची : झारखंड के नवनियुक्त राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के शपथ ग्रहण समारोह में तमिलनाडु से करीब 200 लोग आए। इसमें भाजपा के कार्यकर्ता भी थे। राधाकृष्णन तमिलनाडु भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। पूर्व मंत्री और तिनलवेल्ली से विधायक नायनार नागेंद्रन का कहना है कि राधाकृष्णन एक सुलझे हुए व्यक्ति हैं और बड़े एवं छोटे में कोई भेद नहीं करते। वे लोगों को एक समान मानते हैं और सभी का आदर करते हैं। भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वानथी श्रीनिवासन ने कहा कि उम्मीद है कि यहां जितने भी उलझे हुए मुद्दे हैं, उनका संविधान सम्मत समाधान निकलेगा। तमिलनाडु भाजपा की महामंत्री कात्यायनी बताती हैं कि राधाकृष्णन हमेशा से अनुसूचित जाति और जनजातियों के हित के लिए प्रयासरत रहते हैं। इसका लाभ भी यहां के इन समुदायों को मिलेगा। उल्लेखनीय है कि शनिवार को सीपी राधाकृष्णन ने झारखंड के 11वें राज्यपाल के रूप में शपथ ली।





**मुख्यमंत्री ने पहाड़ी मंदिर में की भोलेनाथ की पूजा-अर्चना**

# भव्य शिव बारात को किया विदा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन महाशिवरात्रि पर शनिवार को ऐतिहासिक पहाड़ी मंदिर में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर राज्य और राज्य वासियों की उन्नति, सुख शांति और बेहतर स्वास्थ्य की कामना की। इस मौके पर उन्होंने भव्य शिव बारात को विदा किया और लोगों को इस महापर्व की शुभकामनाएं दी।

**वर्षों से चली आ रही है परंपरा और मजबूत हो:** मुख्यमंत्री ने कहा कि पहाड़ी मंदिर में महाशिवरात्रि के दिन भगवान भोलेनाथ के दर्शन और पूजा अर्चना में शामिल होने के लिए लाखों श्रद्धालुओं का पहुंचना हमारी वर्षों से चली आ रही धार्मिक आस्था का परिचायक है । आने वाली पीढ़ी भी इस परंपरा को अक्षुण्ण और मजबूती के साथ आगे बढ़ाए, हम बाबा भोलेनाथ से यह कामना करते हैं। इस अवसर पर श्री शिव बारात आयोजन केंद्रीय महासमिति की ओर से मुख्यमंत्री का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया।

### महाशिवरात्रि पर रात से कतारबद्ध है श्रद्धालुओं का जनसैलाब



**देवघर :** महाशिवरात्रि के अवसर पर बैद्यनाथ धाम की पावन नगरी में बीते रात से ही श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा है। बाबा का जलार्पण के लिए श्रद्धालु रात्रि से ही कतारबद्ध होकर अपने होल्डिंग प्वाइंट में विश्राम कर रहे थे। अप्रत्याशित रूप से लाखों की संख्या में आए श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा के लिए जिला प्रशासन द्वारा पूर्व से चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। सम्पूर्ण रूट के साथ-साथ बीएड कॉलेज, क्यू कॉम्प्लेक्स, नाथबाड़ी व मंदिर प्रांगण में कतारबद्ध कांवरियों हेतु सुविधा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं। पेयजल, साफ-सफाई, चिकित्सा सुविधा, बायोटॉयलेट, लाइट के साथ-साथ पूरे रूट लाइन में शिवधुन बजाने की व्यवस्था की गयी है।

# दक्षिण अफ्रीका से भारत पहुंचे 12 चीते सीएम और केंद्रीय मंत्री ने कूनो पार्क में छोड़ा



**एजेंसी**

**श्योपुर/भोपाल :** दक्षिण अफ्रीका से लाए गए 12 चीते शनिवार को ग्वालियर होते हुए कूनो नेशनल पार्क पहुंच गए। उन्हें वायु सेना के विशेष विमान सी-17 ग्लोब मास्टर से ग्वालियर एयरपोर्ट लाया गया और यहां से वायुसेना के तीन चिनूक हेलीकाप्टर से उन्हें कूनो नेशनल पार्क ले जाया गया। यहां मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने चीतों को कूनो नेशनल पार्क में छोड़ा। चीता परियोजना प्रमुख एसपी यादव ने बताया कि शुक्रवार रात 8.30 बजे 12 चीतों ने दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग एयरपोर्ट से वायु सेना के सी-17 ग्लोब मास्टर ने उड़ान भरी थी और यह विमान शनिवार पूर्वाह्न करीब 11 बजे ग्वालियर के राजमाता सिंधिया एयरपोर्ट पहुंचा। इसके बाद यहां से तीन चिनूक हेलीकाप्टर से चीतों को लेकर कूनों नेशनल पार्क लाया गया। यहां पहले मुख्यमंत्री चौहान ने एक चीते को बाड़े में छोड़ा। इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने भी चीता छोड़ा। इसके बाद वन विभाग के अधिकारियों ने भी एक के बाद एक चीतों को बाड़े में छोड़ा। इन 12 चीतों में सात नर और पांच मादा हैं। चीतों को बाड़े में निर्धारित समय से करीब एक घंटे की देरी से छोड़ा गया। इसके पीछे ग्लोबमास्टर का ग्वालियर एयरबेस पर कुछ देरी से आना था। इसलिए कूनो पहुंचने में भी चीतों को देरी हुई। बताया जा रहा है कि अभी इस बाड़े में 12 चीते क्वारंटीन रहेंगे। इसके बाद उन्हें इससे बड़े बाड़े में छोड़ा जाएगा। करीब डेढ़ महीने बाद चीतों को बड़े बाड़े में छोड़ा जाएगा। अफ्रीका से आए सभी 12 चीतों पर अभी विशेष नजर रखी जाएगी। उनकी हर गतिविधि को नोट किया जाएगा। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 17 सितंबर 2022 को नामीबिया से लाए गए आठ चीतों को कूनो नेशनल पार्क में छोड़ा था। अब दक्षिण अफ्रीका से 12 चीते आने के बाद कूनो में चीतों की संख्या 20 हो गई है। यानी चीतों का कुनबा बढ़ गया है। सही मायने में अब प्रदेश चीता स्टेट बन गया है। चीतों को देखने के लिए स्थानीय और बाहरी लोग कूनो नेशनल पार्क के गेट पर एकत्रित हुए, लेकिन उन्हें अंदर नहीं जाने दिया गया। इससे लोग खासे निराश नजर आए। प्रबंधन ने लोगों के प्रवेश पर सुरक्षा कारणों से रोक लगाई है।

**पांकी हिंसा : महाशिवरात्रि को लेकर सजग व सख्त रहा प्रशासन, धारा 144 जारी, सांसद-विधायक, डीसी- एसपी कर रहे कैंप**

# पांकी में खामोशी व मायूसी बरकरार

### 18 अरेस्ट, पुलिस छापेमारी लगातार जारी

**अवधेश शुक्ला @ प्रभात मंत्र**

**मेदिनीनगर :** पांकी हिंसा के चौथे दिन महाशिवरात्रि को लेकर प्रशासन पूरी तरह से सजग व सख्त रहा। प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी दिन भर पेट्रोलिंग करते रहे। पांकी की सड़कों पर पूर्व की भांति सन्नाटा पसरा रहा। सड़क पर सिर्फ पुलिस के जवान देखे गए। लोग अपने घरों में दुबके रहे। लोगों में खामोशी व भय का माहौल देखा गया। कहीं से भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। एसपी ने बताया कि पांकी हिंसा मामले में दो एफआईआर दर्ज किया गया है। जिसमें 100 नामजद व 1000 अज्ञात हैं। अभी तक 18 लोगों को अरेस्ट कर लिया गया है। क्षेत्र में धारा 144 जारी है और इंटरनेट सेवा लगातार बंद है। यहां चारो तरफ सिर्फ पुलिस बल के जवान नजर आ रहे हैं। पाकी बाजार स्थित मस्जिद और रहेवीर पहाड़ी स्थित शिव मंदिर पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। यहां के लोगों में भय और दहशत का माहौल देखा गया। चतरा के सांसद सुनील सिंह और पाकी विधानसभा के विधायक शशि भूषण मेहता पाकी में कैप किए हुए हैं। इन दोनों जनप्रतिनिधियों के साथ कुछ पब्लिक भी थे। यात्री वाहनों का परिचालन पूरी तरह से ठप्प है। कहीं आने जाने वाले लोगों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। महिलाएं और बच्चे डर के मारे घर में दुबके हुए हैं। कई लोग बीमारी का इलाज कराने अस्पताल भी नहीं जा पा रहे हैं।




### पांकी हिंसा की हो सीबीआई जांच : विधायक शशि भूषण

मेदिनीनगर : भारतीय जनता पार्टी के पांकी विधायक शशि भूषण मेहता ने पांकी की घटना को एक साजिश करार दिया है। श्री मेहता ने पांकी में पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि एक विशेष समुदाय पर के द्वारा एक साजिश रचकर हिंदू धर्म के पर्व महाशिवरात्रि को बाधित किया गया। भाजपा विधायक ने पांकी की घटना का सीबीआई जांच करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अगर साजिश नहीं रची गई होती तो फिर मस्जिद के छत पर पत्थर और पेट्रोल बम कैसे जमा हुआ। जहां से एक समुदाय के लोगों ने बम और पेट्रोल बम दूसरे समुदाय के लोगों पर फेका गया। विधायक ने कहा किया कि अगर समय रहते पुलिस प्रशासन त्वरित करवाई नहीं किया होता तो एक विशेष समुदाय के द्वारा एक बहुत बड़ी घटना को अंजाम दे दिया गया होता।

# बाजार शुल्क में टैक्स अधिरोपण की अधिकतम सीमा दो प्रतिशत निर्धारित : कृषि मंत्री

### कृषि मंत्री और सचिव विनय कुमार चौबे की चैंबर के प्रतिनिधिमंडल संग बैठक

### झारखंड राज्य कृषि उपज और पशुधन विपणन विधेयक 2022 पर भी हुई चर्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** कृषि मंत्री बादल और मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के रूप में शनिवार को सचिव विनय कुमार चौबे के साथ फेडरेशन ऑफ झारखंड चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधिमंडल की झारखंड राज्य कृषि उपज और पशुधन विपणन विधेयक- 2022 को लेकर बैठक हुई । बैठक में बाजार शुल्क से संबंधित विधेयक में दो प्रतिशत टैक्स के अधिरोपण से संबंधित विषय पर चर्चा हुई। कृषि मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल से कहा कि बाजार शुल्क में दो प्रतिशत टैक्स अधिरोपन को लेकर राज्य में भ्रम की स्थिति पैदा की जा रही है। दरअसल बाजार शुल्क में टैक्स अधिरोपण की अधिकतम सीमा दो प्रतिशत निर्धारित है। खाद्यान्नों और वस्तुओं की हिसाब से टैक्स का निर्धारण किया जाना है । ऐसे में सभी खाद्यान्नों का बाजार शुल्क अलग-अलग होगा। कृषि मंत्री ने कहा कि हर खाद्यान्न पर दो प्रतिशत बाजार शुल्क लगाने की बात कह कर व्यवसायियों और मंडियों से संबंधित लोगों के बीच भ्रम की स्थिति पैदा की जा रही है । जबकि, हर खाद्यान्न का बाजार शुल्क अलग-अलग निर्धारित होगा। वहीं, इस टैक्स की अधिकतम सीमा दो प्रतिशत होगी। सरकार जो नियमावली तैयार करेगी, उसमें इसका विशेष ख्याल रखा जाना है।



### किसानों और मंडियों से जुड़े प्रतिनिधियों की ली जाएगी राय

कृषि मंत्री और मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे ने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया कि बाजार शुल्क से संबंधित नियमावली तैयार करने के पहले किसानों व्यवसायियों और मंडियों से जुड़े प्रतिनिधियों की राय लेगी । उसके बाद बाजार शुल्क से संबंधित नियमावली को लागू किया जाएगा।

### मंडी टैक्स कलेक्शन की प्रणाली होगी सरल

सचिव श्री विनय कुमार चौबे ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि बाजार शुल्क कलेक्शन की प्रणाली को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) के माध्यम से सरल बनाया जाएगा। मंडी टैक्स कलेक्शन सिस्टम पूरी तरह पारदर्शी होगा और कारोबारियों को इसे लेकर कोई परेशानी नहीं होगी।कृषि मंत्री ने कहा कि मंडी शुल्क से राइस मिल्स और इससे जुड़े कारोबारियों पर कोई कुप्रभाव नहीं पड़ेगा। सरकार राइस मिल्स को लगातार बढ़ावा दे रही है। पिछले वर्ष राज्य में 19 राइस मिल्स खुले, जिसे सरकार के द्वारा जमीन उपलब्ध कराया गया आने वाले दिनों में नए राइस मिल्क खोलने की दिशा में भी सरकार लगातार कार्य कर रही है। कृषि मंत्री ने झारखंड चैंबर्स के प्रतिनिधिमंडल से कहा कि ऐसे में इस संबंध में भी जो बातें सामने आ रही है, वह दिग्भ्रमित करने वाली है। सरकार हर कदम पर किसानों और कारोबारियों के हित में निर्णय ले रही है, ताकि आम जनता को इसका फायदा मिल सके।

### सरकार मनरेगा मजदूरों के साथ कर रही है अन्याय : कांग्रेस

**नई दिल्ली :** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि केन्द्र सरकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) योजना के साथ जुड़े मजदूरों के साथ अन्याय कर रही है। कांग्रेस ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर कहा कि इस सरकार पर मनरेगा मजदूरों का 6157 करोड़ रुपये से ज्यादा का बकाया है। ग्रामीण मजदूरों के लिए वरदान रही मनरेगा योजना को मोदी सरकार ने गरीबों को प्रताड़ित करने का हथियार बना दिया है। कांग्रेस ने कहा कि वर्ष 2014 में मोदी सरकार बनने के बाद से ही लाखों मनरेगा मजदूरों की हालत खस्ता हो गई है। उनके परिवार को दो वक्त की रोटी भी मयस्सर नहीं हो पा रही है।

## झलकियां

### पचुवाड़ा नॉर्थ कोल ब्लॉक से कोयला चोरी मामले में भी हुआ था केस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** उल्लेखनीय है कि करीब एक माह पूर्व पचुवाड़ा नॉर्थ कोल ब्लॉक से अवैध रूप से बाहर के डंपरों से कोयला चोरी मामले में स्थानीय पुलिस ने बीजीआर के पेट्रोलिंग इंचार्ज मृण्मय मित्रा के आवेदन पर कांड संख्या-5/2023 के तहत प्राथमिकी दर्ज किया था। तीन कोयला लोड व एक खाली डंपर पकड़े गए थे। बारह व्यक्ति सहित कुछ अन्य को नामजद आरोपी बनाया गया था। इस धंधे में संलिप्त सात व्यक्तियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था जबकि अन्य पुलिस के गिरफ्त से बाहर रहे। इस काले धंधे में बीजीआर के कर्मी सहित स्थानीय व बाहरी लोग शामिल रहे।

### अवैध कोयला सहित एक ट्रक को बीडीओ ने किया जब्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

**अमड़ापाड़ा :** कोयले के अवैध कारोबार का धंधा क्षेत्र में थमा नहीं है। किसी न किसी रूप में अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र अथवा इससे सटे सीमावर्ती इलाके में अवैध कोयले की तश्करी कमोबेस जारी है। इसी कड़ी में गत गुरुवार की मध्य रात्रि में गुप्त सूचना पर बीडीओ सह सीओ कुमार देवेश द्विवेदी ने पोचईबेड़ा गांव में करीब 20-25 टन डंपिंग कोयले को जब्त किया। जानकारी मिली कि ये कोयला डंपरों से उतारे गए थे। साथ-साथ कोयला लोड कर रहे एक चौदहपहिया ट्रक को भी पकड़ा। ट्रक थाने को सुपुर्द कर दिया गया। जबकि भंडारित कोयले को जब्त कर बीजीआर के जिम्मे दे दिया गया है। बीडीओ ने बताया कि आलूबेड़ा से पाकुड़ रेलवे साइडिंग तक परिवहन में लगे कोल डंपरों से कोयला उतार एक जगह एकत्र किए जाते हैं। फिर कई दिनों तक एकत्रित कोयले को अवैध ढंग से वाहनों के जरिए बाहर बेच दिया जाता है। बताया कि यह सिलसिला यहां अनवरत जारी रहने की जानकारी मिली है। उन्होंने कहा कि इस गैरकानूनी धंधे में संलिप्त व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध शख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं आरक्षी निरीक्षक सह थाना प्रभारी गोपाल कृष्ण यादव ने बताया कि जब्त अवैध कोयला लोड ट्रक के मालिक व एकत्रित किए गए कोयला मामले में आईपीसी की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### 21 फरवरी अंतरराष्ट्रीय भाषा दिवस को लेकर बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** शनिवार को सरायढेला स्थित रेखा मंडल के आवास पर 21 फरवरी अंतरराष्ट्रीय भाषा दिवस को लेकर झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति का एक बैठक हुआ जिसकी अध्यक्षता रेखा मंडल ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि आगामी 21 फरवरी अंतर्राष्ट्रीय भाषा दिवस के अवसर पर गुरदास भवन निरसा में आयोजित कार्यक्रम में धनबाद शहरी क्षेत्र का भी भागीदारी जोर शोर से रहेगा। इसके लिए समिति के द्वारा प्रचार प्रसार किया जा रहा है। बैठक में मुख्य रूप से समिति के संस्थापक बेंगू ठाकुर, सम्राट चौधरी, कल्याण भट्टाचार्य, राणा चट्टराज, सुशोभन चक्रवर्ती, टनी बनर्जी, कल्याण राय, राजू प्रमाणिक, समीर मंडल, रघुनाथ राय, जितेंन दे, संतोष मंडल, शिबू चक्रवर्ती, आदि लोग शामिल थे।

### स्वस्तिक पाइप के जीएम की अचानक मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कतरास :** राजगंज स्थित महेशपुर मे स्वस्तिक पाइप बिछाने का काम करने के दौरान अचानक तबियत बिगड़ने से कंपनी के जीएम रमेश मंगल कण्डारी (72) की मौत हो गई। वे अचानक गिर पड़े थे। उन्हें कतरास निचितपुर अस्पताल लाया गया। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक असम गोवाहाटी का रहने वाले थे। उसके परिजनों को सूचना दे दी गयी है।

# कोयला चोरी मामले में एक महीने बाद भी मास्टर माइंड तक नहीं पहुंच पाई अमड़ापाड़ा पुलिस



**महीनों से चल रहा था आंख में धूल झोंक कर कोयला चोरी का कारोबार।**

**वो रोटी चुरा के चोर हो गया, लोग मुल्क खा गए, कानून लिखते लिखते।**

### क्या है मामला

बीते 15 जनवरी रविवार को 16 चक्का डंपर संख्या डब्लूबी 65 डी 7181, डब्लूबी 53 सी 5949 व डब्लूबी 53 सी 6088 नॉर्थ कोल माइंस के लोडिंग पॉइंट से 32-32 टन कोयला लेकर वैध कोयला लोड डंपरों के साथ माइंस क्षेत्र से निकलने के फिराक में थे। पूर्व की भांति तीनों डंपर कांटा में कोयले का वजन नहीं कराकर साइड से निकलने की फिराक में था। कांटा में मौजूद उनके लोग वक्त पर मौजूद नहीं रहने के कारण तीनों डंपर पकड़े गए। चालकों से जब कागजात की मांग की गई तो पहले तो उन्होंने बरगलाने का प्रयास किया।

वहीं सख्ती बरतने पर उन्होंने पुलिस के समक्ष कई राज उगले। मामले को लेकर बीजीआर कंपनी के पेट्रोलिंग इंचार्ज मृण्मय मित्रा के लिखित शिकायत पर 12 नामजद व अन्य के विरुद्ध मामला दर्ज करते हुए पांच डंपर चालक व सह चालकों को गिरफ्तार कर लिया है।

### चालकों ने उगले थे कई महत्वपूर्ण राज

अवैध कोयला ले जा रहे डंपरों के चालकों ने पुलिस के समक्ष कई महत्वपूर्ण राज उगले हैं। गिरफ्तार किए गए चालक पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिला निवासी शेख कलीम, सैय्यद आकाश, सह चालक पियार खान, मुर्शिदाबाद निवासी मजीद शेख व साहेबगंज के बरहरवा निवासी मजीद शेख ने पुलिस को बताया कि उन्हें गुम्मा मोड़ स्थित लाईन होटल में रूकने के लिए कहा गया था। साथ ही बताया गया कि वहां से एक आदमी उन्हें कोयला खदान तक लेकर जाएगा। इस पूरे खेल में बीजीआर कंपनी के नाइट शिफ्ट का बस ड्राइवर राजीव शेख उर्फ राजू का नाम सामने आया है। जिसने डंपरों को खदान में प्रवेश कराया। जबकि, डंपरों को निकालने का जिम्मा संगीत कुमार सिंह का था। बस ड्राइवर राजीव शेख ने बताया कि अमड़ापाड़ा के एक व्यक्ति जाबिर अली द्वारा पैसे का लालच देकर एंट्री गेट पर गार्ड सुपरवाइजर अनंत कुमार सिंह एवं शिफ्ट सुपरवाइजर ऋषिकांत तिवारी की मिलीभगत से अवैध कोयला लोड डंपरों को बाहर निकालने की योजना थी।

उसने बताया कि पूर्व में भी अवैध तरीके से डंपरों को पार कराया गया है। पुलिस ने 3 चालक व 2 उप चालकों के अलावे तीनों डंपरों के मालिकों के अलावे इसमें शामिल अन्य लोगों को आरोपी बनाया।

### कोयला चोरी मामले में कौन-कौन है नामजद आरोपी

*डंपर संख्या डब्ल्यूबी 53 सी 6088 के मालिक, चालक और खालसी खिलाफत खान, शेख कलीम, सैय्यद आकाश, डंपर संख्या डब्ल्यूबी 53 सी 5949 के हाफिजुल और प्यारा खान, डंपर संख्या डब्ल्यूबी 65डी 7181 के हकीम, दाऊद आलम और मोजिद शेख के अलावे राजीब शेख उर्फ राजू, जाबीर अली, अनंत कुमार सिंह, ऋषिकांत तिवारी सहित अन्य लोग के विरुद्ध एफआईआर दर्ज किया गया है।*

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** एक कहावत है थोड़ा चोरी करें और वे आपको जेल में डाल देंगे, बहुत चुराएं और वे आपको राजा बना देंगे। उक्त पंक्ति अमड़ापाड़ा पुलिस पर सटीक बैठती है। बीते तेंतीस दिन बीत जाने के बाद भी कुख्यात मास्टरमाइंड कोयला चोर को पुलिस पकड़ने में विफल साबित हो रही है। जबकि बीजीआर कंपनी के पेट्रोलिंग इंचार्ज ने अपने आवेदन पर स्पष्ट उल्लेख किया है कि अमड़ापाड़ा के एक व्यक्ति के इशारे पर कोयला चोरी का खेल हो रहा था। अब सवाल उठता है आखिर पुलिस कार्रवाई क्यों नहीं कर रही है? जबकि छोटे छोटे मामलों में बिना कोई जांच किये ही पुलिस गिरफ्तार करने के लिए दौड़ लगाती है। किसी शायर ने क्या खूब लिखा है वो रोटी चुरा के चोर हो गया,लोग मुल्क खा गए, कानून लिखते लिखते। कोयला माफियाओं के हौंसले दिन प्रतिदिन बढ़ रहे है। यह इस लिए भी कहा जा सकता है कि वैध की आड़ में अवैध कोयला का कारोबार दिन-दहाड़े किया जा रहा है। बीते 15 जनवरी को बीजीआर कंपनी के पेट्रोलिंग इंचार्ज मृण्मय मित्रा ने तीन डंपर अवैध कोयला को जब्त किया था। पुलिस को सूचना मिलते ही पुलिस ने तीन डंफर कोयला जब्त करते हुए सात लोगों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। लेकिन बड़ी मच्छली तक अबतक अमड़ापाड़ा पुलिस नही पहुंच पाई है। सिंडिकेट के सरगना को तेंतीस दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस गिरफ्तार नहीं कर पाई है।गिरफ्तारी के बाद चालकों द्वारा पुलिस को दिए बयान में कई चौंकाने वाले मामले भी सामने आए थे।अगर पुलिस गहनता से जांच करें तो निश्चित रूप से कई चौंकाने वाले मामले सामने आ सकते हैं।इधर इस मामले में बीजीआर कंपनी के पेट्रोलिंग इंचार्ज मृण्मय मित्रा ने अमड़ापाड़ा थाना में कांड संख्या 5/23 दर्ज कराया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सात लोगों को जेल भेज दिया है। हालांकि अमड़ापाड़ा पुलिस शेष बचे आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की बात कह रही है।

# भक्ति भाव से मना महाशिवरात्रि पर्व, शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

## शिवजी की निकली बारात, हर हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा शहर



### ग्रामीण इलाकों में भी रही महाशिवरात्रि की धूम

***शहर के अलावा ग्रामीण इलाकों में भी महाशिवरात्रि की धूम रही। नगरनबी, हमरुल, झिकरहटी पश्चिमी सहित अन्य गांव में सौहार्दपूर्ण वातावरण में महाशिवरात्रि का पर्व संपन्न हुआ।***

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** जिले में महाशिवरात्रि का पर्व शनिवार को भक्ति भाव के साथ धूमधाम से मनाया गया। महाशिवरात्रि को लेकर शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। अहले सुबह से ही शिवालयों में श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने शिवालयों में पूजा अर्चना की। पूरी विधि विधान से शिवजी की पूजा हुई। वहीं महाशिवरात्रि की गीतों से माहौल भक्तिमय हो गया। इधर शहर में शिव बारात भी निकाली गई। जिसमें शिवजी का रुप धारण कर शामिल हुए श्रद्धालु आकर्षण का केंद्र रहा। वहीं शिवजी की बारात में भूत पिचास के रूप में भी श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान पूरा शहर शिवजी के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने हर हर महादेव के गगनचुंबी नारे लगाए। इधर शिव बारातियों के लिए जगह जगह शरबत की भी व्यवस्था की गई थी। कई जगहों पर स्टॉल लगाकर शिव बारातियों को शरबत पिलाया गया। इधर पुलिस केंद्र में भी महाशिवरात्रि पर्व का आयोजन हुआ। यहां संध्या में सांस्कृतिक कार्यक्रम और महाप्रसाद वितरण भी हुआ। वहीं शांति और सुरक्षा को लेकर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। शहर के कई जगहों पर पुरुष और महिला पुलिस बल को तैनात किया गया था। पुलिस अधीक्षक हृदिप पी जनार्दन स्वयं नजर बनाए हुए थे। एसडीपीओ अजीत कुमार विमल, पुलिस उपाधीक्षक बैजनाथ प्रसाद, नगर थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक मनोज कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी पर्व के शांतिपूर्ण संपन्न होने में अहम भूमिका में रहे।

### लिट्टीपाड़ा : भव्य तरीके से निकाला शिव बारात



**लिट्टीपाड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** महाशिवरात्रि का त्योहार शनिवार को प्रखंड सहित ग्रामीण इलाकों में श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर प्रखंड परिसर,थाना परिसर एवं चौक परिसर के शिवालयों में सुबह से ही भक्त व्रत व उपवास रखकर शिवलिंग पर बेलपत्र व धतूरा चढ़ाकर पूजा किया एवं जल दूध से भोलेनाथ के शिवलिंग का अभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की। वही रात्रि को शिवभक्तों द्वारा भव्य शिव बारात निकाला गया। शिव बारात प्रखंड परिसर से चौक होते हुए थाना परिसर पहुंचे जहां सभी शिव भक्त बारातियो का स्वागत थाना प्रभारी संतोष कुमार के द्वारा किया गया एवं भक्तो के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया।

# बागतीपाड़ा शिव मंदिर से निकली शिवजी की बारात

प्रभात मंत्र संवाददात

**पाकुड़ :** महाशिवरात्रि पर शहर के बागतीपाड़ा स्थित शिव मंदिर से शिव बारात निकली। यहां से पिछले कई सालों से शिव बारात निकालने का सिलसिला चल रहा है। मंदिर परिसर से निकलकर शिव बारात माल गोदाम रोड होते हुए सिंधीपाड़ा से कलिकापुर स्वामी विवेकानंद चौक पहुंची। यहां से पुनः वापस बागतीपाड़ा मंदिर पहुंची। शिव बारात की झांकियां बेहद ही आकर्षक थी। जिसमें शिव पार्वती एवं हनुमान जी सहित देवी-देवताओं का मनमोहक दृश्य ने सबका मन मोह लिया। भूत पिशाच भी बाराती में शामिल हुए। इस



दौरान बाराती में शामिल श्रद्धालुओं पर पूरे रास्ते में पुष्प वर्षा की गई। लोग छतों के ऊपर से बारातियों पर पुष्प वर्षा किया?। वहीं गाजे-बाजे और डीजे के साथ निकली शिव बारात में शामिल बारातियों ने जमकर नृत्य किया। इस दौरान शिव पार्वती के जयकारे से माहौल भक्तिमय हो गया। शिव बारात में प्रेमचंद साहा, हिसाबी राय, सुकू मंडल, राकेश झा, अमित घोष, बच्चु राय, सुमित घोष, बुद्धिलाल सिंह, छोटन मेहरा, दुलाल राय, सनातन राय, फजलु राय, लव रजक, विशाल सिंह, राहुल सिंह, ज्योति राय, लक्ष्मी बागती, समतोला देवी, गौरी देवी, साक्षी कुमारी, निभा राय, दामिनी राय, सीमा साहा, सुषमा रानी मंडल, सुरेखा राय, ज्योति राय, सीता रजक, झूमा राय आदि श्रद्धालु शामिल हुए।

# पुलिस केंद्र में एसपी सहित अधिकारियों ने की शिवजी की पूजा

प्रभात मंत्र संवाददात

**पाकुड़ :** पुलिस केंद्र में महाशिवरात्रि पर शिवजी की पूजा अर्चना की गई। पुलिस अधीक्षक हृदिप पी जनार्दन सहित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों ने जलाभिषेक किया पूजा। पुलिस अधिकारियों ने विधिवत पूजा अर्चना की। पुलिस अधीक्षक हृदिप पी जनार्दन, उपाधीक्षक बैजनाथ प्रसाद, एसडीपीओ अजीत कुमार विमल, सार्जेंट मेजर अवधेश कुमार, नगर थाना प्रभारी सह पुलिस इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने पूजा



अर्चना की। इस अवसर पर पूजा अर्चना के साथ-साथ श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। महाशिवरात्रि पर पुलिस केंद्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ।

# होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन करेगा जायसवाल समाज



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** शहर के शिव शीतला मंदिर के पास एक निजी आवास में जयसवाल समाज की बैठक समाज के अध्यक्ष प्रेम भगत की अध्यक्षता में हुई। बैठक में होली मिलन समारोह के आयोजन को लेकर विचार विमर्श किया गया। मौके पर मौजूद समाज के सचिव राजेश जयसवाल ने जानकारी देते हुए कहा कि जयसवाल समाज की ओर से हर वर्ष होली के अवसर पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी होली मिलन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष जयसवाल समाज का परिवारिक मिलन समारोह कुछ कारणों से स्थगित कर दिया गया था। लेकिन होली मिलन समारोह के दौरान समाज के लोग एक दूसरे से मिलेंगे और आपसी संबंध को मजबूत बनाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि होली भाईचारे का संदेश देती है और हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी होली मिलन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। सचिव के द्वारा दी गई जानकारी के बाद उपस्थित सदस्यों ने होली मिलन समारोह आयोजित करने के निर्णय का समर्थन करते हुए होली मिलन समारोह भव्य तरीके से आयोजित करने का आह्वान किया। बैठक में होली मिलन समारोह की रूपरेखा तैयार की गई। साथ ही इसे सफल बनाने के लिए समाज के सभी सदस्यों के बीच संपर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। होली मिलन समारोह की रूपरेखा को अंतिम रूप देने के लिए आगामी 22 फरवरी को एक विशेष बैठक बुलाने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में समाज के वरिष्ठ सदस्य प्रदीप जयसवाल, आनंद चौधरी, जितेंद्र जयसवाल, विशाल जयसवाल, हरिशंकर जयसवाल, रोशन जयसवाल, विकास जयसवाल, संजय जयसवाल, रोशन जयसवाल, जितेश चौधरी रवी जयसवाल समेत अन्य सदस्य मौजूद थे।

# नि:शुल्क कोचिंग के लिए रांची जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में ट्रायल देंगे नन्हे क्रिकेटर अबू साउद

## कोडरमा में अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन से जेएससीए का खींचा था ध्यान

अबुल काशिम@प्रभात मंत्र

**पाकुड़ :** पिछले साल दिसंबर में कोडरमा में खेले गए अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट में पाकुड़ के नन्हे क्रिकेटर अबू साउद ने अपने शानदार प्रदर्शन से झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) का ध्यान अपनी ओर खींचा है। एसोसिएशन ने विकेट कीपर बल्लेबाज अबू साउद का चयन निःशुल्क कोचिंग को लेकर रांची में होने वाले ट्रायल के लिए नामित किया है। जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम रांची में 20 फरवरी से ट्रायल शुरू होगा। अलग अलग जिलों के अंडर-14 खिलाड़ियों का तीन बैच में 20, 21 और 22 फरवरी को ट्रायल होगा। अबू साउद 21 फरवरी को दूसरे बैच में ट्रायल में शामिल होंगे। अबू साउद के कोच एवं पाकुड़ जिला क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष गणपत सिंह ने बताया कि ट्रायल में सफल होने पर जेएससीए की देखरेख में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। कोडरमा में दो महीना पहले ही अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट में अबू साउद ने



■ कोच गणपत सिंह और क्रिकेटर अबू साउद



शानदार विकेट कीपिंग और बल्लेबाजी से काफी प्रभावित किया था। झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के अधिकारी भी काफी प्रभावित हुए। कोडरमा टूर्नामेंट के पहले भी मैचों में अच्छा प्रदर्शन रहा है। क्रिकेट के प्रति अबू साउद का जुनून ही रिकॉर्ड कायम कर रहा है। अबू साउद काफी मेहनती और वक्त का पाबंदी भी हैं। प्रैक्टिस सेशन में काफी पसीना बहाते हैं। एक साल से भी ज्यादा समय से मैं कोचिंग दे रहा हूं। क्रिकेट के प्रति अबू साउद के जुनून को मैंने नजदीक से देखा है। मुझे पूरी उम्मीद है यह बहुत आगे जाएगा और पाकुड़ जिला का नाम रोशन करेगा। यहां बता दें कि अबू साउद पाकुड़ जिले के महेशपुर प्रखंड के एक छोटे से गांव अनुपडांगा का रहने वाला है। महेशपुर डीएवी पब्लिक स्कूल का छात्र है। पिता अबुल हसन बैटरी का दुकान चलाते हैं। मां रुहीना बीवी गृहिणी हैं। झारखंड का गर्व जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम रांची जैसे मैदान में अबू साउद के ट्रायल के लिए नामित होने से माता-पिता सहित पूरे परिवार में खुशी का माहौल है।

# पत्नी के हत्यारे, पति को पुलिस ने भेजा जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लिट्टीपाड़ा :** थाना क्षेत्र के जामकुंदर गांव में बीते दिनों 22 वर्षीय विवाहिता की हत्या मामले में पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार विवाहिता के पिता गुगरा पहाड़िया ने थाने में आवेदन देकर बताया कि मेरी बेटी बमड़ी पहाड़ीन की शादी तीन वर्ष पूर्व कुंभारभांजा के रामा पहाड़िया से हुई थी। दोनों का एक बच्ची भी है।रामा पहाड़ियां कुछ काम नहीं करता था जिसके कारण मेरी बेटी दिल्ली से काम करके एक महीना पहले ही घर लौटी थी। इसके बाद वह अपने पति के पास चल गई। पर पति उसको हमेशा ही मारपीट गाली-गलौज करते रहता था। इसके बाद बुधवार को उसकी हत्या कर दिया। थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया मृतक के पिता के लिखित शिकायत पर थाना में कांड संख्या 7/ 23 के तहत हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया। हत्या के आरोपी रामा पहाड़िया को शनिवार सुबह उसके घर कुमारभाजा गांव से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के पश्चात परिजनों को सौप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### एग्रीस्पोर्ट्स में हिस्सा लेगा 20 सदस्यीय रांची बीएयू छात्रों का दल

**रांची :** देश के सभी कृषि विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए इस वर्ष एग्रीस्पोर्ट्स -2023 का आयोजन 20 से 24 फरवरी तक चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय, हिसार (हरियाणा) में होगा। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (आईसीएआर), नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित इस खेल स्पर्धा में देश के 64 से अधिक कृषि विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी भाग लेंगे।

### महाशिवरात्रि में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट दिल्ली शाखा रांची के सयुंक्त तत्वाधान में महाशिवरात्रि के अवसर पर सत्संग,भजन संकीर्तन भंडारा कर महाशिवरात्रि का पर्व भव्य रुप से मनाया गया । श्री कृष्ण प्रणामी ट्रस्ट ने महशिवरात्रि के अवसर पर 73वाँ श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का भव्य आयोजन संस्था के निर्माणाधीन श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम(आश्रम) मंदिर पुंदाग के परिसर मे किया गया। संस्था ने महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान शिव पार्वती मैया को उनके विवाह के उपलक्ष्य मे आये हुए 1500 श्रद्धालुओ के बीच पुडी सब्जी, खीर एव पुलाव का भोग लगाकर प्रसाद वितरण कि गया। प्रसाद वितरण के पहले भगवान शिव माता पार्वती की फोटो की आरती कर फुल माला पहना कर आये हुए श्रद्धालुओ को टिका चंदन कर भोलेनाथ को भोग लगाया गया उस समय वहा उपस्थित श्रद्धालुओ ने भोलेनाथ माता पार्वती की जय जयकारों से सारा मंदिर परिसर गुंजमान हो रहा था। भंडारे के वितरण मे संस्था के सह संरक्षक बसंत कुमार गौतम ,अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान ,राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल ,सचिव मनोज कुमार चौधरी, शिव भगवान अग्रवाल,ओमप्रकाश सरावगी,विशाल जालान,रमेन्द्र पाण्डेय, आलोक सिंह, धीरज कुमार गुप्ता, सुकरा उरॉव एव और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे।

# जी-20 शिखर सम्मेलन को लेकर रांची में केन्द्रीय मंत्री ने शुरू किया सिग्नेचर कैंपेन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड में दो दिवसीय जी-20 शिखर सम्मेलन से पूर्व केंद्रीय संचार ब्यूरो ने यहां शनिवार को एक सिग्नेचर कैंपेन शुरू किया है। इस कैंपेनका शुभारंभ केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ एल मुरुगन ने अपना पहला हस्ताक्षर कर किया। वे झारखंड के नये राज्यपाल सीपी राधाकृष्णण के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने यहां पहुंचे थे।

दरअसल, रांची में 2 और 3 मार्च को दो दिवसीय जी-20 शिखर सम्मेलन होने वाला है। इसमें देश-विदेश के करीब 170 प्रतिनिधि भाग लेने आ रहे हैं। इन प्रतिनिधियों को दो होटलों में ठहराया जाएगा। पहले दिन रांची में ही बैठक होगी। दूसरे दिन सभी प्रतिनिधियों को पतरातू लेक घुमाया जाएगा। बाहर से आने वाले प्रतिनिधियों को पतरातू लेक में किसी तरह की गंदगी या अव्यवस्था न दिखे, इसलिए पतरातू लेक रिजॉर्ट को 22 फरवरी से चार मार्च तक आम लोगों के लिए बंद कर दिया गया है। इस दौरान लेक परिसर, मीटिंग हॉल सहित अन्य संरचनाओं को करीब 5 करोड़ रुपये की लागत से संवारा जाएगा।

इस संबंध में उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि जी-20 सम्मेलन झारखंड में होना गर्व की बात है एवं इसके सफल संचालन के लिए सभी संबंधित पदाधिकारियों की सहभागिता महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि संपर्क अधिकारी के तौर पर जिन पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की होगी, वो डेलीगेट्स के आगमन, भ्रमण, होटल में ठहरने और प्रस्थान के समय प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करेंगे। संपर्क अधिकारी के कार्य एवं दायित्व के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए उपायुक्त ने कहा कि सभी अपने कार्यों का सही तरीके से निर्वहन करेंगे।

दो दिवसीय जी-20 शिखर सम्मेलन को लेकर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने राज्य के वरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। समिट के दौरान रोड जाम न हो, इसके लिए मुख्य सचिव ने ट्रैफिक एसपी नौशाद आलम, नगर निगम, रोड कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट व बिजली विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये। ट्रैफिक पुलिस व नगर निगम को विभिन्न जगहों पर बने गोलंबर को छोटा करने, रोड कंस्ट्रक्शन विभाग को सड़क चौड़ीकरण करने व बिजली विभाग को बिजली का खंभा शिफ्ट करने का निर्देश दिया, ताकि जाम न लगे।

### जी- 20 समिट को लेकर पर्यटन निदेशालय में चार आईएएस की प्रतिनियुक्ति

**रांची :** राजधानी रांची में दो-तीन मार्च को झारखंड राज्य में प्रस्तावित जी- 20 समिट की सफलता के लिए चार आईएएस अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति अपने कार्यों के अतिरिक्त पर्यटन निदेशालय को दी गयी है। 10 मार्च 2023 तक सभी अधिकारी पर्यटन विभाग में प्रतिनियुक्त रहेंगे। इनमें संयुक्त सचिव उर्जा विभाग मनीष कुमार, संयुक्त सचिव स्कूली शिक्षा अभिजीत सिन्हा, डीडीसी कोडरमा ऋतुराज, डीडीसी रांची दिनेश कुमार याद हैं। सभी पदाधिकारी निदेशक पर्यटन रांची के मार्गदर्शन पर काम करेंगे। उल्लेखनीय है कि पहले भी तीन आईएएस अधिकारियों की सेवा मंत्रिमंडल सचिवालय को दी गयी थी। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

# तापमान में बढ़ोतरी से झारखंड में ठंड से मिलने लगी है राहत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड में तापमान में बढ़ोतरी से ठंड से राहत मिलने लगी है। राज्य में धीरे-धीरे अधिकतम और न्यूनतम तापमान में वृद्धि हो रही है। अधिकतम तापमान 30 डिग्री के पार हो गया है जबकि न्यूनतम तापमान भी 15 डिग्री से अधिक हो चुका है। हालांकि अभी भी कई जिलों का न्यूनतम और अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे बना हुआ है। अभी भी सुबह और रात में ठंड महसूस की जा रही है। झारखंड के पड़ोसी राज्य ओड़िशा में एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना है, जिसके असर से मौसम में बदलाव की उम्मीद है।रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानी अभिषेक आनंद के अनुसार अगले तीन दिन के दौरान न्यूनतम तापमान दो से तीन डिग्री बढ़ जायेगा। इसके बाद दो दिन तक तापमान में किसी बड़े बदलाव की उम्मीद नहीं है। लेकिन 20 और 21 फरवरी को सुबह में कोहरा या धुंध छाये रहने का पूर्वानुमान मौसम केंद्र ने जारी किया है। रांची के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 2-2 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी का अनुमान है। 19 और 20 फरवरी को उच्चतम तापमान 31 डिग्री और 21 फरवरी को इसके 32 डिग्री सेंटीग्रेड हो जाने का अनुमान है। हालांकि, न्यूनतम तापमान में वृद्धि नहीं आयेगी। इस दौरान न्यूनतम तापमान 15 से 16 डिग्री के बीच स्थिर रहेगा।

# राज्यपाल ने महाशिवरात्रि को लेकर दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शनिवार को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर हरमू, रांची स्थित पंच मंदिर जाकर पूजा-अर्चना की तथा समस्त राज्यवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने उपस्थित लोगों सहित सभी प्रदेशवासियों को महाशिवरात्रि की शुभकामना दी।

# राज्यपाल ने भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली पहुंच कर किया नमन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल सीपीराधाकृष्णन शनिवार को राज भवन में शपथ ग्रहण करने के पश्चात धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू गये एवं वहां भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने वहां उनके वंशजों से भेंट भी की। इसके पूर्व राज्यपाल के खूँटी आगमन पर जिला प्रशासन द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया तथा सखी मण्डल की दीदियों द्वारा स्वागत किया गया। राज्यपाल ने उपस्थित पत्रकारों से कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जन्म 1875 ई0 में हुआ और वे 1900 ई0 में 25 वर्ष की अल्पायु में ही देश के लिए संघर्ष करते हुए शहीद हो गये।



ऐसे महान स्वतंत्रता सेनानियों के कारण ही आज हम सभी को स्वतंत्र भारत का नागरिक कहलाने का गौरव प्राप्त है और आज हमारा देश विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। उन्होंने कहा कि इस राज्य के लोग बहुत सीधे-साधे व भोले-भाले हैं और उनके हित में कार्य करने के लिए तत्पर रहूंगा।

# वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए झारखंड का बजट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 27 फरवरी से होगा। सत्र के दौरान राज्य सरकार तीन मार्च को वित्तीय वर्ष 2023-24 का बजट पेश करेगी।

वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए झारखंड का बजट प्राक्कलन तैयार हो गया है। अधिकांश विभागों ने वित्त विभाग की वेबसाइट पर बजट प्राक्कलन को ऑनलाइन अपलोड करना भी प्रारंभ कर दिया है। इस बार भी एक लाख करोड़ से अधिक का बजट प्रारूप होने का अनुमान लगाया जा रहा है। कृषि, ग्रामीण विकास, पथ निर्माण, महिला बाल विकास, खाद्य सुरक्षा पर सर्वाधिक जोर रहेगा। वित्त सचिव अजय कुमार सिंह ने सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, विभागाध्यक्षों को पत्र लिखकर स्पष्ट रूप से कहा है कि कुछ विभाग अभी भी बजट प्राक्कलन ऑनलाइन अपलोड नहीं किए हैं, ऐसे में अनिवार्य रूप से तत्काल बजट प्रारूप को अपलोड कर दें। इसके लिए अब कोई अवधि विस्तार भी नहीं दिया जायेगा।

ऐसे में योजना मद और गैर योजना, स्थापना मद का बजट प्राक्कलन की तैयारी विगत दो माह से चल रही थी। इस वित्तीय वर्ष के बजट आउटकम के आधार पर ही आगामी वित्तीय का बजट प्रारूप तैयार किया गया है।

# पांच घंटे का अखंड शिव नाम संकीर्तन अष्टयाम संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर उपवन एचईसी, धुर्वा में भगवान शिव की पूजा-अर्चना के साथ पाँच घंटे का अखंड शिव नाम संकीर्त्न अष्टयाम समपन्न हुआ।

हर भोला हर शिव के नाम की धूनी के साथ मंत्रोच्चार से माहौल सुवासित हो उठा।साहब श्री हरीन्द्रानन्द जी के शिवलीन होने के उपरांत यह पहली शिवरात्रि है जिसमे शारीरिक रूप से उनकी



अनुपस्थिति की कमी महसूस शिवशिष्यों ने की साथ ये भी कहा की संकीर्तन प्रति वर्ष की भाँति चलता रहेगा। भगवान शिव की पूजा अर्चना के साथ यह कार्यक्रम अपराह्न 5 बजे संपन्न हुआ। शिव शिष्य हरीन्द्रानन्द फाउंडेशन के प्रवक्ता कन्हैया जी ने कहा कि आये हुए आगंतुकों और श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम के उपरान्त खिचड़ी का प्रसाद सभी उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच वितरित किया गया। उववनएचईसी, धुर्वा, मेले में तबदील था। स्थानीय शिव शिष्यों द्वारा आगुंतकों के लिए विशेष प्रबन्ध किया गया था।

# आरपीसी इलेवन ने टाटा स्टील को 6 विकेट से हराया

### अमानत और स्वर्णरेखा के बीच होगा खिताबी मुकाबला आज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** शनिवार को बीएयू मैदान पर खेले गए दोस्ताना मैच में आरपीसी इलेवन ने टाटा स्टील इलेवन को 6 विकेट से हराया। प्लेयर ऑफ द मैच राजेश सिंह की फिरकी में फंस टाटा स्टील की टीम 11.2 ओवर में 74 रन बनाकर आउट हो गई। राजेश सिंह ने 14 रन देकर 4 विकेट लिए जबकि अभिषेक व मोनू ने 2-2 और जावेद ने 1 विकेट लिया। टाटा



की ओर से आनंद ने 16 और डॉक्टर आसिफ ने 12 रन बनाए। 12 रन अतिरिक्त के रूप में भी मिले।जवाबी पारी खेलते हुए आरपीसी इलेवन ने 4 विकेट पर 76 रन बनाकर मैच जीत लिया। राजेश सिंह ने 19, प्रिंस ने 18 अभिषेक ने 12 रन बनाए। टाटा स्टील की ओर से डॉक्टर आसिफ ने 2, तामीर और राजन ने 1-1 विकेट लिया। दोस्ताना मैच में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का पुरस्कार भी राजेश सिंह को मिला जबकि टाटा स्टील के आनंद सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक और डॉक्टर आसिफ को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज के पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

**खिताबी मुकाबला आज:** रविवार को मीडिया कप के खिताबी मुकाबले में स्वर्णरेखा और अमानत की टीमें आमने सामने होंगी।

# झारखण्ड में उर्दू अकैडमी के गठन की उठी मांग



**प्रभा मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अंजुमन फोरोग ए उर्दू के तत्वावधान में शनिवार को मेन रोड स्थित होटल सरताज में रांची विवि उर्दू विभाग की पूर्व अध्यक्ष डॉ कहकशां परवीन के सम्मान में डॉ कहकशां परवीन का तखलीकी शऊर के विषय पर एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया । दो सत्रों में आयोजित सेमिनार के पहले सत्र की अध्यक्षता प्रोफेसर अहमद सज्जाद ने की। जबकि संचालन डॉ मुर्शीद ने किया। सेमिनार के पहले सत्र में डॉ मोकम्मल हुसैन द्वारा लिखी गई किताब डॉ कहकशां परवीन जिक्री व फन्नी जहात का विमोचन किया गया। पुस्तक के लेखक डॉ मोकम्मल हुसैन ने अपने संबोधन में डॉ कहकशां परवीन की जीवनी पर संक्षिप्त प्रकाश डाला। सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ सरवर साजिद व्यख्याता अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी ने अपने संबोधन में कहा कि आज उर्दू के बड़े बड़े विद्वानों को लोग भूलते जाते हैं। सेमिनार की अध्यक्षता कर रहे डॉ अहमद सज्जाद ने अपने संबोधन में डॉ कहकशां परवीन की खिदमात को सराहते हुए डॉ मोकम्मल हुसैन की किताब की तारीफ की।

सेमिनार को गुलाम सरफराज पीआरओ झारखण्ड विधानसभा, डॉ मो अय्यूब एचओडी उर्दू विभाग डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि, खुर्शीद परवेल सिद्दीकी, अबरार अहमद, डॉ जेबा एवं महफूज आलम ने भी संबोधित किया। अतिथियों ने अलग राज्य गठन के 22 साल गुजर जाने के बावजूद अबतक झारखण्ड में उर्दू अकैडमी के गठन नहीं होने पर चिंता जताई। है दूसरे सत्र में शाकिर तस्सनिम एवं अख्तर आजाद विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत

**रांची :** तमाड़ थाना क्षेत्र के टाटा-रांची मुख्यमार्ग एनएच- 33 दुआरसिनी मोड़ के समीप शुक्रवार देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दो युवकों की मौत हो गयी। मृतकों की पहचान तमाड़ क्षेत्र के बुरुसिगु निवासी लंबोदर महतो और डोमड़ा टोली बाउरपीढ़ी निवासी गोपाल महतो के रुप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है।




# आईपीएस रैंक में प्रोन्नति पाने वाले 42 डीएसपी के बारे में पुलिस मुख्यालय ने मांगी जानकारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पुलिस मुख्यालय ने आईपीएस रैंक में प्रोन्नति पाने वाले 42 डीएसपी के कैरेक्टर की जानकारी मांगी है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि इस संबंध में पुलिस मुख्यालय की ओर से सभी जिले के एसपी को पत्र लिखा गया है। पत्र में लिखा गया है कि आईपीएस रैंक में प्रोन्नति पाने वाले 42 डीएसपी के खिलाफ लंबित आरोप, प्राथमिकी, कोर्ट केस से संबंधित विवरण उपलब्ध कराया जाये। पुलिस मुख्यालय की ओर से सरोजिनी लकड़ा, एमेल्डा एक्का,



सादिक अनवर रिजवी, अरविंद कुमार सिंह, विकास कुमार पांडे, विजय, आशीष कुजुर, शत्रुघ्न रजक, दीपक कुमार शर्मा, राज कुमार मेहता, शंभू कुमार सिंह, अजय कुमार सिन्हा, अनुदीप सिंह, सहदेव साव, मजरूल होदा, अमित कुमार सिंह, अजीत कुमार, राजेश कुमार, मुकेश कुमार, दीपक कुमार पांडे, अनिमेष नैथानी, अजय कुमार, आरिफ एकराम, विमल कुमार, अविनाश कुमार, मनीष टोप्पो, कैलाश करमाली, पितांबर सिंह खेरवार, रोशन गुड़िया, श्रीराम समद, निशा मुर्मू, सुजीत कुमार, वीरेंद्र कुमार चौधरी, राहुल देव बड़ाईक, क्रिस्टोफर केरकेट्टा, प्रभात रंजन बरबार, अनूप कुमार बड़ाईक, समीर कुमार तिर्की, हरिलाल रवि, वचनदेव कुजुर, रजत मनी बाखला, पूज्य प्रकाश और दीपक कुमार आदि का विवरण मांगा गया है।

# महाशिवरात्रि पर मंदिरों में लगी रही श्रद्धालुओं की भीड़

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** महाशिवरात्रि को लेकर रांची शहर में सुबह चार बजे बजे से ही शिव मंदिर में पूजा अर्चना को लेकर लंबी कतार देखी गई। रांची शहर के सबसे प्रतिष्ठित पहाड़ी मंदिर में सुबह 4ः00 बजे से ही श्रद्धालु जल चढ़ाने के लिए लंबी कतार में लगे हुए थे। जैसे जैसे समय गुजर रहा था भीड़ बढ़ती ही जा रही थी। ना सिर्फ पहाड़ी मंदिर, बल्कि इसके आसपास की मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ थी, रांची शहर के विभिन्न क्षेत्रों में शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। चुटिया स्थित सबसे बड़े शिवलिंग के पास भी श्रद्धालु सुबह से लंबी कतार लगाकर दूध, जल चढ़ाने के लिए खड़े हुए थे। वहीं डांगराटोली, डोरंडा, सिंहमोड़, हटिया, कांके रोड , नामकुम,पिस्का मोड़ सहित रांची के आस पास के सभी शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। पूजा अर्चना के लिए पुरुष , महिलाएं और बच्चे भी नए कपड़े पहन कर पूजा अर्चना के लिए निकल पड़े थे।

**सुरक्षा के पुख्ता इंतजामः** रांची जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के



पुख्ता इंतजाम किए गए थे । सभी शिव मंदिर के पास पुलिस बल तैनात किए गए थे। वहीं मेन रोड में भी भारी संख्या में पुलिस बल तैनात की गई थी। फ्लैग मार्च कर सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस अपनी जिम्मेदारी पूरी तरह से निभाती नजर आई । वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने बताया कि शिवरात्रि महापर्व है और ऐसे अवसर पर सभी मंदिरों में पूजा अर्चना करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं , किसी को किसी तरह की परेशानी ना हो इसके लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से उनकी सुरक्षा में तैनात है । साथ ही चौक चौराहों में भी किसी तरह का कोई बदमाशी ना हो इस पर भी पुलिस की पैनी नजर है। ड्रोन से भी निगरानी की जा रही है ।

# मोटरसाइकिल सहित चोर गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सुखदेव नगर थाना प्रभारी राजेश सिन्हा ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक रांची किशोर कौशल को गुप्त सूचना मिली की दो व्यक्ति एक चोरी की मोटरसाईकिल बेचने के लिए ग्लैक्सिया मॉल के पास घुम रहा है। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई छापामारी दल का गठन किया गया। दो व्यक्ति को ( विष्णु साव मधुकम, थाना- सुखदेवनगर , शंभु मुण्डा बरियातु, विधि विरुद्ध किशोर ) एक चोरी के बुलेट मोटरसाईकिल के साथ पकड़ा गया। गिरफ्तार अभियुक्त के निशानदेही पर पांच मोटरसाइकिल की बरामदगी की गई है, जो रांची के विभिन्न थानो की चोरी हुई है। गिरफ्तार अभियुक्त के निशानदेही पर एक अन्य अभियुक्त कि गिरफ्तारी तथा एक मोटरसाईकिल भी बरामद की गयी । अन्य चोरी गई



मोटरसाईकिल कि बरामदगी का प्रयास जारी है। छापामारी टीम के सदस्यों में पुनि सह थाना प्रभारी राजेश कुमार सिन्हा, अनिल कुमार ओझा, पुअनि धनंजय कुमार गोप एवं सशस्त्र बल शामिल थे।

## धूमधाम से मनाया गया महाशिवरात्रि का महापर्व



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी-रांची मुख्य मार्ग में केदल भगत मोड़ स्थित शिव महेश्वर आश्रम सेवाधाम के सहेदा मंदिर में महाशिवरात्रि का महापर्व धूमधाम से मनाया गया. महाशिवरात्रि पर्व को लेकर सुबह में मंदिर के पुजारी महेश भगत,गणेश भगत,कार्तिक भगत व भुनेश्वर पाहन ने भगवान शिव स्तुति के साथ पूजा-अर्चना व हवन किया. महाशिवरात्रि के मौके पर आसपास के सैकड़ों श्रद्धालु ग्रामीण शिव-महेश्वर धाम स्थित शिवालय में बोलबम व हर-हर महादेव की जयकारा के साथ जलाभिषेक किये. इस अवसर पर भव्य मेला भी लगाया गया. मेले में खिलौने सहित पारम्परिक मिठाइयां ग्रामीणों ने जमकर खरीददारी किये. शिवरात्रि मेला के सफल संचालन में मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी राणा जंग बहादुर सिंह ने पुलिस दल बल के साथ मेला में चाकचौबंद बनाये हुए थे. इस दौरान मंच का संचालन तुलसी भगत,मायापुर उपमुखिया कार्तिक यादव,मुकेश यादव,प्रकाश यादव,रविन्द्र यादव,अनिल यादव,सुनील यादव,कार्तिक भगत, जंगलू साव, बाबूलाल गंझू, अंशु गंझू, विष्णु उरांव, विजय उरांव, सुरेंद्र यादव, दिनेश मुंडा, राजेश यादव, बबलू गंझू, रवींद्र गंझू, शिवनाथ गंझू, विजय उरांव, कर्मा उरांव, पंचु उरांव का सराहनीय योगदान रहा है।

## बीसीकेयू ने 20 फरवरी का बंद वापस लिया



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिहार कोलियरी कामगार युनियन (सीटू) व पिपरवा प्रबंधन के साथ असंगठित मजदूरों का बोनस व सिएमपीएफ को लेकर,जी. एम. ऑफिस के सभागार मे वार्ता किया गया. वार्ता में प्रबंधन के तरफ से आश्वासन दिया गया कि सिएमपीएफ का सहज फार्म अति शीघ्र भरा जायेगा और होली से पहले बोनस का भुगतान करा देने का अस्वाशन दिया गया. युनियन के तरफ फैशला लिया गया कि होली से पहले असंगठित मजदूरों का बोनस का भुगतान नही किया गया तो होली के बाद अनिश्चित काल के लिए पिपरवा एरिया का काम बंद किया जायेगा. बैठक मे प्रबंधन के तरफ से मुख्य महाप्रबंधक पिपरवार एस. ओ पी, कर्मीक प्रबंधक, चीफ एरिया सिक्युरिटि ऑफिसर,युनियन के तरफ से जंगबहादुर राम केंद्रीय सचिव एमटिकेयू व जोनल सचिव बीसीकेयू (सीटू) मिथलेश पासवान,जोनल अध्यक्ष एमटिकेयू दिनेश भर, संतोष प्रजापति,मुनेस्वर महतो, अरुण सिंह, कृष्णा शर्मा, राम प्रीत साहनी, समसुल अंसारी, अरुण महतो, धीरजु उरावन, मुख्तार अंसारी, सदाम अंसारी, पृहलाद सहित अन्य आदि उपस्थित थे.

## महाशिवरात्रि को लेकर शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़



**सिल्ली/मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सहित आसपास के विभिन्न इलाकों में शनिवार को पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ भक्तो ने महाशिवरात्रि का ये महापर्व मनाया।इस दौरान क्षेत्र के शिवालयों में शिवभक्तों ने जलअर्पण कर बाबा भोले की पूजा अर्चना की।महाशिवरात्रि को लेकर मुरी आरपीएफ बैरक, प्रांगण, जीआरपी बैरक मंदिर,रेलवे क्वार्टर स्थित शिवमंदिर,टुंगरी पहाड़ स्थित शिवमंदिर,देलबेड़ा स्थित शिवमंदिर, हिंडाल्को शिव मंदिर,भेलवा टुंगरी शिव मंदिर, पंप हाउस शिव मंदिरो को आकर्षक रूप में दुल्हन की तरह सजाया गया था।जहा बाबा के भक्त भगवान भोले की भक्ती में लीन नजर आए।महापर्व को लेकर तमाम शिवालयों में सुबह सुबह ही बाबा के जलाभिषेक के लिए शिव भक्तों के आने का सिलसिला जारी रहा जो काफी देर तक चलता रहा।मंदिर प्रांगण में भक्तो द्वारा बम-बम भोले,हर-हर महादेव के जयघोष से दशो दिशायें गुंज उठी।शनिवार देर शाम से ही जीआरपी बैरक शिवमंदिर से गाजे बाजे के साथ एवं तरह तरह की झाडियों के साथ शोभायात्रा के रुप मे बाबा भोले की बारात निकाली गई! जिसमें सैकड़ों की संख्या में बाबा के भक्त शामिल हुए। भोले बाबा का शोभायात्रा बरात रेलवे मार्केट होते हुए रेलवे कॉलोनी शिव मंदिर पहुंचे जहां भोले बाबा की आरती की गई, एवं बारातियों का स्वागत किया गया! नाचते गाते बाबा का बरात वापस जीआरपी शिव मंदिर पहुंचे! वहीं रात मंदिर मे विधिवत पुजा अर्चना होने के बाद भक्तों के बीच महाभोग के रुप मे प्रसाद का वितरण किया गया!

## थाना में आवेदन देकर लगायी न्याय की गुहार

**चंदवारा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चंदवारा थाना क्षेत्र के पिपराही निवासी महेंद्र यादव ने कोडरमा पुलिस अधीक्षक व चंदवारा थाना को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। दिए गए आवेदन में कहा है कि मेरे ही गांव के विनोद यादव पिता रामसहाय यादव,अरुण यादव पिता स्व0 बालेश्वर यादव,धनोज यादव पिता स्व0 बालेश्वर यादव, सिकन्दर यादव पिता स्व0 विशुन यादव ,राजु यादव पिता स्व0 काली यादव विकास यादव पिता स्व0 काली यादव रवि यादव पिता स्व0 बशी यादव, महेश यादव पिता स्व0 बशी यादव लखन यादव पिता स्व0 बशी यादव, द्रोपदी देवी पति स्व0 बालेश्वर यादव,बबीता देवी पिता सिकेन्द्र यादव सभी ग्राम पिपराही थाना-चंदवारा, जिला- कोडरमा के निवासी हैं। उक्त सभी लोग मुझे और मेरे परिवार को मेरे ही घर में प्रवेश करने नही देते है,जब हमलोग जाते हैं तो उक्त सभी लोग अपने घर के सभी औरत और बच्चों को आगे करके हरवे-हथियार से हमला कर देते हैं। इनलोगों ने मुझे केस नम्बर 67/21 में झुठा फँसाकर जेल भेजकर मेरी पत्नी सारो देवी को लापता कर दिया है जो आज 22 माह बीत जाने के बाद भी वो नहीं मिल पायी है। वे लोग मेरे घर में मुझे इसलिए रहने और बसने नही देना चाहते है कि ताकि हम सभी यहाँ से दूर रहे ओर मेरी पत्नी को गायब करने का कोई सबूत घर से ना मिले। पूर्व में भी इसकी सूचना कई बार आवेदन के जरिये दे चुका है। हम सभी परिवार अब बिल्कूल लाचार और बेबस हो गये हैं।

# शिवालयों में भक्तों की उमड़ी भीड़, निकाली गई शिव बारात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मंदिर व मुड़हर पहाड़, हरीहर पुर जामटोली पहाड़ सहित शिवालयो में महाशिवरात्री के अवसर पर शनिवार को अहले सुबह से ही श्रद्धालुओ की भीड़ उमड़ पड़ी। जहां लोग पंक्तिबद्ध होकर उपवास रखते हुए शिव मंदिर में पहुंच कर शिव लिंग में भांग व धतूरे के साथ विशेष पूजा अर्चना कर बाबा का जलाभिषेक कर मन्नत मांगी। वही



महादानी संत्सग समिति द्वारा 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन का आयोजन किया। वहीं संध्या में ढ़ोल नगाड़े व गाजे-बाजे के साथ भाजपा के कार्यालय के समीप से शिव पार्वती का बारात निकाली गई। जहां इनके बारात में नंदी, दैत्य, असुर व भुत पिचास आदि का रूप धरे बराती शिव भक्ती में लिन नाचते झुमते चल रहे थे। बारात गुमला रोड होते हुए महावीर चौक, जिला परिषद, जामटोली रोड, बिजली कार्यालय ,बाजार टांड़ व मंडप से बिजली ऑफिस रोड होते हुए महादानी मंदिर देर रात पहुंची। मौके पर महिलाओ ने शिव पार्वती का आरती उतार कर स्वागत किया। महादानी मंदिर में शिव पार्वती की व्याह रचायी बारातियों और श्रद्धालुओ ने भोग ग्रहण किया।

## अन्नपूर्णा देवी ने दिउड़ी मंदिर में पूजा अर्चना की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तमाड़ :** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ के सुप्रसिद्ध प्राचीन कालीन दिउड़ी मंदिर में जमशेदपुर जाने के क्रम में केन्द्रीय राज्य शिक्षा मंत्री अन्नपूर्णा देवी माथा टेका और पूजा अर्चना की। उन्होंने माता के दरबार में मथ्था टेक क्षेत्र की खुशहाली की कामना की । इस दौरान उनके स्वागत में भाजपा कार्यकर्ताओं का हुजूम उमडा।इस अवसर पर मुख्य रूप से तमाड़ सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुण्डा सहित भाजयुमो मंडल अध्यक्ष महावीर सोनी, महामंत्री विवेक गुप्ता, सुरेन्द्र साहु आदि शामिल थे।

## वरिष्ठ आजसु नेता के निधन पर सिल्ली में शोक की लहर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मुरी :** आजसू पार्टी के वरिष्ठ सदस्य किशोर साहू का आकस्मिक निधन पर मुरी सिल्ली आजसू पार्टी परिवार की ओर से गंभीर शोक संवेदना प्रकट करते हुए उनकी मृत्यु को पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति बताया ! उनकी निधन की खबर पाते ही कई कार्यकर्ताओं एवं नेता उनके घर सिल्ली टुटकी पहुंचे जहां परिजनों को सांत्वना बधांई, शोक व्यक्त करने वालों में मुरी सिल्ली के जयपाल सिंह, सुनील सिंह, बृजेश प्रसाद, अशोक सिंह, पुरुषोत्तम पांडेय, अजय महतो, शिशुपाल महतो, सुशील कुमार महतो, पूर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहू, जिला उपाध्यक्ष बिना चौधरी प्रमुख



जितेंद्र बड़ाईक, उपप्रमुख आरती देवी सहित सभी पंचायतों के जनप्रतिनिधि आदि शामिल हैं !, ज्ञात हो कि अचानक किशोर साहू की तबीयत खराब होने के उपरांत उसे मेडिका रांची में भर्ती कराया गया था जहां इलाज उपरांत उनकी मौत हो गई ।

## सीएमयू ने 20 फरवरी के धरना प्रदर्शन को स्थगित करने का निर्णय लिया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** रोहिणी परियोजना सभागार में कोल फील्ड मजदूर यूनियन की बैठक रोहिणी परियोजना पदाधिकारी की अध्यक्षता में हुआ. बैठक में यूनियन के तरफ से 20 फरवरी को दिए जाने वाला एक दिवसीय धरना प्रदर्शन को नही करने की अपील किया गया. रोहणी पीओ ने यूनियन से अस्वाशन देते हुए कहा कि मार्च तक सभी मांगो को पूर्ण कर दिया जायेगा. प्रबंधन की अस्वाशन के बाद यूनियन 29 फरवरी का धरना प्रदर्शन स्थगित करने का निर्णय लिया गया.वही यूनियन ने प्रबंधन को चेताते हुए कहा कि मार्च तक



मांग नही पूर्ण नहीं हुआ तो अप्रैल में कभी भी धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होगी.

जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी रोहिणी परियोजना पधाधिकारी की होगी. बैठक में रोहिणी पीओ डीके सिंह अमला अधिकारी दीपक गिरि,एफएम गोयल,सिविल इंजीनियर आभाष त्रिपाठी, साथ में यूनियन के तरफ से एरिया अध्यक्ष मिथलेश कुमार सिंह, अनूप रजक,रामा उरांव, ध्वजा राम धोबी, प्रधान मुंडा,नंदू मेहता,सुधीर सिंह, चुनूं उरांव,सोमनाथ मालिक, प्रदीप करमाली,राकेश उरांव, सुबोध उरांव,रूपलाल गंझू, प्राण मोदी,राजू घासी, दिनेश्वर सिंह, गफ्फार अंसारी, राजनाथ सिंह, मनोज राम,संजय राम,राजेन्द्र साव,काली राम, रविंद्र गंझू सहित अन्य मौजूद थे।

## चोरी हुई कार बरामद, दो गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** रेलवे स्टेशन के समीप स्थित होटल सागर के समीप से विगत 13 फरवरी को चोरी हुई बोलेनो कार को बरामद करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी में गांधी स्कूल रोड निवासी सुजीत कुमार (20) व अभिषेक पांडेय (25) के नाम शामिल है। पुलिस ने इनके पास से चोरी गई सिल्वर कलर की बोलेनो कार सहित दो मोबाइल को जब्त किया है। इस संबंध में तिलैया थाने में आयोजित प्रेसवार्ता में थाना प्रभारी विनोद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि रांची कांटा टोली निवासी मंजूर आलम अपने किसी काम से झुमरी तिलैया आए हुए थे। वे सागर होटल में ठहरे हुए थे। इस दौरान 13 फरवरी को उनकी कार क चाबी गुम हो गई थी। स्टेशन के समीप स्थित ब्रेकअप टी स्टॉल के समीप कार की चाबी सुजीत को मिली थी। जिसके बाद उसने इसकी जानकारी अपने दोस्त अभिषेक पांडेय को देते हुए कार को चोरी करने की योजना बनाई और देर रात होटल सागर के बाहर से कार को चुरा कर ले भागे। कार को लेकर भागने के दौरान आरोपियों ने पहले महाराणा प्रताप चौक गए उसके बाद केटीपीएस के रास्ते भोंडो जंगल में छिपा दिया था।तकनीकी शाखा के सहयोग से मामले में दोनों आरोपियों के संलिप्ता पाए जाने के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए कार को बरामद कर लिया। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ पूर्व से कोई मामला दर्ज नहीं होने की जानकारी मिली है। प्रेसवार्ता के दौरान पुलिस अवर निरीक्षक मुकेश कुमार, सअनि रंजीत झा सहित अन्य मौजूद थे।

## बाइक सवार युवक अनियंत्रित होकर दुर्घटना ग्रस्त हुआ, घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के दुल्ली ग्राम के पास एक बाइक सवार युवक अनियंत्रित होकर दुर्घटना ग्रस्त हो गया. जानकारी के अनुसार मैक्लुस्कीगंज चामा मुख्य पथ के दुल्ली ग्राम के पास एक बाइक सवार युवक अनियंत्रित होकर दुर्घटना ग्रस्त हो गया. बाइक जेएच 01 ई के 6958 दुर्घटना ग्रस्त होने से युवक के माथा में गंभीर चोट लगी थी. युवक धमधमियाँ रोहणी सीसीएल ऑफिस के पास रहने वाला विश्वनाथ गंझू स्व झाबर गंझू के रूप में बताया जाता है. घयाल युवक रोहणी से मैक्लुस्कीगंज चामा मुख्य पथ से चामा की ओर जा रहा था.दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद मैक्लुस्कीगंज



पुलिस दल बल के साथ पहुँचकर घयाल व्यक्ति को एम्बुलेंस के माध्यम से हॉस्पिटल पहुँचाया गया.

## नेशनल मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जैप के जवान ने मेडल जीता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** कोलकाता में 43 वां नेशनल मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप अनगड़ा प्रखंड के मासु गांव के एक पुलिस जवान पारसनाथ महतो ने विभिन्न प्रतिस्पर्धा दौड़ प्रतियोगिता 10000 मीटर, 5000 मीटर में गोल्ड मेडल और 1500 मीटर में कांस्य पदक जीतकर झारखंड वासियों को सौगात दिया है । वर्तमान में पारसनाथ महतो जैप 2 के जवान हैं। इस उपलब्धि के लिए अनगड़ा आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष जगरनाथ महतो ने कहा कि पारसनाथ महतो छात्र जीवन से ही पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद में विशेष रूचि रखते थे उन्होंने कई दौड़ प्रतियोगिताओं में अवार्ड जीत चुके हैं यहां तक की शहीद राजकुमार महतो क्रॉस कंट्री दौड़ में लगातार कई बार विजेता भी हुए हैं इनका जीवन काफी संघर्षमय रहा है। बचपन में ही शादी हुआ , शादी के




पश्चात परिवार का भरण पोषण के लिए देहाड़ी मजदूरी भी करना पड़ा, परंतु खेलकूद को जारी रखा। प्रातः चार बजे उठना और उठ कर पांच से दस किलोमीटर की दौड़ लगाना उनका दिनचर्या बन गया था इसी बीच उनके तीन बच्चे भी हुए अब उनकी पत्नी के साथ साथ तीन बच्चों का भी जिम्मा उसके कंधे पर आ गया, फिर भी पारस नाथ महतो विचलित नहीं हुआ और प्रतियोगिताओं में तैयारी के साथ साथ सरकारी नौकरी के लिए प्रयास करते रहे। इसी बीच सन् 2015 में जैप 2 टाटीसिल्वे में सिलेक्शन हुआ। शुभकामना संदेश देने वालों में सिरका मुखिया रोशन लाल मुंडा राजेंद्र शाही मुंडा, जलना चौधरी, पंकज महतो, प्रेम साहू सामाजिक कार्यकर्ता कारीनाथ महतो, जयप्रभा महतो ,मनोज महतो, ज्योतिष महतो, किशुन महतो, पारसनाथ उरांव, गणेश्वर महतो, मुलू महतो, इंद्रदेव महतो, धनेश्वर महतो, बृजलाल महतो, रामबृक्ष महतो, राजेंद्र महतो, मोहन महतो, शिवलाल महतो, रामेश्वर महतो के साथ साथ क्षेत्र के कई सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्तागण शुभकामना और बधाई संदेश दिए हैं इससे क्षेत्र में खुशी का माहौल देखने को मिला। 19 फ़रवरी को रांची रेलवे स्टेशन में अनगड़ा सामाजिक कार्यकर्ताओं के द्वारा पारसनाथ महतो का भव्य स्वागत किया जाएगा।

## महाशिवरात्रि को लेकर श्रद्धालु आस्था व उत्साह से रहे सराबोर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** कोडरमा जिले में शहर से लेकर गांव तक में महाशिवरात्रि को लेकर श्रद्धालु आस्था व उत्साह से सराबोर रहे। चहुंओर शिव भक्ति की बयार बही। हर हर महादेव की गूंज से पूरा इलाका गुंजायमान रहा। सभी शिवालयों में पूजा-अर्चना को लोग आतुर रहे। कई मंदिरों में शिव चर्चा व भजन कीर्तन आदि का कार्यक्रम भी किया गया। वहीं संध्या समय जगह-जगह शिव बारात निकाली गई। इसमें भक्तों ने गाजे-बाजे साथ उमंग से शामिल होकर झूमे। बरात में झांकियां शामिल थीं। झुमरीतिलैया थाना से शहर में देर संध्या, डोमचांच नीचे टोला, नावाडीह समेत विभिन्न प्रखंड मेँ शिव मंदिर से शिव की बारात निकाली गई। भगवान शिव दूल्हा और उनके बारात में शामिल हनुमानजी, देवी-देवता, ऋषि मुनि के साथ साथ बानर-भालू, भूत-पिशाच आदि की वेशभूषा में बाराती बनकर भक्त नाचते-गाते साथ चल रहे थे। उत्सव की इस बेला में बच्चे-बजुर्ग, महिलाएं और पुरुष, हर कोई उत्साह से लबरेज रहे। बारात में शामिल युवा व बच्चे भक्ति गीतों पर झूमते दिखे। लोग एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर शिव-पार्वती विवाह उत्सव में शामिल हुए। शिव बारात दौरान मेँ कई स्थानीय लोग झांकियों में पहुंचे और कलाकरों को उत्साह वर्धन किए।वहीं शिव बारात में शिवजी दूल्हा बने गले में नागराज, हाथ में त्रिशूल, माथे पर चांद, शरीर पर भस्मज अद्भुत छटा बिखेर रहे थे।

## 123 वर्ष पूर्व भगवान बिरसा मुंडा ने बलिदान दी आज हम आजादी का जश्न मना रहे हैं : राज्यपाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अड़की :** खुंटी जिला अंतर्गत अड़की प्रखंड क्षेत्र के घने जंगलों के बीच शनिवार को महान स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू झारखंड नवनियुक्त माननीय राज्यपाल महोदय सी.पी.राधाकृष्णन जी अपनी धर्मपत्नी और परिवारजनों के साथ दोपहर एक बजकर चालीस मिनट पर हेलिकॉप्टर द्वारा पहुंचे।इस दौरान माननीय राज्यपाल महोदय को जिला प्रशासन के द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर



दिया गया। इसके बाद माननीय राज्यपाल महोदय के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा जी की जन्म स्थली बिरसा ओड़ा उलिहातु पहुंचे और धरती आबा को श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इससे पूर्व माननीय राज्यपाल महोदय,उनकी धर्मपत्नी,सूचना एवं प्राशसन राज्यमंत्री डॉ. एल. मुरुगुन एवं अन्य अतिथियों का आदिवासी महिलाओं सखी मंडल की दीदीयों के द्वारा मधुर नृत्य, गीत,संगीत और पारंपरिक रिति- रिवाज के साथ भव्य स्वागत किया गया। भगवान बिरसा मुंडा के आदमकद प्रतिमा की पूजा अर्चना के बाद भगवान बिरसा के वंशज सुखराम मुंडा से उन्होंने मुलाकात की और भेंट प्रदान की।कुछ देर बातचीत के बाद माननीय राज्यपाल महोदय सी.पी.राधाकृष्णन जी के द्वारा उलिहातु में बिरसा कॉम्प्लेक्स में अवस्थित भगवान बिरसा मुण्डा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। स्थानीय पत्रकारों को संबोधित करते हुए माननीय राज्यपाल महोदय ने कहा कि जो आजादी हमें मिली है उसके लिए 123 वर्ष पूर्व बिरसा मुंडा ने 25 वर्ष में अपनी प्राणों की बलिदानी दी थी 1875 में उनका जन्म हुआ और 1900 में उनकी मृत्यु। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के बाद मिली आजादी का आज लोग जश्न मना रहे हैं।उन्होंने उलिहातु की जनता को जोहार कहा साथ ही उपायुक्त शशि रंजन कहा कि इनसे कहिए हम दुबारा मिलने आएंगे।ज्ञात हो कि माननीय राज्यपाल महोदय के उलीहातु आगमन को लेकर खुंटी जिला उपायुक्त शशि रंजन के दिशा निर्देश और खुंटी जिला पुलिस अधीक्षक अमन कुमार की देखरेख में जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था पुलिस प्रशासन द्वारा की गई।

## शिव बारात में विधायक, एसडीपीओ सहित कई गणमान्य लोग हुऐ शामिल

**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के शिवालयों में महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। वहीं ईचागढ़ थाना परिसर में महा शिवरात्रि के उपलक्ष्य पर शिव बारात में विधायक सविता महतो, एसडीपीओ संजय कुमार सिंह, मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन के मामा चारू चांद किस्कू, सुकराम हेम्ब्रम ,तरूण डे, भाजपा नेता विनोद राय सहित कई गन्यमान्य लोग सामिल हुए। शिव बारात में गाजे बाजे के साथ भुत प्रेतों का दल थाना परिसर के शिवालय से निकल कर पुरे टीकर का भ्रमण कर शिव मंदिर आपस लौटा। वहीं बारात पार्टी का नेतृत्व थाना प्रभारी गौरव कुमार मिश्रा ने किया।



## आदिवासी सेंगेल अभियान ने विश्व जैन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष का जलाया पुतला

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आदिवासी सेंगेल अभियान पटमदा प्रखंड अध्यक्ष उदय मुर्मू के नेतृत्व में शनिवार को विश्व जैन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय जैन का बेलटांड़ चौक में पुतला दहन किया गया। अध्यक्ष उदय मुर्मू ने बताया कि सेंगेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सालखन मुर्मू ने आदिवासियों के मांग पर पारसनाथ पहाड़ को अविलंब आदिवासियों को सुपुर्द करवाने की मांग पत्र 14 जनवरी 23 को महामहिम राष्ट्पति के प्रेषित किया है। जिससे नाराज होकर विश्व जैन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय जैन ने गिरिडीह में समाचार पत्रों के माध्यम से सेंगेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद सालखन मुर्मू को गिरफ्तार करने के लिए को देश के विभिन्न थानों में एफ आई आर दर्ज करने का फतवा जारी किया है। साथ ही सालखन मुर्मू का पुतला दहन संगठन ने प्रारंभ कर दिया है। सेंगेल अभियान के द्वारा जैन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से अध्यक्ष उदय मुर्मू, आदि उपस्थित थे।



## मानगो ननि के साफ-सफाई कर्मियों को दो माह से वेतन नहीं, थाना में दी लिखित शिकायत

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मानगो नगर निगम में साफ-सफाई करने वाले सफाई कर्मचारियों को दो माह से वेतन नहीं मिला है. ये सभी कर्मी मानगो नगर निगम में ठेकेदार के अंतर्गत काम काम करते है. वेतन नहीं मिलने से परेशान सफाई कर्मी शनिवार को शिकायत करने मानगो थाना पहुंचे जहां उन्होंने अपने ठेकेदार के खिलाफ लिखित शिकायत की. जानकारी देते हुए कर्मियों ने बताया कि वे लोग कई सालों से सफाई का काम करते आ रहे है. दो माह से उन्हें वेतन नहीं मिला है जिस कारण उनके समक्ष आर्थिक संकट आ गई है. मजदूरों ने कहा कि ठेकेदार शुशांत और मिश्रा से बात करने पर उनके द्वारा कहा जाता है कि ऊपर से वेतन नहीं आ रहा है और काम से निकालने की धमकी भी दी जाती है. जब भी वेतन मांगा जाता है तो काम से निकालने की बात कही जाती है. नगर निगम कार्यालय में शिकायत करने पर कहा जाता है कि अपने ठेकेदार से बात करो.

# फुट ओवरब्रिज व बागबेड़ा वायरलेस मैदान के सौंदर्यीकरण की मिली स्वीकृति

**- डीआरएम ने सांसद विद्युत महतो के साथ स्थल निरीक्षण के बाद स्वीकृति दी, रेल मंत्रालय को जल्द भेजा जायेगा प्रस्ताव**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जुगसलाई रेलवे क्रॉसिंग पर फुट ओवरब्रिज और बागबेड़ा वायरलेस मैदान का सौंदर्यीकरण को लेकर आज जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो और चक्रधरपुर मंडल रेल प्रबंधक अरुण जे राठौर ने स्थल निरीक्षण किया। गौरतलब हो कि जुगसलाई रेलवे क्रॉसिंग के पास रेल ओवरब्रिज़ चालू हो जाने के बाद रेल प्रशासन ने जुगसलाई रेल फाटक को पूरी तरह बंद कर दिया। इससे लोगों, विशेष रूप से पैदल एवं साइकिल सवारों की परेशानी बढ़ गयी है। इसके मद्देनजर जुगसलाई में आरओबी के अतिरिक्त एक फुट ओवरब्रिज बनाने की मांग हो रही थी। वहीं बागबेड़ा रेल कॉलोनी स्थित रेलवे के वायरलेस मैदान के सौंदर्यीकरण की मांग भी काफी समय से चल रही थी। इन मांगों के मद्देनजर डीआरएम अरुण जे राठौर ने आज सांसद विद्युत वरण महतो के साथ दोनों स्थलों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। जुगसलाई फाटक पर उन्होंने लोगों से बात करते हुए जुगसलाई में फुट ओवरब्रिज के साथ ही वायरलेस मैदान के सौंदर्यीकरण की भी मौखिक स्वीकृति प्रदान कर दी। उन्होंने दोनों ही मांगों को जरूरी बताते हुए कहा कि इनके लिए शीघ्र ही प्रस्ताव तैयार कर रेल मंत्रालय को भेजे जायेंगे एवं वहां से स्वीकृति मिलते ही दोनों का काम शुरू करा दिया जायेगा। वहीं सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि जुगसलाई आरओबी चालू हो जाने के बाद पैदल एवं साइकिल सवारों की परेशानी बढ़ गयी है। इसके मद्देनजर यहां फुट ओवरब्रिज बनाना जरूरी है। इसी तरह बागबेड़ा स्थित रेलवे वायरलेस मैदान के सौंदर्यीकरण की मांग भी काफी समय से हो रही है। उन्होंने इसको लेकर रेल मंत्री एवं रेल बोर्ड के चेयरमैन से बात की थी। उनकी पहल पर ही डीआरएम और वे खुद आज स्थल निरीक्षण करने पहुंचे हैं। डीआरएम ने दोनों योजनाओं को स्वीकृति दे दी है और जल्द ही इनका प्रस्ताव तैयार कर रेल मंत्रालय को भेजा जायेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भी इसमें मदद करे तो काम और जल्द हो जायेगा।



## कांड्रा थाना परिसर से रथ पर सवार होकर निकली बाबा भोले की बारात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कांड्रा :** कांड्रा समेत आसपास के क्षेत्रों में महाशिवरात्रि के मौके पर दिन भर जहां शिवालयों में भक्तों का जमावड़ा लगा रहा, वहीं शाम में कांड्रा थाना परिसर स्थित शिव मंदिर से रथ पर सवार होकर भोले बाबा की गाजे बाजे के साथ धूमधाम से बारात निकली. बारात में छऊ नृत्य के कलाकारों के साथ भूत प्रेत के वेश में शिव भक्तों ने लोगों का जमकर मनोरंजन किया और आस्था के समंदर में डुबकी लगाई. इस मौके पर बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे भी बाराती बनकर निकले. बताते चलें कि कांड्रा थाना परिसर स्थित शिव मंदिर में वर्षों से भगवान शंकर और माता पार्वती का पारंपरिक विधियों से विवाह कराने की परंपरा चली आ रही है. बारात में थाना प्रभारी राजेन्द्र प्रसाद, पूर्व जिला परिषद सदस्य सुधीर महतो, समाजसेवी राम महतो, पूर्व मुखिया होनी सिंह मुंडा, सुबोध सिंह, तंजील खान, प्रकाश रजक, आदि बारात में शामिल हुए.

## हावड़ा-मुंबई मेन लाइन पर बेपटरी हुई मालगाड़ी दूसरे मालगाड़ी से टकराई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** दक्षिण पूर्व रेलवे के टाटानगर- हावड़ा मेन लाइन सेक्शन पर शनिवार सुबह करीब साढ़े सात बजे बड़ा रेल हादसा होते होते बचा। जानकारी के अनुसार सालगाझुडी रेलवे स्टेशन के वेस्ट केबिन के समीप टाटानगर की ओर से आ रहा एक मालगाड़ी बेपटरी होकर जमीन पर दौड़ी। जिससे पटरी क्षतिग्रस्त हुई है साथ ही हावड़ा की ओर से आ रहे मालगाड़ी में जाकर टकरा गई। वैसे बड़ा हादसा होने से टल गया। इससे रेलवे को भारी नुकसान पहुंचा है। ट्रेन की स्थिति देखकर इसे रेलवे की लापरवाही समझा जा सकता है। वहीं रेल प्रशासन मामले की जांच में जुट गई है। घटना के बाद रेल अधिकारियों के आदेश पर सालगाझड़ी पश्चिम केबिन के पास युद्ध स्तर पर रेल कर्मचारियों को लगाकर बेपटरी हुई बोगी को पटरी पर लाने का काम किया गया। मौके पर टाटानगर के कई वरीय रेल अधिकारी भी पहुंचे।

## ज़्यादा पैकेज किसी संस्थान व व्यक्ति के अच्छे होने का मानक नहीं : राहुल

**- एक्सएलआरआइ में इंटरनेशनल सीईओ कांक्लेव अवेंसिस का उद्धाटन**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** किसी भी उच्च शिक्षण संस्थान का मूल्यांकन वहां के छात्रों को मिलने वाले पैकेज से नहीं, बल्कि उसके सामाजिक सरोकार के आधार पर किया जाना चाहिए. यह देखें कि वहां छात्रों को किस तरह की मूल्य आधारित शिक्षा मिलती है, ताकि वे समाज और देश के विकास में अधिक से अधिक भूमिका निभा सकें. यह बात राज्य के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा सचिव राहुल पुरवार ने कही. वह शुक्रवार को एक्सएलआरआई में पीजीडीएम (जीएम) बैच 2022-23 के कम्युनिकेशन क्लब की ओर से आयोजित इंटरनेशनल सीईओ कांक्लेव अवेंसिस के उद्घाटन सत्र को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे. कांक्लेव का विषय था बदलता व्यवसाय जनता, उद्देश्य, संभावनाएं. इससे पूर्व अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की. इस अवसर पर संस्थान के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे. पश्चिमी सिंहभूम के उपायुक्त अनन्य मित्तल, जमशेदपुर एसएसपी प्रभात कुमार एवं धालभूम एसडीओ पीयूष सिन्हा ने भी अपने विचार रखे.




**हर पोस्टिंग एक चुनौतिपूर्ण अनुभव देती है : डीसी, सरायकेला खरसावाँ**

सरायकेला खरसावाँ के डीसी अरवा राजकमल ने एक अधिकारी के रूप में अपनी यात्रा पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि कि अंतर्ज्ञान विकास सीखने का सबसे अच्छा हिस्सा है, जो मानव और दृढ़ व्यवहार को मापने में सहायता करता है.

**पुलिस व जनता बीच की खाई पाटने की आवश्यकता : एसएसपी**

पूर्वी सिंहभूम के एसएसपी प्रभात कुमार ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि कैसे प्रक्रिया में एकरूपता लाकर और टीम को बदलती प्रौद्योगिकियों के अनुरूप बनाकर इन चुनौतियों से पार पाया जा सकता है. उन्होंने जनता और पुलिस बल के बीच की खाई को पाटने के महत्व के बारे में भी चर्चा की.

## उपायुक्त के इनपुट पर अवैध खनिज कारोबारियों के विरुद्ध कार्रवाई

### 2000 सीएफटी बालू व 3 हाइवा जब्त

**प्रभत मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जिले में खनिजों के अवैध परिवहन, भंडारण एवं खनन को लेकर उपायुक्त विजया जाधव द्वारा लगातार औचक छापेमारी अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। देर रात चाकुलिया अंचल के चंदनपुर में उपायुक्त के इनपुट पर की गई कार्रवाई में 2000 सीएफटी बालू का अवैध भंडारण पकड़ा गया। कार्यपालक दंडाधिकारी घाटशिला जयप्रकाश करमाली के मौके पर पहुंचते ही अवैध कारोबार से जुड़े लोग मौके से फरार हो गए। रात करीब 8:30 बजे कार्यपालक दंडाधिकारी पहुंचे जिसके बाद उन्होंने सीओ चाकुलिया जयवंती देवगम एवं स्थानीय थाना टीम को सूचित किया जहां संयुक्त कार्रवाई में यह अवैध भंडारण पकड़ा गया। 17 फरवरी के रात में करीब 9:30 बजे यह कार्रवाई पूरी की गई जहां मौके से तीन खाली हाईवा भी जप्त किये गए हैं। पूछताछ में जानकारी मिली कि कुछ ग्रामीणों की मिलीभगत से अवैध बालू परिवहन का कारोबार चल रहा था। सीओ चाकुलिया द्वारा श्यामसुंदर थाना में अज्ञात ग्रामीणों तथा जप्त वाहन के मालिक व चालक के विरुद्ध सरकारी संपत्ति की चोरी, खनन राजस्व की क्षति तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम के सुसंगत नियमों में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।



**बहरागोड़ा से शुरु हुआ सुझाव यात्रा, पहले दिन ही जुडे सैकड़ों लोग**

## बहरागोड़ा को अवैध खनन, नशाखोरी का केंद्र नहीं बनने देगें : कुणाल षाड़ंगी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शनिवार को महाशिवरात्रि के दिन पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने बहरागोड़ा के प्रसिद्ध चित्रेस्वर धाम में पूजा अर्चना कर सुझाव यात्रा की शुरुआत की। सुझाव यात्रा के पहले दिन पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने बरगाडिया पंचायत के विभिन्न गांव में जा कर लोगों के साथ बैठक कर वर्तमान की राजनीतिक और सामाजिक विषयों पर चर्चा की और लोगो से पूछा कि पिछले तीन सालों के वर्तमान विधायक की कार्यशैली पर उनकी क्या राय है और व्यवस्था मे सुधार हेतु उनका क्या सुझाव है? उन्होंने उपस्थित जनता से पूछा की आप बताए कि पिछले तीन सालों मे इस पंचायत मे बालू तस्करी के अलावा क्या हुआ है? टेंडर मैनेज करने मे विधायक का वीडियो सामने आया था। इनके इर्द गिर्द रहने वालों का नाम दर्जनो बार गौतस्करी, गैस कटिंग ओवरलोडिंग जैसै मामलो मे आया है लकिन राजनीतिक संरक्षण में कार्रवाई नही होती है। अब यह नौटंकी नही चलेगी। मौके पर भाजपा नेता सुमन कल्यान मंडल ने कहा कि बहरागोड़ा में पहली बार ऐसा हुआ कि खुलेआम मार्केट के अंदर पिस्टल ले कर घूम रहा है क्योंकि उन्हें राजनीतिक संरक्षण मिला हुआ है। इस सुझाव यात्रा के दौरान पानीपड़ा गांव निवासी अजीत सेनापति को ट्राइसाइकिल एबं देवाशीष घोष को एक स्मार्ट स्टिक भी दिया गया।




**पातकोम दिशोम मांझी पारगाना ने टोल प्लाजा में हुए घटना की प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की**

## दोषियों पर पुलिस कार्रवाई करे, नहीं तो सड़कों पर होगा सेंदरा : श्यामल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीमडीह :** साधु संत का अर्थ अबतक हमलोग यही जानते थे कि वे बड़े ही दयालु होते हैं, शांत स्वभाव के होते हैं। समाज के कल्याण के लिए चिंतन करते हैं लेकिन बीते दिनों जूना अखाड़ा के महंत विद्यानंद सरस्वती और उसके समर्थकों ने टोल प्लाजा में जिस तरह से उपद्रव मचाया है, यह अत्यंत निंदनीय है। उक्त बातें पातकोम दिशोम मांझी परगना महाल के महासचिव श्यामल मार्डी ने कहा। श्यामल मार्डी ने अपने बयान में कहा है कि बीते दिनों चांडिल क्षेत्र के पाटा टोल प्लाजा में महंत विद्यानंद सरस्वती और उसके समर्थकों ने टोल प्लाजा में उपद्रव मचाया है, पुलिस की मौजूदगी में टोल प्लाजा के मजदूरों की पिटाई की गई, तोड़फोड़ किया गया है। इस घटना के बाद भी पुलिस ने अबतक दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की, यह आश्चर्यजनक बात है। उन्होंने कहा कि महंत विद्यानंद सरस्वती ने निरीह टोल कर्मियों के साथ मारपीट कर अपराध किया। यहां तक की वहां से गुजरने वाले आदिवासी युवक संजय मुर्मु के साथ भी मारपीट और जाति सूचक गाली गलौज किया गया है। पातकोम दिशोम मांझी पारगाना महाल मांग करती हैं कि पुलिस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करें। पूरे घटनाक्रम के वीडियो फुटेज उपलब्ध हैं, जो कि सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा हैं। उन वीडियो फुटेज के आधार पर पुलिस को अविलंब दोषियों को चिन्हित कर कार्रवाई करना होगा। अन्यथा चांडिल को रणक्षेत्र बनने से कोई नहीं रोक पाएगा, जिसके लिए पुलिस प्रशासन स्वयं जिम्मेदार होंगे। यदि घटना के दोषियों पर पुलिस कार्रवाई नहीं करती हैं तो आदिवासी मूलवासी समाज शांत बैठने वाले नहीं है, हमलोग बाध्य होकर अंततः सेंदरा करने के लिए सड़कों पर उतरेंगे।



## श्रीराम मंदिर के तृतीय वर्षगांठ पर भव्य शोभायात्रा व श्रीराम कथा की तैयारी में जुटी समिति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सूर्य मंदिर समिति, सिदगोड़ा के तत्वाधान में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर स्थापना के तृतीय वर्षगांठ पर शोभायात्रा, संगीतमय श्रीराम कथा एवं अन्य आयोजनों को लेकर कमेटी की तैयारी अंतिम चरण में है। 21 फरवरी से 28 फरवरी तक आठ दिवसीय आयोजन की सफलता और भव्यता को लेकर सूर्य मंदिर समिति के पदाधिकारी एवं तृतीय वर्षगांठ आयोजन समिति के सदस्यों की बैठक अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बताया कि 21 फरवरी को दोपहर तीन बजे बिरसानगर जोन नंबर 1 (कुंआ मैदान) से आकर्षक झांकी, सुसज्जित रथ, रामगढ़ की बैंड-बाजा टीम, डीजे और पुष्पवर्षा और हाथों में केसरिया ध्वज के साथ हज़ारों भक्तों की मौजूदगी में भव्य एवं ऐतिहासिक शोभायात्रा निकलेगी। शोभायात्रा एवं सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा को लेकर राम मंदिर की पुष्पसज्जा के साथ मंदिर परिसर, पार्क एवं आसपास के क्षेत्र समेत सड़कों पर रंग-बिरंगी लाइटों की आकर्षक विधुत सज्जा की गई है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से पूरे मंदिर परिसर में अत्याधुनिक 25 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसके साथ ही आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए अग्निशामक यंत्र की व्यवस्था की गई है। शोभायात्रा में मेडिकल टीम एवं एम्बुलेंस साथ चलेंगे। जिसमें प्रशिक्षित कार्यकर्ता विशेष पहचान पत्र के साथ मौजूद रहेंगे। बैठक में अमरजीत सिंह राजा, संतोष यादव, शैलेश गुप्ता, शशिकांत सिंह, महामंत्री अखिलेश चौधरी, रूबी झा, व अन्य सदस्य उपस्थित थे।



## महाशिवरात्रि पर सवा लाख पार्थिव शिवलिंग पूजनोत्सव

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मिथिला विकास मंच की ओर से महाशिवरात्रि के अवसर पर छोटा गम्हरिया स्थित दूर्गापूजा मैदान में सवा लाख पार्थिव शिवलिंग पूजनोत्सव सह कवि कोकिल विद्यापति स्मृति श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रातःकाल में सर्वप्रथम मिथिला समाज की महिलाओं की ओर से बाबा नगरी देवघर से लाए गए मिट्टी व पवित्र गंगाजल से सवा लाख पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया गया। तत्पश्चात् उन शिवलिंगों की मिथिला रीति-रिवाज से आचार्य पं बद्री नारायण झा के नेतृत्व में सात पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना की गई। इस मौके पर मंच के अध्यक्ष फूलकांत झा, उपाध्यक्ष अश्विनी कुमार ठाकुर, महासचिव विजय कुमार राय, कोषाध्यक्ष संजय कुमार चौधरी, एनएन चौधरी, संरक्षक शिवेन्द्र मणि झा, पितांबर ठाकुर, विधानचंद्र झा, प्रियानाथ मिश्रा, देव नारायण झा, आरके मिश्रा आदि ने सवा लाख पार्थिव शिव पूजन में सहयोग किया।

**एनआईटी जमशेदपुरः 1300 बेड का अत्याधुनिक छात्रावास निर्माण योजना का भूमि पूजन**

## तकनीकी व डेटा पद्धति का उपयोग से रोजगार सृजन पर जोर : अन्नपूर्णा







**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**आदित्यपुर :** आदित्यपुर स्थित एनआईटी जमशेदपुर में बहुप्रतीक्षित 125 करोड़ की लागत से 1300 बेड वाले अत्याधुनिक छात्रावास निर्माण योजना का आज शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने भूमि पूजन और शिलान्यास किया। मौके पर पश्चिम सिंहभूम सांसद गीता कोड़ा औरआदित्यपुर नगर निगम के मेयर विनोद श्रीवास्तव भी मौजूद थे। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि कई दिनों से उनकी इच्छा थी कि वे एनआईटी भ्रमण पर आए ,लेकिन आज महाशिवरात्रि के पावन मौके पर यह शुभ अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान, और जय अनुसंधान की जो बात कही है वह पूरा होता दिख रहा है। मंत्री ने कहा कि अनुसंधान के बदौलत राज्य प्रगति कर सकता है। प्रधानमंत्री भी इस दिशा में लगातार प्रयत्नशील हैं। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि 1300 बेड वाले छात्रावास बन जाने से छात्रों को पठन-पाठन में सुविधा होगी। इसके अलावा वे अनुसंधान के क्षेत्र में भी बेहतर कर पाएंगे। अन्नपूर्णा देवी देवी ने कहा कि एनआईटी जमशेदपुर देश के सर्वश्रेष्ठ 100 तकनीकी संस्थानों में आज 90 वे स्थान पर है। जो गर्व की बात है हैं। उन्होंने कहा कि 2047 में देश का क्या स्वरूप होगा इसे लेकर प्रधानमंत्री के नेतृत्व में अभी से प्रयास किए जा रहे हैं। मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि इस साल बजट में प्रधानमंत्री ने 44 हज़ार करोड तकनीकी शिक्षा उच्च शिक्षा के लिए आवंटित की हैं जो गत वर्ष की अपेक्षा 8 प्रतिशत अधिक है। इसके साथ नए तकनीकी और डेटा पद्धति का इस्तेमाल कर अधिक से अधिक रोजगार सृजन हो रहे हैं।

### भाजपाइयों ने किया अन्नपूर्णा देवी का स्वागत

**गम्हरिया :** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह कोडरमा की सांसद व केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी का सरायकेला खरसावां जिला आगमन के दौरान गम्हरिया पहुंचने पर भाजपा गम्हरिया प्रखंड पूर्वी के अध्यक्ष अमित सिंहदेव के नेतृत्व में दुर्गापूजा मैदान में जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान शिवरात्रि के पावन अवसर पर सांसद ने गम्हरिया स्थित रामेश्वरम शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की। इस मौके पर विनोद झा,अजीत सिंह, अनय सिंह, रश्मि साहू, विवेक कुमार, राकेश प्रमाणिक, मनीष मुखर्जी, कामदेव महतो, पिंटू सिंह, बाबू मिश्रा, सुनीता मिश्रा, मंजू सिंह, प्रशांत महतो, सुमन महतो के अलावा काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




संपादकीय

## लिव-इन से हत्या तक

लिव इन संबंध अवैध, असांस्कृतिक, लैंगिक शोषण और सहज यौन संबंधों के माध्यम हैं। बेशक अदालतों ने इन्हें 'कानूनी' करार दिया है और घरेलू हिंसा, संतान और आर्थिक मुआवजे के संदर्भ में, लडक़ी के लिए, सुरक्षित माना है, लेकिन लिव-इन का यथार्थ कितना खौफनाक और डरावना है, यह श्रद्धा टुकड़े-टुकड़े हत्याकांड से समझा जा सकता है। अब एक और श्रद्धा बनते-बनते निक्की यादव बच गई, लेकिन उसकी भी ज़िंदगी छीन ली गई। इस प्रकरण में भी प्रेमी-प्रेमिका और लिव-इन संबंध मौजूद थे। वह प्यार नहीं, शारीरिक आकर्षण मात्र था! वह कैसा प्यार था कि कथित प्रेमी साहिल गहलोत ने अपनी ही लिव-इन प्रेमिका निक्की की गला घोंट कर हत्या कर दी! शुक्र है कि वह निक्की के शव के टुकड़े-टुकड़े नहीं कर पाया, क्योंकि वक्त नहीं मिला, क्योंकि अगले ही दिन उसकी शादी तय थी। प्यार का अजीब प्रकरण था! एक लडक़ी के साथ प्रेम-संबंध और दूसरी के साथ शादी...! ऐसा शख्स प्रेम और मानवीय रिश्तों के प्रति ईमानदार और गंभीर कैसे हो सकता है? दरअसल गलतियां हमारी बेटियां भी करती रही हैं। माता-पिता उन्हें पढ़ाई या नौकरी के लिए घर-परिवार और शहर से बाहर भेजते हैं। कमोबेश यह लैंगिक स्वतंत्रता उनका अधिकार भी है, लेकिन सब कुछ पीछे छूट जाता है। मां-बाप को उसके लिव-इन रिश्ते की भनक तक नहीं होती। बेटियां यह भी तर्क देने लगती हैं कि अब वह 'बालिग' हो गई है, लिहाजा अपने फैसले लेने को कानूनन स्वतंत्र है। जवानी के खोखले आकर्षणों में माता-पिता भी पीछे छूट जाते हैं और बेटी बिना कुछ समझे-जाने, किसी कथित प्रेमी के साथ, लिव-इन में रहने लगती है। संबंधों की तमाम मर्यादाएं और सामाजिक मान्यताएं तोड़ दी जाती हैं। यदि बालिग बेटी परिपक्व होती, तो अंततः ऐसे संबंधों की परिणति हत्या न होती! हम ऐसे कई उदाहरण देख चुके हैं। लिव-इन की सहमति न बन पाए, तो सामूहिक बलात्कार और हत्या की बर्बरताएं सामने आती हैं। ऐसा 'निर्भया कांड' देश भर में गूंजा था। जनता बहुत आक्रोशित भी हुई थी। सडक़ों और इंडिया गेट पर 'मोमबत्ती मार्च' आयोजित किए गए थे। संसद का विशेष सत्र बुलाकर कानून में संशोधन किया गया था। देश के प्रधान न्यायाधीश रहे जस्टिस जेएस वर्मा और जस्टिस लीला सेठ ने नए कानून का प्रारूप तय किया था। यौन शोषण, छेड़छाड़, बलात्कार और सारांश में यौन संबंधों को नए तरीके से परिभाषित भी किया गया था, लेकिन 'निर्भया कांड' में इंसाफ 7 लंबे सालों के बाद मिला था। टुकड़े-टुकड़े श्रद्धा का मामला भी अदालत में न जाने कब न्याय की दहलीज़ छू पाएगा? यह इंसाफ अभी मिलना है और निक्की की अमानवीय हत्या का मामला सामने आ गया है। अदालतें कानूनी तौर पर किस सुरक्षा का दावा करती रही हैं? ज़िंदगी बचेगी, तो सुरक्षाओं की मांग भी की जाएगी। एक मृत शरीर तो पत्थर है। भारत में शिक्षित और स्वतंत्र बेटी बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं है। दरअसल ऐसे प्यार की उम्र भी ऐसी होती है कि बेटियां भी बहक जाती हैं। हालांकि उनके माता-पिता समझाते भी होंगे कि हमारी संस्कृति में शादी के बिना कोई भी संबंध बेमानी और अवैध है। लिव-इन पाश्चात्य समाज और संस्कृति का प्रतीक है। यह हमारे समाज में स्वीकार्य नहीं है, लेकिन दैहिक और यौन आकर्षण, अंततः, बेटियों को हत्या की दहलीज़ तक धकेल देते हैं। और ऐसी ज्यादातर घटनाएं राजधानी दिल्ली, उसके आसपास और महानगरों में हो रही हैं, लिहाजा अब संसद की पहल ही जरूरी है। अदालतें तो संसद के कानून का ही पालन करती हैं। संसद को लिव-इन का एक कठोर और बेटी-समर्थक कानून बनाना चाहिए। कमोबेश निरंकुश लडक़ों के संदर्भ में यह प्रावधान अनिवार्य किया जाना चाहिए कि यदि वे किसी के साथ लिव-इन रिश्ते में हैं, तो वे दूसरी शादी नहीं कर सकते।

> मां-बाप को उसके लिव-इन रिश्ते की भनक तक नहीं होती। बेटियां यह भी तर्क देने लगती हैं कि अब वह 'बालिग' हो गई है, लिहाजा अपने फैसले लेने को कानूनन स्वतंत्र है। जवानी के खोखले आकर्षणों में माता-पिता भी पीछे छूट जाते हैं और बेटी बिना कुछ समझे-जाने, किसी कथित प्रेमी के साथ, लिव-इन में रहने लगती है। संबंधों की तमाम मर्यादाएं और सामाजिक मान्यताएं तोड़ दी जाती हैं। यदि बालिग बेटी परिपक्व होती, तो अंततः ऐसे संबंधों की परिणति हत्या न होती! हम ऐसे कई उदाहरण देख चुके हैं। लिव-इन की सहमति न बन पाए, तो सामूहिक बलात्कार और हत्या की बर्बरताएं सामने आती हैं। ऐसा 'निर्भया कांड' देश भर में गूंजा था। जनता बहुत आक्रोशित भी हुई थी। सडक़ों और इंडिया गेट पर 'मोमबत्ती मार्च' आयोजित किए गए थे। संसद का विशेष सत्र बुलाकर कानून में संशोधन किया गया था। देश के प्रधान न्यायाधीश रहे जस्टिस जेएस वर्मा और जस्टिस लीला सेठ ने नए कानून का प्रारूप तय किया था। यौन शोषण, छेड़छाड़, बलात्कार और सारांश में यौन संबंधों को नए तरीके से परिभाषित भी किया गया था, लेकिन 'निर्भया कांड' में इंसाफ 7 लंबे सालों के बाद मिला था। टुकड़े-टुकड़े श्रद्धा का मामला भी अदालत में न जाने कब न्याय की दहलीज़ छू पाएगा? यह इंसाफ अभी मिलना है और निक्की की अमानवीय हत्या का मामला सामने आ गया है।

बोध कथा

## इसलिए क्षमा करने वाला ही नहीं मांगने वाला भी श्रेष्ठ

क्षमा सभी धर्मों का आधार है। क्षमा नफरत का निदान है। क्षमादान और क्षमा याचना दोनों ही महानता की निशानी हैं। क्षमा देने वाले की भांति क्षमा मांगने वाला भी श्रेष्ठ है। अपनी गलती पर क्षमा मांगने से उसके हृदय में विनयशीलता का जो भाव उपजता है, इससे उसका कद पहले की अपेक्षा और अधिक बढ़ जाता है। नीति में क्षमा का स्थान बहुत ऊंचा है। क्षमा भाव नीति का ही अंग है। यह अहंकार के त्याग का सूचक है। क्षमा के धरातल पर दो व्यक्तित्व उभरते हैं एक आप और एक सामने वाला। अहं के वशीभूत होकर जब हम अपनी गलती नहीं स्वीकारते तो क्षमा के विषय में संकोच करते हैं। यह भी संभव है कि समय-समय पर ग्लानि की अनुभूति हृदय में हो, पर अहं इसको उजागर होने से रोक देता है। इस पीड़ा की प्रतीति हर मनुष्य को होती है। इसी प्रकार सामने वाला भी सोचता होगा कि हम क्षमा मांगें और वह क्षमा कर देगा। यह द्वंद्व निरंतर चलता है और इसका निराकरण क्षमा से हो जाता है। क्षमा में लेशमात्र भी कायरता नहीं है। सहिष्णुता, समता, सहनशीलता, मैत्रीभाव और उदारता जैसे सामर्थ्य युक्त गुण, पुरुषार्थहीन या धैर्यहीन लोगों में उत्पन्न नहीं हो सकते। क्षमा ही दुखों से मुक्ति का द्वार है। क्षमा मन की कुंठित गांठों को खोलती है और दया, सहिष्णुता, उदारता, संयम और संतोष को विकसित करती है। क्षमाभाव मानवता के लिए वरदान है। विनयी, क्षमाशील और उदारमना साधक के पास सकल दैव अनुकूलताएं, ईश्वरीय अनुग्रह और आनंद जैसी दिव्यताएं स्वयं प्रकट होने लगती हैं। इसलिए अभिमान के त्याग का अभ्यास सतत होते रहना चाहिए। जब सहिष्णुता, क्षमा, दीनता और अभिमान का त्याग हमारे स्वभाव में आने लगता है तब हमारा प्रत्येक कर्म और विचार पवित्र होने लगता है। इससे स्वभाव में सरलता आने लगती है और जीवन पवित्रता की ओर अग्रसर होने लगता है। अनियंत्रित कामना, अक्षमता और अज्ञानता की उत्पत्ति है क्रोध। इसलिए विवेक के जरिए आत्मनियंत्रण और अंतर्मुखी अवस्था अर्जित की जा सकती है। क्रोध से क्रोध ही बढ़ता होता है। क्षमा के स्वभाव को आवृत्त करने वाले क्रोध को पहले जीतना आवश्यक है। अक्रोध से क्रोध को जीता जाता है, क्योंकि क्रोध का अभाव ही क्षमा है। जिसके पास आत्मबल नहीं होता वह दूसरों को क्षमा नहीं कर सकता। समर्थ ही क्षमा करना जानता है। जो दुर्बल है वह कभी क्षमा नहीं कर सकता।

> क्षमा के धरातल पर दो व्यक्तित्व उभरते हैं एक आप और एक सामने वाला। अहं के वशीभूत होकर जब हम अपनी गलती नहीं स्वीकारते तो क्षमा के विषय में संकोच करते हैं। यह भी संभव है कि समय-समय पर ग्लानि की अनुभूति हृदय में हो, पर अहं इसको उजागर होने से रोक देता है। इस पीड़ा की प्रतीति हर मनुष्य को होती है। इसी प्रकार सामने वाला भी सोचता होगा कि हम क्षमा मांगें और वह क्षमा कर देगा। यह द्वंद्व निरंतर चलता है और इसका निराकरण क्षमा से हो जाता है।

### कांग्रेस की ओर से इस अवसर का उपयोग एक तीसरे उद्देश्य के लिए किया गया लगता है

# राहुल की यात्रा, राष्ट्रपति का अभिभाषण

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

> वैसे पार्टी में सभी को उनकी हैसियत बताने के लिए वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद ने इसके लिए 'राम की खड़ाऊं' वगैरह का उदाहरण भी दिया। इसके साथ ही राहुल गांधी कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक की पद यात्रा करने के लिए घर से निकले। इसका भी उद्देश्य यही था कि लोग राहुल गांधी को भी गंभीरता से लें। गंभीर और गहरा बनने के लिए यात्रा से पूर्व रिहर्सल वगैरह भी की ही होगी। लेकिन इस सबके बावजूद वे कहीं-कहीं ऐसी बातें कहते थे जिनकी व्याख्या करने के लिए दरबारियों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही थी। उदाहरण के लिए यात्रा में एक जगह कहने लगे, राहुल गांधी मर गया है। जिसे तुम देख रहे हो वह राहुल गांधी नहीं है। वह राहुल गांधी कब का मर चुका है। मैं मैं नहीं हूं। राहुल गांधी तुम्हारे दिमाग में है, बाहर वह है ही नहीं।

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर संसद में धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया जाता है। यदि सत्ता पक्ष और विपक्ष में संख्या का अंतर बहुत ही कम हो तो कई बार विपक्ष जोड़-तोड़ करता है और धन्यवाद भाषण पर इस आशा में मतदान करवाता है कि शायद सरकार गिर जाए। लेकिन यदि अंतर ज्यादा हो और सरकार मजबूत हो तो विपक्ष प्रायः अभिभाषण के मुद्दों पर चर्चा करता है। लेकिन इस बार कांग्रेस की ओर से इस अवसर का उपयोग एक तीसरे उद्देश्य के लिए किया गया लगता है। सब जानते हैं कि संसद में विपक्ष बुरी तरह बिखरा हुआ है। संख्या के हिसाब से भी और रणनीति के हिसाब से भी। कांग्रेस के सांसदों की संख्या और अन्य विपक्षी दलों की कुल जमा संख्या से कम है। यदि सभी विपक्षी दलों के लोक सभा सदस्यों को भी मिला दिया जाए और वे सचमुच मिल भी जाएं, तब भी वे सत्ता पक्ष से काफी दूर हैं। लेकिन न मिल पाने का एक अन्य कारण भी है। कांग्रेस को अभी भी भ्रम है कि वह यूपीए काल की तरह सारे विपक्षी दलों की धुरी बन सकती है और दूसरे दलों को यह बात स्वीकार कर लेनी चाहिए। लेकिन दूसरे विपक्षी दलों का मानना है कि कांग्रेस अभी भी अपने भूतकाल में आ रही है। इक्कीसवीं शताब्दी की राजनीति समझने के लिए उसे सबसे पहले भूतकाल से निकल कर वर्तमान काल में आना पड़ेगा। लेकिन कांग्रेस को फिलहाल यह स्वीकार नहीं है। इसलिए विपक्ष के स्थान पर हम यहां केवल कांग्रेस की ही बात करेंगे। कांग्रेस ने धन्यवाद प्रस्ताव के इस अवसर का प्रयोग कैसे और क्यों किया। कांग्रेस की इस समय सबसे बड़ी समस्या राहुल गांधी हैं। कांग्रेस में इतना तो अलिखित रूप से तय है कि उसकी नकेल सदा नेहरु-गान्धी राजपरिवार के हाथ में ही रहेगी। वह भी शायद राज परिवार के पुरुष सदस्य के पास। यह अलग बात है कि इस राज परिवार ने इन्दिरा गान्धी के बाद अपने नाम से नेहरु शब्द हटा दिया है जिसकी ओर व्यंग्य से नरेन्द्र मोदी ने भी संकेत किया था। इस गणित से इस राज परिवार में गद्दी के हकदार राहुल गान्धी ठहरते हैं। लेकिन इसे राज परिवार का दुर्भाग्य ही कहना होगा कि राहुल गान्धी बढ़ती उम्र के साथ परिपक्व नहीं हो रहे हैं। यही कारण था कि



वे भारतीय राजनीति में पप्पू के नाम से प्रसिद्ध हो गए। अब यदि किसी व्यक्ति की छवि उस प्रकार की बन जाए तो उसके गले में माला डाल कर कोई भी पार्टी चुनाव के मैदान में कैसे उतर सकती है? इसलिए पार्टी के पास दो काम थे। जब तक पप्पू सयाना नहीं हो जाता, तब तक पार्टी का प्रधान किसी 'अपने' व्यक्ति को बना दिया जाए। सत्ता काल में तो सभी व्यक्ति राज परिवार के 'अपने' व्यक्ति बनने को लालायित रहते थे, लेकिन अब अन्धकार काल में लोग इस काम से कन्नी कतराने लगे हैं। राजस्थान के अशोक गहलोत ने तो मुख्यमंत्री पद का त्याग कर राजपरिवार का 'अपना व्यक्ति' बनने से सार्वजनिक रूप से इन्कार कर दिया। तब विवशता में लगभग जीवन की चौथ में पहुंचे मल्लिकार्जुन खडग़े को 'अपने' आदमी की भूमिका में उतारा गया। वैसे इसके लिए चुनाव वगैरह के सभी सांसारिक कर्मकांड भी पूरे कर लिए गए। राज परिवार ने पहला काम तो जैसे तैसे निपटा दिया। वैसे पार्टी में सभी को उनकी हैसियत बताने के लिए वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद ने इसके लिए 'राम की खड़ाऊं' वगैरह का उदाहरण भी दिया। इसके साथ ही राहुल गान्धी कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक की पद यात्रा करने के लिए घर से निकले। इसका भी उद्देश्य यही था कि लोग राहुल गान्धी को भी गंभीरता से लें। गंभीर और गहरा बनने के लिए यात्रा से पूर्व रिहर्सल वगैरह भी की ही होगी। लेकिन इस सबके बावजूद वे कहीं कहीं ऐसी बातें कहते थे जिनकी व्याख्या करने के लिए दरबारियों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही थी। उदाहरण के लिए यात्रा में एक जगह कहने लगे, राहुल गान्धी मर गया है। जिसे तुम देख रहे हो वह राहुल गान्धी नहीं है। वह राहुल गान्धी कब का मर चुका है। मैं मैं नहीं हूं। राहुल गान्धी तुम्हारे दिमाग में है, बाहर वह है ही नहीं। इस प्रकार के 'नाव में नदिया डूबी जाए' टाईप बयानों को सार्थक बनाने के लिए प्रवक्ताओं के पसीने छूटते थे। फिर भी लम्बी यात्रा पूर्ण हुई। लेकिन लाभ के नाम पर यात्रा से केवल यह मिला कि लोग शायद पप्पू के स्थान पर बोलचाल में भी राहुल गान्धी कहने लगे। अब राज परिवार के सामने तीसरा काम पड़ा था। नए राहुल गान्धी को लोकसभा में लांच करना ताकि विपक्ष समझ ले कि अब राज परिवार का मुखिया सचमुच विपक्ष का नेता बनने योग्य हो गया है। इसलिए सारे विपक्ष को उसका नेतृत्व स्वीकार कर लेना चाहिए। और देश के लोग समझ लें कि अब राहुल गान्धी उनका प्रधानमंत्री बनने के काबिल हो गया है। ये दोनों उद्देश्य ध्यान में रखकर राहुल गान्धी धन्यवाद प्रस्ताव पर बोले। लेकिन लगता है इस बार भी राहुल गान्धी को तैयार करने वाले किसी 'भीतरी' ने उनके हाथ हिंडनबर्ग की विदेश मार्का फुलझड़ी देकर मैदान में उतार दिया। वे भी किसी अच्छी तरह सिधाए व्यक्ति की तरह राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा करने की बजाय हिंडनबर्ग की फुलझड़ी जला कर स्वयं ही प्रसन्न होते रहे। शायद इसीलिए अब कांग्रेस के भीतर ही सवाल उठने लगे हैं कि कहीं हजारों किलोमीटर की यह पद्यात्रा बेकार ही तो नहीं चला गई। राहुल गान्धी तो अब भी वहीं खड़े लगते हैं जहां यात्रा से पहले फुलझडियां चलाया करते थे। बेचारे सलमान खुर्शीद अभी भी खड़ाऊं लेकर खड़े हैं। परिपक्व हुए बिना भारतीय राजनीति में बड़ा स्थान बनाना मुश्किल है। हालांकि इस बार पद्यात्रा में राहुल गांधी ने सेना का हौसला जरूर बढ़ाया और उसका मान बढ़ाकर जरूर यह कहा कि सेना के किसी अभियान पर किसी तरह के सबूत की कोई जरूरत नहीं है, लेकिन फिर भी कई बातें उन्होंने ऐसे कर दी कि वह मैच्योर नजर नहीं आए। उनकी माता सोनिया गांधी अब बुजुर्ग हो चली हैं, इसलिए जरूरत इस बात की है कि कांग्रेस की कमान संभालने के लिए राहुल गांधी को जल्द से जल्द मैच्योर होना है।

# भ्रष्टाचार के बदलते स्वरूप

> विशेष रूप से सोवियत संघ के विघटन के बाद या 1991 के बाद से उदारवाद, निजीकरण और वैश्वीकरण की प्रक्रियाओं ने बाजार केंद्रित विचारधारा को मजबूती प्रदान कर दी। वैश्विक गांव, वैश्विक बाजार, वैश्विक राजनीति की अवधारणाओं ने सभी देशों और सभी राज्यों के बीच की भौगोलिक सीमाओं को ही समाप्त कर दिया। अब जब बाजार स्वतंत्र है तो व्यक्ति और राज्य का नियंत्रण में होना स्वाभाविक है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि बाजार के गैर-नियंत्रणकारी चरित्र ने आर्थिक असमानता में वृद्धि की है। हाल में आई आक्सफैम इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार भारत की एक प्रतिशत जनसंख्या के पास अब देश की कुल संपत्ति का चालीस प्रतिशत से भी अधिक हिस्सा है। जबकि नीचे की पचास फीसद आबादी के पास कुल संपत्ति का केवल तीन प्रतिशत हिस्सा है। या कहें कि 2022 तक भारत में अरबपतियों की संपत्ति में 121 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। यह दलील भी दी जाती है कि अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई और समाज में आर्थिक असमानता के लिए राज्य का कल्याणकारी चरित्र जिम्मेदार है। इसलिए राज्य को आर्थिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए।

जब जनतंत्र बाजार-तंत्र में बदल जाता है तो सरकार के स्वतंत्र रूप से नीति निर्माण करने के पक्ष पर भी प्रश्नचिह्न लग जाता है। सरकार किसके हित में नीतियों का निर्माण करती है, जैसे सवाल महत्त्वपूर्ण हो जाते हैं। इसलिए आवश्यकता है कि कुछ सवालों पर समय रहते चिंतन-मनन किया जाए, ताकि आर्थिक असमानता को सीमित किया जा सके और समग्र विकास आकार ले सके। एक अच्छा लोकतंत्र वह है, जिसमें राजनीतिक और सामाजिक न्याय के साथ-साथ आर्थिक न्याय की व्यवस्था भी है। इसमें नागरिक सर्वोपरि होता है। पर वर्तमान में पूंजीवाद के विस्तार के कारण बाजार सर्वोपरि हुआ है, जिसने नवउदारवादी व्यवस्था को उत्पन्न किया जो हस्तक्षेप की नीति की समर्थक है और राज्य के कल्याणकारी चरित्र को देश के आर्थिक विकास में बाधक मानती है। नवउदारवादियों का तर्क है कि राज्य को आर्थिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए, बल्कि मुक्त व्यापार या खुले बाजार का समर्थन करना चाहिए। जब बाजार स्वतंत्र होगा तो देश का विकास भी तीव्र गति से होगा। राज्य का कार्य केवल नीति निर्माण करना है, सेवा कार्य करना नहीं। यानी सड़क, रेल, पानी, बिजली, स्वास्थ्य जैसे सेवा कार्य राज्य के कार्य नहीं हैं, क्योंकि ऐसा करने के लिए वह समर्थ लोगों या पूंजीपतियों, व्यापारियों पर कर लगाते हैं और उससे एकत्र धन को असमर्थ या गरीब लोगों के कल्याण और उत्थान पर खर्च करते हैं। राज्य को इस कार्य के लिए अपने और जनता के बीच मध्यस्थ की जरूरत होती है, परिणामस्वरूप प्रशासन-तंत्र का उभार होता है। प्रशासन-तंत्र जैसी औपचारिक व्यवस्था के कारण लालफीताशाही उत्पन्न होती है, जो भ्रष्टाचार का एक स्वरूप है। इन सबके कारण देश का विकास अवरुद्ध हो जाता है। इसलिए नवउदारवादी व्यक्ति की स्वतंत्रता और कल्याणकरी राज्य की आलोचना करते हैं। इसमें भी कोई संदेह नहीं है कि अपनी इन्हीं विशेषताओं के कारण वे पूरे विश्व को एक बाजार के रूप में देखते हैं। विशेष रूप से सोवियत संघ के विघटन के बाद या 1991 के बाद से उदारवाद, निजीकरण और वैश्वीकरण की प्रक्रियाओं ने बाजार केंद्रित विचारधारा को मजबूती प्रदान कर दी। वैश्विक गांव, वैश्विक बाजार, वैश्विक राजनीति की अवधारणाओं ने सभी देशों और सभी राज्यों के बीच की भौगोलिक सीमाओं को ही समाप्त कर दिया। अब जब बाजार स्वतंत्र है तो व्यक्ति और राज्य का नियंत्रण में होना स्वाभाविक है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि बाजार के गैर-नियंत्रणकारी चरित्र ने आर्थिक असमानता में वृद्धि की है। हाल में आई आक्सफैम इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार भारत की एक प्रतिशत जनसंख्या के पास अब देश की कुल संपत्ति का चालीस प्रतिशत से भी अधिक हिस्सा है। जबकि नीचे की पचास फीसद आबादी के पास कुल संपत्ति का केवल तीन प्रतिशत हिस्सा है। या कहें कि 2022 तक भारत में अरबपतियों की संपत्ति में 121 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। यह दलील भी दी जाती है कि अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई और समाज में आर्थिक असमानता के लिए राज्य का कल्याणकारी चरित्र जिम्मेदार है। इसलिए राज्य को आर्थिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। अप्रत्यक्ष रूप से यह व्यवस्था निजीकरण का समर्थन करती नजर आती है। आज हर क्षेत्र में निजीकरण अपने पैर प्रसार भी रहा है, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, निर्माण कार्य, बिजली आदि। बाजार केंद्रित अर्थव्यवस्था का यह कहना है कि प्रशासन-तंत्र के कारण भ्रष्टाचार पनपा, इसलिए अब प्रशासन-तंत्र की जरूरत नहीं है। अब तो ऐसा समय आ गया है जब भ्रष्टाचार के अनेक स्वरूप उभर कर आए हैं। उदाहरण के लिए हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आने के बाद की तस्वीर देखी जा सकती है। एक तरफ आर्थिक असमानता, गरीबी और बेरोजगारी बढ़ रही है तो फिर कुछ लोगों की संपत्ति में इतना ज्यादा इजाफा कैसे हो रहा है? इसी तरह वर्ष 2016 में पनामा पेपर्स मामला सामने आया था, जिसमें भारत समेत दुनिया भर के रईसों की करमुक्त देशों में मौजूद संपत्तियों की जानकारी दी गई थी। बड़े पूंजीपतियों और उद्योगपतियों द्वारा विदेश में छद्म कंपनियां खोलने और कर बचाने का खेल भ्रष्टाचार का ही एक रूप है। न जाने कितने और पूंजीपति अरबों-खरबों का घोटाला करके देश छोड़ कर भाग गए। भारत जैसे एक लोकतांत्रिक और कल्याणकारी राज्य में अपने नागरिकों को आधारभूत सुविधाएं देना सरकार का दायित्व है, पर जो कुछ दिया उसके बदले में मौन की संस्कृति अपनाने की स्थितियां बनाने को क्या कहा सकता है? शिक्षण संस्थाओं का मुख्य दायित्व लोगों को शिक्षित करना, समाज का सक्रिय सदस्य बनाना, शोषण से मुक्त करने के लिए जागरूक करना और देश के विकास में सहयोग देना है, लेकिन आज के दौर में शिक्षा अपनी इस भूमिका का निर्वाह न करके कुछ और ही कर रही है। शिक्षकों और विद्यार्थियों को गैर-शैक्षणिक कार्यों में लगा देना, परीक्षा करवाना, आवेदन जमा करना, अनेक समितियों में काम करना, मतदाता पत्र बनाने के लिए शिविर लगवाना, कुछ दिवस मनाना आदि कार्य करवाए जाते हैं, जिनका ज्ञान व्यवस्था से कोई प्रत्यक्ष सरोकार नहीं है। अब शिक्षण संस्थानों में पढ़ने-पढ़ाने के अलावा बहुत कुछ होता है, बस अध्यापन और शोध कार्य बहुत कम होता है। नतीतन, जब शिक्षण कार्य ही नहीं होता तो प्रश्नपत्र बाहर आने जैसे मामले भ्रष्टाचार के एक स्वरूप में उभरते हैं। इतना ही नहीं, बाल अपराध बढ़ रहा है, हिंसक अश्लीलता एक नए किस्म के अपराध को उत्पन्न कर रही है। इसे रोकने के लिए कोई प्रभावी कदम दिखाई नहीं देता, क्योंकि इससे बाजार को लाभ मिलता है। बाजार सर्वोपरि हो गया है और समाज हाशिये पर आ गया है। अब वास्तव में राज्य का कल्याणकारी चरित्र हाशिये पर दिखाई देता है। सवाल है कि क्या लोकतंत्र की व्याख्या बिना भ्रष्टाचार होने की गुंजाइश बची है? देश के विभिन्न राजनेताओं और अधिकारियों से क्या नियमित स्वरूप में पूछा या जांचा जाता है कि जब उन्होंने राजनीति या प्रशासन में प्रवेश किया था, तब उनकी संपत्ति कितनी थी और अब कितनी है? अगर उनकी संपत्ति में कम समय में अकूत वृद्धि दिखाई देती है तो कैसे? दरअसल, व्यवस्था के अंदर इतने छेद हो गए हैं कि हर जगह भ्रष्टाचार नजर आता है। उच्च पद पाने या सरकार का संरक्षण पाने के लिए संविधान की व्याख्या करने वाले ही अगर संविधान का उल्लंघन करने लगें और गलत निर्णय देने लगें तो संवैधानिक मूल्यों की रक्षा कैसे होगी, यह सोचने का विषय है। जब जनतंत्र बाजार-तंत्र में बदल जाता है तो सरकार के स्वतंत्र रूप से नीति निर्माण करने के पक्ष पर भी प्रश्नचिह्न लग जाता है। सरकार किसके हित में नीतियों का निर्माण करती है, जैसे सवाल महत्त्वपूर्ण हो जाते हैं। इसलिए आवश्यकता है कि कुछ सवालों पर समय रहते चिंतन-मनन किया जाए, ताकि आर्थिक असमानता को सीमित किया जा सके और समग्र विकास आकार ले सके। क्या कारपोरेट भ्रष्टाचार को स्वीकृति दी जा सकती है? क्या आर्थिक विसंगतियों को दूर करने में समाज वैज्ञानिक एक माध्यम बन सकते हैं? क्या समाज विज्ञान जनमत निर्माण का एक सशक्त माध्यम बन सकता है? आज जिस तरह से बाजार केंद्रित कौशल और तकनीकी ज्ञान को महत्त्व दिया जा रहा है, कहीं ऐसा तो नहीं कि लोगों को सामाजिक आंदोलनों से दूर करने के लिए सामाजिक विज्ञानों की उपेक्षा की जा रही है।

देश दुनीया से

## बेहतर चिकित्सा हो

विभागीय कार्यशैली और ढांचागत विकास में सकारात्मक दिशा उन जरूरतों पर तय होती है, जहां जनता के लिए सरकार का स्पर्श अपनी गुणवत्ता के साथ दर्ज हो। सुक्खू सरकार के अब तक के अंदाज में विभागीय पड़ताल के साथ कुछ नए कदम व करने का नया एहसास सामने आ रहा है। इसी दिशा में चिकित्सा को खंड स्तर पर परिष्कृत और परिमार्जित करने का संकल्प सामने आया है। बतौर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू चिकित्सा के हर खंड में एक नई प्रणाली विकसित करने का नक्शा बना रहे हैं, जहां 50 से 100 बिस्तरों की क्षमता में ऐसे अस्पताल सामने आएंगे जो स्थानीय स्तर पर उपचार के हर कौशल से संपन्न होंगे। इसके साथ सरकार कुछ क्षेत्रीय व जोनल अस्पतालों में भी आपातकालीन सेवाओं का ढांचा फिर से लिख रही है। इस तरह तीन लेयर में स्वास्थ्य सेवाओं का मुकम्मल होना, न केवल विभागीय कार्यशैली को बेहतर बनाएगा, बल्कि अस्पतालों के वर्गीकरण से मेडिकल कालेजों को कुशलता के साथ अति श्रेष्ठ बनाने में सहयोग करेगा। खंड स्तर पर अस्पतालों की दशा बदलते हुए एक तरह से सिटी अस्पतालों की सार्वजनिक श्रृंखला सामने आएगी। प्रदेश में पिछले दो दशक में बेशक मेडिकल कालेजों ने अपनी एक अलग पहचान बनानी शुरू की है, लेकिन स्वास्थ्य शिक्षा और चिकित्सा प्रणाली अभी तक विश्वसनीयता के साथ कर्मठ संस्कृति पैदा नहीं हुई। हालांकि हिमाचल ने मेडिकल यूनिवर्सिटी भी स्थापित कर दी, लेकिन न सामान्य अस्पताल का दर्रा बदला और न ही चिकित्सा अध्ययन व शोध की परिपाटी से मेडिकल कालेज अलग नजर आए। अब तक हो यह रहा है कि मेडिकल कालेज स्थापित करते-करते प्रदेश के कई सिविल, क्षेत्रीय व जोनल अस्पताल अपना अक्स खो बैठे। मसलन टीएमसी के आगे धर्मशाला का अस्पताल, तो नेरचौक मेडिकल कालेज के सामने मंडी का जोनल अस्पताल शहीद हो गए। भारतीय चिकित्सा परिषद के निरीक्षणों ने मेडिकल कालेजों की परिधि में आने वाले कई अस्पतालों को अस्थायी सी व्यवस्था से जोड़ दिया। मेडिकल कालेजों की श्रृंखला ने सर्वप्रथम आईजीएमसी से छीन कर टीएमसी को नवाजा। फिर टीएमसी से छीनकर नेरचौक, नाहन, चंबा और हमीरपुर मेडिकल कालेज चले और अंत में इन्हीं से डाक्टर छीनकर बिलासपुर के एम्स ने आंखें खोलीं। आश्चर्य यह कि जिस तीव्रता से नए मेडिकल कालेज खुले, उससे भी अधिक रफ्तार में निजी अस्पतालों की जरूरत बढ़ती देखी जा रही है। इतना ही नहीं, आज भी पीजीआई के अलावा चंडीगढ़, जालंधर, पठानकोट व लुधियाना के निजी अस्पतालों पर हिमाचली जनता का भरोसा कम नहीं हुआ। इस हकीकत के बीच सुक्खू सरकार का व्यवस्था परिवर्तन का रथ अगर खंड स्तर पर उत्कृष्ट चिकित्सा का खाका बना रहा है, तो सुधार की यह दिशा कारगर सिद्ध होगी। साधारण चिकित्सा की अहम भूमिका में निचले स्तर के चिकित्सा संस्थान अगर सक्षम हो जाएं, तो निश्चित रूप से रैफरल सिस्टम सशक्त होगा। खंड स्तर पर बेहतर चिकित्सा के लिए सुविधाओं के अलावा डाक्टरी पेशे की प्रतिबद्धता को सुनिश्चित करना होगा। सरकार जिन आठ जिला, क्षेत्रीय या जोनल स्तर के अस्पतालों को क्रिटीकल केयर यूनिट से जोड़ रही है, वहां डाक्टरों और विशेषज्ञों के पूर्व निर्धारित पदों को बढ़ाने की बहुत आवश्यकता है। ये अस्पताल एक तरह से मेडिकल कालेजों के सहयोगी संस्थान रहे हैं, अतः इनकी क्षमता को बरकरार रखते हुए सरकार मेडिकल टूरिज्म का आगाज कर सकती है। इतना ही नहीं, जिला मुख्यालयों के क्षेत्रीय या जोनल अस्पतालों को किसी न किसी रोग विशेष के राज्य स्तरीय मेडिकल इंस्टीच्यूट का दर्जा देते हुए, चिकित्सा संबंधी चुनौतियों को स्थायी रूप से हल किया जा सकता है।

> बतौर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू चिकित्सा के हर खंड में एक नई प्रणाली विकसित करने का नक्शा बना रहे हैं, जहां 50 से 100 बिस्तरों की क्षमता में ऐसे अस्पताल सामने आएंगे जो स्थानीय स्तर पर उपचार के हर कौशल से संपन्न होंगे। इसके साथ सरकार कुछ क्षेत्रीय व जोनल अस्पतालों में भी आपातकालीन सेवाओं का ढांचा फिर से लिख रही है। इस तरह तीन लेयर में स्वास्थ्य सेवाओं का मुकम्मल होना, न केवल विभागीय कार्यशैली को बेहतर बनाएगा, बल्कि अस्पतालों के वर्गीकरण से मेडिकल कालेजों को कुशलता के साथ अति श्रेष्ठ बनाने में सहयोग करेगा। खंड स्तर पर अस्पतालों की दशा बदलते हुए एक तरह से सिटी अस्पतालों की सार्वजनिक श्रृंखला सामने आएगी। प्रदेश में पिछले दो दशक में बेशक मेडिकल कालेजों ने अपनी एक अलग पहचान बनानी शुरू की है, लेकिन स्वास्थ्य शिक्षा और चिकित्सा प्रणाली अभी तक विश्वसनीयता के साथ कर्मठ संस्कृति पैदा नहीं हुई।

नागरिक बोध

# मेहनत की सिसकियाँ, नक़ल माफिया और राजनीतिक बैसाखियाँ

उत्तराखंड में देश का सबसे सख्त ₹नकल विरोधी कानून₹ लागू हो गया है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने उत्तराखंड प्रतियोगी परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम और रोकथाम के उपाय) अध्यादेश 2023 को मंजूरी दे दी है।'नकल विरोधी कानून' के तहत नकल करने वाले उम्मीदवारों को दंडित किया जाएगा और उन पर 10 साल का प्रतिबंध लगाया जाएगा। नकल माफिया को उम्रकैद या 10 साल की जेल के साथ 10 करोड़ का जुर्माना लगाने का प्रावधान है। इसके अलावा नकल माफिया की संपत्ति कुर्क करने का भी प्रावधान है। यह यूकेपीएससी पेपर लीक के बाद आया है, जिसके कारण लगभग 1.4 लाख सरकारी नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों की परीक्षा रद्द कर दी गई थी। टी-कॉपीइंग एक्ट, 1992 भारतीय जनता पार्टी के कल्याण सिंह की अध्यक्षता वाली उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 1992 में अधिनियमित एक भारतीय कानून था। राजनाथ सिंह, हालांकि उस समय की सिंह सरकार में शिक्षा मंत्री थे, इस विचार का श्रेय स्वयं मुख्यमंत्री कल्याण सिंह को दिया गया था। कानून का उद्देश्य राज्य में स्कूल और विश्वविद्यालय परीक्षाओं में बड़े पैमाने पर नकल की प्रथा को रोकना है। इस अधिनियम ने परीक्षाओं में अनुचित साधनों के उपयोग को एक संज्ञेय अपराध बना दिया और यह गैर-जमानती था और कथित तौर पर पुलिस को जांच करने के लिए परीक्षा परिसर में प्रवेश करने की अनुमति दी। हालांकि, मुलायम सिंह यादव के नेतृत्व वाली समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी की सरकार, जो 1993 में सत्ता में आई थी, ने अगले वर्ष इसे निरस्त कर दिया। निष्पक्ष और नकलविहीन भर्ती परीक्षा कराने के लिए उत्तराखंड में देश का सबसे कड़ा नकल विरोधी कानून लागू हो गया है. यह यूकेपीएससी पेपर लीक के बाद आया है, जिसके कारण लगभग 1.4 लाख सरकारी नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों की परीक्षा रद्द कर दी गई थी। कानून परीक्षाओं की शुचिता में बाधा डालने, अनुचित साधनों के प्रयोग, प्रश्न पत्रों के लीक होने और अन्य अनियमितताओं से संबंधित अपराधों को रोकने के लिए है।

# तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव का आगाज आज से

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे राजकीय इटखोरी महोत्सव का उद्घाटन

- देश के जाने माने पार्श्वगायक से लेकर लोक कलाकारों एवं स्थानीय कलाकारों का रहेगा जलवा
- 19 तारीख को दोपहर करीब 3:00 बजे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे उद्घाटन
- महोत्सव को लेकर के इटखोरी स्थित भद्रकाली मंदिर परिसर के आसपास की गई है भव्य एवं आकर्षक तैयारियां



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव का आगाज आज से हो जाएगा ।दोपहर तकरीबन 3ः00 बजे सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राजकीय महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। जिला मुख्यालय से 35 किलोमीटर की दूरी पर स्थित विख्यात मां भद्रकाली मंदिर परिसर में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा तीन दिवसीय राजकीय ईटखोरी महोत्सव का उद्घाटन किया जाएगा। इस मौके पर सुबह के श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण व कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता,पर्यटन एवं खेल मंत्री हाफिज उल हसन , चतरा के सांसद सुनील कुमार सिंह,सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास सहित कई विभागों के सचिव जिले के उपायुक्त, एसपी ,डीएसपी ,एसडीओ स्थानीय जनप्रतिनिधि,पंचायत प्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे। राजकीय ईटखोरी महोत्सव का आगाज विपिन मिश्रा के गगनभेदी शंख के आवाज से होगा । गौरतलब है कि राजकीय इटखोरी महोत्सव के शुरू होने के समय से ही प्रसिद्ध शंख वादक विपिन मिश्रा के द्वारा ही शंख के गगनभेदी गूंज ध्वनि से इटखोरी महोत्सव का आगाज किया जाता है।हालांकि पिछले दो वर्षों से कोरोना काल के दौरान विपिन मिश्रा की आवाज लोगों के कानों तक नहीं पहुंचा था ।लेकिन वर्ष 2023 में राजकीय ईटखोरी महोत्सव एक बार फिर अपने भव्य रूप से आगाज होगा। संध्या 7ः00 बजे से रात्रि 10ः00 बजे तक देश के जाने-माने प्रतिष्ठित कलाकारों के द्वारा अपनी कला की प्रस्तुति की जाएगी और साथ ही साथ स्थानीय कलाकारों के द्वारा भी कार्यक्रम पेश किया जाएगा। महोत्सव को लेकर ईटखोरी मंदिर परिसर सहित सभी स्थलों को बेहद ही आकर्षक एवं रंग रोगन कर सुसज्जित किया गया है। जिला प्रशासन के द्वारा महोत्सव को सफल बनाने के लिए कर पुरजोर उपाय किए गए हैं । चतरा इटखोरी मुख्य मार्ग से ही राजकीय ईटखोरी महोत्सव की भव्यता का नजारा दिखने लग जाएगा। जिला प्रशासन ने भी सुरक्षा को लेकर भी व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

## महाशिवरात्रि के अवसर पर लगे दस दिवसीय पशु मेला का जीप उपाध्यक्ष ने किया उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** 17 वर्ष पूर्व कौलेश्वरी में मेला का शुभारंभ किया गया था। समय के साथ-साथ मेले का स्वरूप भी अपग्रेड हुआ है। मेला से लोगों में मेल-जोल भी बढ़ाता है। इससे आसपास के लोगों में रोजगार का अवसर प्राप्त होता है। मेला मनोरंजन का भी साधन उपलब्ध कराता है।उक्त बातें गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय के कौलेश्वरी मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि के अवसर पर लगे दस दिवसीय पशु मेला का उद्घाटन समारोह को सम्बोधित करते हुए जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने कहा।दस दिवसीय मेला का उदघाटन फीता काट कर किया। मेले में अनेकों प्रकार की स्टाल के साथ-साथ बर्तन व मिठाई की दुकानें लगाई गई है। उद्घाटन के साथ ही मेला में खरीद-बिक्री शुरू हो गई। मेला समिति के सदस्यों के अनुसार पशु मेला दस दिनों तक चलेगा। महाशिवरात्रि के मौके यहां स्थित शिव मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कीपशु मेले के उद्घाटन के मौके पर राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षक



देवचरण दांगी , प्रखंड प्रमुख अनीता यादव ,जिला परिषद प्रतिनिधि बालेश्वर यादव , भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल दांगी, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुशवाहा, कान्हाचट्टी भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश सिंह, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष महावीर दांगी, आजसू प्रखंड अध्यक्ष बहादुर दांगी, विनोद ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि महादेव दांगी ,स्थानीय थाना प्रभारी मनोज पाल , जगदीश यादव , मुखिया निर्मला देवी, मुखिया पंचायत समिति सदस्य सरिता देवी, मुकेश, महेंद्र राम , मटुकधारी दांगी समेत गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## बिजली विभाग की विफलता ,एक जगह कई बार तार टूटने की शिकायत

### उपभोगता परेशान, विभाग लापरवाह, तार बदलने में आना कानी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** प्रखण्ड मुख्यालय के बन्हे कब्रिस्तान के बगल मुहल्ला में एक हीं जगह बार बार 11 हजार तार टूटने से ग्रामीण उपभोगता परेशान है। तार की हालत बिलकुल दयनीय है। बार बार तार टूट जाने से उसी तार को केवल जोड़वा दिया जाता है। यानी की खाना पूर्ति कर दी जाती है। जबकि उक्त स्थान पर नया तार बदलने की जरूरत है। पिछले एक माह पूर्व तार टूट जाने की शिकायत एसडीओ व जेई से की गयी थी जहां कहा गया था कि अबकी बार इसी तार को जोड़ दे रहा हूँ। अबकी बार तार को नया लगाया जाएगा। जबकि मुहल्ले में तार टूटने की शिकायत



लगभग दर्जनों बार हो चुका है । उपभोगताओं की शिकायत पर मिस्त्री द्वारा उसी तार को जोड़ कर लाईन प्रवाहित कर दी जाती है। परंतु महज एक सप्ताह के अंदर हीं पुनः तार टूट जाता है। मो असलम ने कहा कि विभाग की लापरवाही का खमियाजा हम उपभोगता झेल रहे हैं।उपभोगताओं ने विभाग से तंग आकर विभाग के खिलाफ सड़क पर उतर कर आंदोलन करने की तैयारी में जुटे गए हैं।

## शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ महिलाओं ने किया भोलेनाथ की पूजा अर्चना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत सैकड़ों शिव मंदिरों में महाशिवरात्रि की पूजा अर्चना भव्य एवं धूमधाम से सुहागन महिलाओं ने 18 फरवरी शनिवार को पूजा अर्चना किया। बताते चलें कि गिद्धौर में स्थित बटेश्वर शिव मंदिर रामेश्वर शिव मंदिर कौलेश्वरी शिव मंदिर सलगा शिव मंदिर कटघरा शिव मंदिर गांगपुर शिव मंदिर बारिसाखी शिव मंदिर सिदवारी शिव मंदिर में महिलाएं अखंड सौभाग्यवती की मनोकामना करते हुए महाशिवरात्रि की पूजा किया है। लोगों ने भोलेनाथ की विवाह की अनंत कथाएं सुंदर सुशोभित एवं त्रिलोकीनाथ की अनंत आशीर्वाद पाने की कामना से महाशिवरात्रि पूजा किया जाता है इस पूजा में पति के अकाल मृत्यु से बचाने को लेकर भी कथाएं कही जाती है। अकाल मृत्यु से बचने के लिए महामृत्युंजय के जाप करने से भी महाशिवरात्रि के दिन बहुत शुभ माना गया है जिससे पुरुषों की अकाल मृत्यु का भय नहीं होता है।

## महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, पुलिस प्रशासन मुस्तैद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** शनिवार को महाशिवरात्रि पर प्रखंड में श्रद्धालुओं की भक्ति से माहौल चकाचौंध रहा ।इस दौरान प्रसिद्ध प्राचीन पहाड़ी मंदिर में सुबह के 4ः00 बजे से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो चुका था जहां शाम तक लगातार श्रद्धालु पूजा-अर्चना करने को लेकर प्राचीन पहाड़ी मंदिर में पहुंच रहे थे । प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्राचीन पहाड़ी मंदिर में पूजा अर्चना करने को लेकर लोग प्रखंड के साथ-साथ पलामू गढ़वा जिले और छत्तीसगढ़ बिहार से भी श्रद्धालु सड़क और रेल मार्ग पहुंच रहे थे जहां हजारों की भीड़ के बीच श्रद्धालुओं के द्वारा मंदिर परिसर स्थित भगवान भोलेनाथ और मां पार्वती की पूजा अर्चना कर रहे थे । वही प्राचीन पहाड़ी मंदिर के साथ-साथ प्रखंड के पंचमुखी शिव मंदिर , सरईडीह शिव मंदिर , लाभर शिव मंदिर थाना परिसर शिव मंदिर समेत अन्य शिवालयों में भी पूजा-अर्चना करने को लेकर शिव भक्तों का ताता लगा हुआ रहा । वहीं प्रखंड के पंचमुखी मंदिर में चल रहे तीन दिवसीय यज्ञ के समापन के बाद मंदिर समिति के द्वारा भव्य भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह के द्वारा शामिल पुजारियों को भोजन कराने के बाद भंडारे में पहुंचे श्रद्धालुओं के बीच भंडारे के प्रसाद का वितरण किया ।

## शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़ किया भोले नाथ पर जलाभिषेक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पत्थलगड़ा :** महाशिवरात्रि का त्योहार शनिवार को भी श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। शिव भक्तों ने अन्न का त्याग करके दिन भर भोले शंकर की पूजा अर्चना की और आज दिन भर ओम नमः शिवाय का जाप किया। मंदिरों में शिवलिंग का अभिषेक करने वालों की कतारें लगी जबकि शाम को कीर्तन तथा देर रात तक जागरण से भोले बाबा का गुणगान हुआ। सूर्योदय के साथ ही श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो गया और सुबह 8 बजे तक तो हर मंदिर के बाहर लंबी कतारों में खड़े श्रद्धालु हाथ में पूजा की थाली लिए भोले बाबा के दर्शन करने का इंतजार करते दिखे। से विशेष तौर पर गंगाजल,दूध से शिव का अभिषेक किया गया। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक करके दूध, भांग, धतूरा, बेल पत्र, गंगाजल, दही, शहद तथा फल आदि अर्पित किए। वहीं धूप दीप करके शिव स्त्रोत और शिव चालीसा का पाठ किया। व्रतधारियों ने आलू, कुटू का आटा, दही व मिष्ठान का भोग लगाकर व्रत खोला। प्रखंड में प्रसिद्ध तीर्थ स्थल लेम्बोईया, नवाडीह शिव मंदिर ,बेलहर , कुब्बा, बरवाडीह, सिंघानी, नोनगांव महादेव शिवालियों में भोले बाबा की आराधना कर महाशिवरात्रि का पर्व मनाया गया।

## राजकीय इटखोरी महोत्सव 2023 के सफल आयोजन को लेकर जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में जिला प्रशासन का प्रेस कांफ्रेंस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** राजकीय इटखोरी महोत्सव 2023 के सफल आयोजन को लेकर जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल और अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी के द्वारा प्रेस को संबोधित किया गया।इस मौके पर राजकीय इटखोरी महोत्सव संबंधित विधि व्यवस्था की सम्पूर्ण जानकारी प्रेस वार्ता में उपस्थित पत्रकारों को दी गई। अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल ने ईटखोरी महोत्सव की महत्ता और महोत्सव के सृजन के बारे में बताते हुए कहा की ईटखोरी महोत्सव को राजकीय महोत्सव का दर्जा इसके आरंभ होने के एक साल बाद 2016 में मिला और तभी से इस महोत्सव को मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा की महामारी के कारण 2021 और 2022 में यह महोत्सव सांकेतिक रूप से मनाया गया था। इस वर्ष बहुत ही भव्य तरीके से ईटखोरी महोत्सव 2023 मनाने की पूरी तैयारी कर ली गई है।

## टोरी-शिवपुर थर्ड रेल लाइन में अपराधियों ने चलाई गोली, कोई हताहत नहीं

### दो नकाबपोश अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम






प्रभात मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ :** टोरी से शिवपुर तक थर्ड रेल लाइन निर्माण कार्य कर रहे साई कृपा कंपनी के साइट पर जरी ओवरब्रिज के समीप शनिवार की संध्या लगभग 5ः30 बजे दो अज्ञात अपराधियों ने मिट्टी कटाव कार्य कर रहे पोकलेन पर गोली चलाई ।पोकलेन ऑपरेटर विकास कुमार ने बताया कि दो लोग पैदल छोटे हथियार लेकर पोकलेन के समीप पहुंचे उन्होंने अपना चेहरा ढके हुए था आते ही चार राउंड फायर किया व हम लोगों से कहा कि काम बंद करके भाग जाओ ।घटना की सूचना पोकलेन ऑपरेटर विकास द्वारा अपने साइट इंचार्ज दयाशंकर सिंह को दिया ।उसके बाद इसकी सूचना बालूमाथ पुलिस को दी गई घटना की सूचना पाकर बालूमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार,थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर घटना की जानकारी ली ।इधर साइड इंचार्ज गया दयाशंकर सिंह ने बताया कि 15 जनवरी को अमन साहू गिरोह के मयंक सिंह द्वारा व्हाट्सएप पर मैसेज भेज कर रंगदारी की मांग की गई थी ।यह घटना किसके द्वारा की गई है ।यह नहीं बता पाएंगे ।घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है । इधर बालूमाथ थानां प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने कहा कि मामले की छानबीन कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

## शिवरात्रि में महुआडांड़ समेत सरना धाम में शिवभक्तों का लगा तांता



**महुआडांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शिवरात्री के अवसर मे शनिवार सुबह से महुआडांड का माहौल शिवमय रहा।जगह-जगह भक्तो द्वारा पूजा पाठ एवं जल अभिषेक किया गया।प्रखंड मुख्यालय व विभिन्न गांव के शिव मंदिर में विशेष आयोजन चलता रहा। इस शुभ बेला मे सुबह स्नान करने के बाद भक्तो ने शिवलिंग मे जल एवं दुग्धाभिषेक किया। साथ अलग-अलग तरीके से पूजन, भजन, कृतन कर शिव की स्तुति कर भोलेनाथ को खुश करने में जुटे रहे। हर वर्ष की भांति महुआडांड़ मुख्यालय से तकरीबन पांच किलोमीटर की दूर परहाटोली पंचायत ग्राम बेलटोली के टोगरीं स्थित महादेव सरना धाम स्थल पर स्थानीय भक्तो के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुबह रामपुर व बिरहा नदी संगम स्थल से श्रद्धालु जल लेकर महादेव सरना धाम पहुंचे व शिवलिंग का जलाभिषेक किया।हजारो की संख्या मे महिला एवं पुरूष श्रद्धालु दर्शन कर सुख शांति की कामना किये।इस अवसर मे महादेव सरना धाम मे शंकर यादव, हरेन्द्र नाथ साह के द्वारा सयुंक्त रूप से कृतण-भजन व भंडारा का आयोजन किया गया।शिवरात्रि के अवसर पर महुआडांड़ थाना परिसर स्थित शिव मंदिर, आईआरबी कैम्प, शिव मंदिर और सीआरपीएफ बासंकरचा शिव मंदिर मे भी कार्यक्रम का आयोजित किया गया, साथ भंडारा का आयोजन किया गया।बाबा टांगीनाथ पवित्र धाम मंदिर श्रद्धालुओं का लगा तांता महुआडांड़ से 35 किलोमिटर की दूरी पर गुमला जिले के डुमरी प्रखंड के पहाड़ पर बहुचर्चित बाबा टांगीनाथ का पावन धाम है। जहां हर वर्ष शिवरात्रि के अवसर पर तीन दिवसीय मेला लगाया जाता है ।महुआडांड़ थाना प्रभारी आशुतोष यादव भी बेल टोली पहुंचे दल बल के साथ एवम् पूजा स्थल का जायजा लिया एवम् भगवान का दर्शन किए ।महुआडांड़ प्रखंडवासी भक्त अपने अपने प्रतिष्ठानों एवं अन्य कार्यों को छोड़ मंगलवार को बाबा टांगीनाथ के दर्शन के लिए सुबह से ही गाड़ियों मे भर कर जाते रहे।मान्यता है कि भक्त जो भी मन्नत मांगते हैं। उनकी मन्नतें पुरा होता है।इसलिए झारखंड ही नहीं छत्तीसगढ, बिहार राज्यों से भक्त भर आते ही है। विषेश रूप से शिवरात्रि के समय पूरे परिवार के साथ बाबा के दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगाता है। महादेव सरना समिति के लोग भंडारा का भी आयोजन की इस कार्यक्रम कि सफल बनाने में सुनील नागेसिया , मंसु नागेसिया रणधीर , आशुतोष , विशेष , मनोहर , रवि एवम् दर्जनों लोग शामिल थे ।

## भटक कर हिरन पंहुचा गांव, ग्रामीणों ने किया वन विभाग को सुपुर्द

**रमना(गढ़वा)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रमना थाना क्षेत्र के सिलीदाग गांव मे भटक कर पहुंचे हिरन को ग्रामीणों ने वन विभाग के टीम को सुपुर्द कर दिया।जानकारी के मुताबिक शनिवार के सुबह सिलीदाग मे लक्ष्मण राम के सरसों के खेत में छुपे हिरण को देखकर बच्चे शोर मचाने लगे। शोर सुनकर हिरन भागने लगा भागने चक्कर में नागेंद्र राम की चारदीवारी को छलांग मारते हुए घर में जाकर छुप गया गांव में हिरण घुसने की सूचना जैसे ही लोगों को मिली हिरन देखने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। भागने के क्रम में हिरन के चेहरे पर चोट के भी निशान उभर आए हैं। जिससे रक्त स्राव हो रहा था।ग्रामीणो की सूचना पर पहुंचे रमना वन परिसर के प्रभारी वनपाल ध्रुप कुमार वनरक्षी प्रवीण कुमार शुक्ल ने हिरन को जब्त करते हुए रमना वन परिषर ले आए है।ध्रुप कुमार ने बताया कि हिरन भयभीत है ।भागने के क्रम मे चेहरा मे चोट लगी है जिसका इलाज कराया जा रहा है।वरिय अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है ।निशानिर्देश मिलने के बाद अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

## प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ मनी महाशिवरात्रि

**भवनाथपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस प्रशासन के सहयोग हर्षोल्लास के साथ महाशिवरात्रि पूजा मनाया गया। सुबह से ही विभिन्न शिवालयों में भक्तों के द्वारा जलाभिषेक कर विशेष पूजा अर्चना की गई।जबकि शिव मंदिरों में पूजा कमीटी के द्वारा विशेष आयोजन कर पूजा के साथ-साथ शिव पार्वती का विवाह संपन्न कराया गया। इस अवसर पर शिवालयों को मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाया गया था। थाना परिसर में स्थित शिव मंदिर में ब्रिक्रमा मिश्रा के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कराया गया, जबकि प्रखंड मुख्यालय गेट के बगल में शिव मंदिर में पूजा अर्चना की गई । टाउनशिप दुर्गा मंदिर परिसर में स्थित शिव मंदिर में विशेष पूजा अर्चना के साथ-साथ शिव पार्वती का विवाह संपन्न कराया गया। शिवा ढोंडा स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना की गई साथ ही मेला का भी आयोजन किया गया और कड़िया राज धाम पर भी पूजा अर्चना के साथ बिरहा भक्ति जागरण का भी प्रोग्राम किया गया। जहां सुबह से भक्तों ने भक्तों के द्वारा पूजा अर्चना के लिए भीड़ लगी रही।

## भवनाथपुर में राष्ट्रीय नाई महासभा प्रखंड इकाई का हुआ गठन

**भवनाथपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत राष्ट्रीय नाई महासभा प्रखंड कमेटी का गठन जिला से नियुक्त पर्यवेक्षक की उपस्थिति में की गई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व सेवानिवृत्त बोकारो स्टील माइंस टाउनशिप के रामेश्वर ठाकुर जी एवं पर्यवेक्षक अशोक ठाकुर जी तथा बैठक में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश के प्रदेश सचिव की गरिमामय उपस्थिति में कमेटी का चयन किया गया।प्रखंड कमेटी का गठन में सर्वसम्मति से राष्ट्रीय नाई महासभा के प्रखंड अध्यक्ष श्री भैरव गुण ठाकुर जी का चयन किया गया।वही सचिव पद के लिए सर्व समिति से धनंजय ठाकुर का चयन किया गया।कोषाध्यक्ष पद के लिए सुनील कुमार ठाकुर का चयन किया गया। राष्ट्रीय नाई महासभा भवनाथपुर प्रखंड का गठन के समय मुख्य रूप से प्रोफेसर डॉक्टर स्कंद भारती शिक्षक सुरेंद्र ठाकुर, जितेंद्र ठाकुर अमरेश कुमार ठाकुर सुदेश्वर ठाकुर शेषनाथ ठाकुर सतेंद्र ठाकुर सुरेंद्र ठाकुर के अलावा काफी संख्या में नाई समाज के लोग उपस्थित थे।

## अखिल विश्व गायत्री परिवार के ने हर्षोल्लास के साथ महाशिवरात्रि का पर्व मनाया

**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर पंचायत क्षेत्र के जंगीपुर पेट्रोल पंप के निकट स्थित मां गायत्री शक्तिपीठ परिसर में शनिवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार के द्वारा शिव विवाह, महाशिवरात्रि का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. सबसे पहले महाकालेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक एवं जलाभिषेक किया गया. शिव भक्तों ने व्रत रख भगवान शिव, मां पार्वती की विधिवत पूजा अर्चना व हवन किया, वहीं मंदिर परिसर में पूरे दिन ओम नमः शिवाय व हर हर महादेव का जयघोष करते हुए भगवान भोलेनाथ का दुग्धाभिषेक कर विश्व शांति व कल्याण की कामना किया गया. इसके बाद श्रद्धालुओं ने गायत्री हवन कर आरती किया. गायत्री परिवार के परिव्राजको द्वारा शिव पूजन पूरे विधि-विधान से कराया गया. कार्यक्रम के अंत में प्रसाद का वितरण कर कार्यक्रम संपन्न हुआ .पूजन के क्रम में शिवरात्रि के महत्व को बताते हुए गायत्री परिवार के अजीत चौबे ने कहा कि शिवरात्रि को महाशिवरात्रि कहते हैं. महा रात्रि चार होते है।

## संक्षिप्त खबरें

### आदित्य साहू ने किया चुनावी बैठक, एनडीए प्रत्यासी के पक्ष में मांगा वोट



**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में चुनाव प्रभारी बनाए गए प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहु ने रामगढ़ कैंट के तीन नंबर वार्ड स्थित साहू कॉलोनी में चुनावी बैठक किया। इस चुनावी बैठक में बाइस नंबर बुथ के अध्यक्ष संतोष साह सहित सभी पन्ना प्रमुख के साथ स्थानीय निवासी भी मौजूद रहे।बैठक को संबोधित करते हुए आदित्य साहू ने कहा की कांग्रेस की पूर्व विधायक ने सत्ता सुख भोगने के लिए अपनी आंसुओं को दिखाकर जनता को ठगने का काम किया है। राज्य में सत्तासीन गठबंधन की सरकार ने लूट खसोट का गठबंधन किया है जिन्हें जनता की जरूरतों को समझने की कोई चिंता नहीं। आगे उन्होंने याद दिलाते हुए कहा की प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारे एनडीए गठबंधन की सरकार ने करोना महामारी के दौरान लगभग पिछले तीन सालों तक देश के अस्सी करोड़ गरीब जनता को बिल्कुल मुफ्त राशन उपलब्ध करवाया साथ हीं सभी के जनधन खाते में हजारों रुपए भी दिया जिससे लाखो गरीबों को राहत मिली। और ये कांग्रेस समर्थित झारखंड सरकार ने केंद्र से भेजे गए राहत सामग्री को भी लूटने में कोई कमी नहीं रखी। साथ हीं उन्होंने उपस्थित जनता से अपील करते हुए कहा की आप सभी अपने भविष्य के साथ रामगढ़ के विकास के लिए एनडीए की मजबूत गठबंधन की संयुक्त प्रत्यासी सुनीता चौधरी को वोट देकर भारी मतों से विजयी दिलवाएं। इस बैठक में मुख्य रूप से कैंट प्रभारी प्रकाश मिश्रा, महामंत्री प्रो.खिरोधर साहू,राजीव पामदत्त,प्रो.आलोक सिंह,विजय जायसवाल,रोबिन गुप्ता,मिडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी, प्रवीण सोनू, संतोष शर्मा, धीरज साहू इत्यादि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव 2023 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, रामगढ़ माधवी मिश्रा के निर्देश पर मतदाता जागरूकता कोषांग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में मतदाता जागरूकता कोषांग द्वारा शनिवार को वैसे क्षेत्रों जहां पूर्व में हुए चुनाव में मतदान प्रतिशत कम रहा था उन क्षेत्रों में मतदाताओं को 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के दौरान 27 नवंबर को होने वाले मतदान के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान पोस्टर, बैनर, रंगोली, रैली आदि के माध्यम से लोगों को मतदान के महत्व, मतदान संबंधित आवश्यक दस्तावेजों आदि की जानकारी देने के क्रम में सभी से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई।

# प्राचीन शिव मंदिर कैथा में महाशिवरात्रि की पूजा संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** प्राचीन शिव मंदिर कैथा में महाशिवरात्रि पूजा भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ।महाशिवरात्रि को लेकर अहले सुबह से ही मंदिर में शिवभक्तों का तांता लगा रहा । इस अवसर पर मुख्य अतिथि रामगढ़ विधानसभा प्रभारी सुनिता चौधरी ने कैथा प्राचीन शिव मंदिर पहूंच भगवान शंकर का पूजन कर महाशिवरात्रि पूजन के महत्व से श्रद्धालुओं को अवगत किया। उन्होंने कहा कि भगवान भोलेनाथ भक्तों के दुख हरते हैं। भगवान शंकर की



भक्तो के प्रति अगाध कृपालु हैं। विविधता में एकता और सामंजस्य स्थापित करना उनके चरित्र से हम सीखते हैं। सुनिता चौधरी ने भगवान शंकर से रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और समृद्धि की कामना किया। वहीं बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रौशनलाल चौधरी ने कहा कि कहा कि भगवान शंकर दयानिधान हैं उन्होंने अनेकानेक बार सृष्टि का संरक्षण किया। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर हम सभी सात्विकता को आत्मसात करें। मानवता और परोपकार को चरित्र बनाएं। महाशिवरात्रि मेला आयोजन को लेकर उन्होंने आयोजन समिति को धन्यवाद दिया और सभी के उज्जवल भविष्य की कामना किया। वार्ड पार्षद देवधारी महतो ने कहा कि भगवान शिव भक्तों की मनोकामना पूर्ण करते हैं। उन्होंने सच्चे हृदय से ईश्वर की आराधना करने और उत्सव मनाने की बात कही।इस अवसर पर अतिथियों ने खीर महाभोग का वितरण श्रद्धालुओं के बीच किया।इस अवसर पर दिन के समय में जागरण और रात्रि पहर में हरि कीर्तन का आयोजन किया। आयोजन को लेकर आयोजन समिति व मंदिर समिति अध्यक्ष राजेश महतो ने कहा कि कैथा प्राचीन शिव मंदिर में प्रतिवर्ष मेले का आयोजन किया जाता है।बड़ी तादाद में भक्त जुटते हैं और भगवान के दर्शन और पूजन कर मनोरथ की प्राप्ति करते हैं। इस अवसर पर आयोजित समिति सचिव राजकुमार महतो, कोषाध्यक्ष सह वार्ड पार्षद 26 देवधारी महतो,उपाध्यक्ष रतन राम महतो,डिया महतो रामप्रकाश महतो,संजय करमाली,परमेश्वर महतो,माधव करमाली,रतन लाल महतो,सहसचिव अजय आस्था,संजय महतो,परितोष चटर्जी,अमित दास,छोटे लाल महतो,सतीश कुमार आदि सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

## यूपीए प्रत्याशी बजरंग महतो ने तूफानी दौरा किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** गोला प्रखंड के कुम्हरदगा संग्रामपुर सरलाकला हुल्लु मुरुडीह टांडिल बिसा पतरातु में डोर टू डोर जनसंपर्क करते महागठबंधन प्रत्याशी बजरंग महतो साथ ही कहा की रामगढ़ विधानसभा की आप सभी तामाम जनता ने पुर्व विधायक ममता देवी को 5 साल के लिए चुना था लेकिन षडयंत्र के तहत उन्हे जेल भेजने का काम किया गया ओर 3 साल में ही उनकी सदस्यता रद्द कराने का काम किया ये चुनाव जनबल और धनबल का चुनाव न्याय और अन्याय का चुनाव है। हमारी हेमन्त सोरेन की सरकार ने पंचायत में पहुंचकर पेंशन दिलाने का काम किया गया इसी लिए आने वाले 27 फरवरी को क्रम संख्या एक में हाथ छाप पर बटन दबाकर भारी से भारी मतों से विजय दिलाने का अपील किए ।

## दर्जनों युवाओं ने थामा झारखण्ड पार्टी का दामन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** सोसोकला गाँव के जागरूक युवाओं ने झारखण्ड पार्टी के विधानसभा उपचुनाव के प्रत्याशी संतोष कुमार महतो से सम्पर्क किया और पार्टी के विचार धारा और चुनावी मुद्दों से प्रभावित होकर पार्टी से जुड़ने की बात कही । इसी क्रम में आज सोसोकला पहुँच कर झापा प्रत्याशी संतोष कुमार महतो और पार्टी के अध्यक्ष अजित कुमार,उपाध्यक्ष एलेस्टर बोदरा,प्रधान महासचिव अशोक



भगत ने नीता देवी(पूर्व उप मुखिया),राय समाज के मुनाफ़ राय,दिलशाद राय,तौफ़ीक़ राय,इमरान हुसैन राय,हाशिम राय,हैदर राय,दियानत राय,शाहिल राय,गुलाम मोहम्मद राय,हकीम राय,राजू महतो,प्रेमचंद महतो,राहुल चौधरी,डेमु महतो,चामु मुण्डा,गुलाब रविदास,अभय भूषण मुण्डा,टिंकु कुमार,बदरू राय,कुंदन पाहन,गुल्फ़ाम राय,सुभाष महतो,सुमन रविदास,जियाउल्लाह अंसारी एवं अन्य ग्रामीणों को माला पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलायी। नीता देवी ने कहा कि रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में पार्टी के अहम मुद्दों और रामगढ़ के मूलभूत समस्याओं यानि शिक्षा,रोज़गार, स्वास्थ्य सहित सभी मुद्दों से प्रभावित होकर पार्टी में जुड़ रहे हैं और जनजागरणके माध्यम से चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगे।

## उपायुक्त ने किया रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ का निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के मद्देनजर शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे के साथ रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उप निर्वाचन के मद्देनजर कमिश्निंग एवं मॉक पोल कार्यों का जायजा लिया। मौके पर सुश्री मिश्रा ने वरीय पदाधिकारी निर्वाचन समन्वय कोषांग सह अपर समाहर्ता, निर्वाची पदाधिकारी 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी



मोहम्मद जावेद हुसैन सहित अन्य अधिकारियों से कमिश्निंग एवं मॉक पोल संबंधित कार्यों की जानकारी लेने के उपरांत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही सुश्री मिश्रा ने रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ में सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। गौरतलब हो कि रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के मद्देनजर शनिवार को उप निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों ने रामगढ़ महाविद्यालय, रामगढ़ में मॉक पोल किया।

## रामगढ़ विधानसभा में हुई चाय पर चर्चा, आदित्य साहू हुए उपस्थित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** शनिवार सुबह रामगढ़ के वैष्णव मंदिर के समीप स्थित छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष अनमोल सिंह के आवास पर चाय पर चर्चा हुई। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा के प्रदेश महामंत्री, राज्यसभा सांसद सह उपचुनाव प्रभारी आदित्य साहू उन्पस्थित हुए।चाय और बिस्किट के साथ चुनावी चर्चा करते हुए आदित्य साहू ने कहा की पिछले तीन सालों से रामगढ़ के विकास का पहिया थम चुका है। राज्य में ट्रांफर पोस्टिंग और खनिज तस्करी का उधोग चरम पर है। जो अधिकारी पैसे देकर मनचाही पोस्टिंग पर जाएंगे तो वो वहां ईमानदारी से नौकरी कैसे कर सकते हैं। उन्होंने कहा की आज सत्ता सुख भोगने वाली कांग्रेस गठबंधन की सरकार ने चुनाव के समय युवाओं से रोजगार सहित बेरोजगारी भत्ता देने के वायदे कर सत्ता हासिल किया पर युवाओं को रोजगार देने के बजाय स्पेशल फोर्स और



सहिया दीदियों का रोजगार छीन लिया। इतना हीं नहीं झारखंड के गरीब जनता और किसानों से पेट्रोल ÷कूपन÷ के माध्यम से पच्चीस रुपए का सब्सिडी देने का वायदा कर उनको भी ठग लिया और आज तक किसी को एक रुपया नही मिला। इसलिए आज देश को विश्व में एक नई पहचान दिलवाने वाले भाजपानित एनडीए गठबंधन के संयुक्त उम्मीदवार सुनीता चौधरी को जीत दिलाकर इनकी लूट और भ्रष्टाचार भरी सरकार को उखाड़ फेंकना है।

## रामगढ़ उपचुनाव में रिकॉर्ड तोड़ मतों से जीतेगी कांग्रेस : डॉ आरसी मेहता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव कांग्रेस पार्टी भारी मतों से जितेगी क्योंकि ममता देवी साजिशन फंसाया गया है,उक्त बातें हजारीबाग से सांसद रह चुके भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने बजरंग महतो को अपना समर्थन देते हुए वार्ड नंबर 4 में चुनाव जनसंपर्क के दौरान कही। हजारीबाग विधानसभा कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी डॉ आर सी मेहता ने कहा की मोदी जी बुलेट ट्रेन के जगह ट्रेन बेच रहे हैं, हर खाते में 15 लाख आने की जगह हर खाते से एलआईसी एवं सहारा का अरबों रुपए गरीबों से लूटा जा रहा है।जनता की सहानुभूति से बजरंग महतो पिछले चुनाव की तुलना में ज्यादा वोटो से जीतेंगे।कांग्रेस इंटेक्स के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष साजिद अली खान ने कहा कि रामगढ़ में धनबल पर जनबल भारी पड़ेगा। बरकट्ठा विधानसभा के शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रवक्ता प्रोफेसर ब्रजकिशोर मेहता ने कहा की स्व राजीव गांधी ने देश में कंप्यूटर क्रांति लाकर शिक्षा का अलख जगाया है। हर हडिया हरमुडिया चावल सोनिया गांधी के द्वारा दी गई है।

## भव्य कलश यात्रा के साथ सिंदूर चौक पर शुरू हुआ रूद्र चंडी महायज्ञ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शनिवार को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर सदर प्रखंड स्थित सिंदूर चौक में अयोजित श्री श्री 108 रुद्र चंडी महायज्ञ समारोह सह भगवती मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का भव्य और दिव्य कलश यात्रा के साथ पांच दिवसीय महायज्ञ के धार्मिक अनुष्ठान की शुरूआत हुई। मौके पर विशेष रूप से हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल, हजारीबाग जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता,सदस्य मुकेश कुमार मेहता, भाजपा नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता, आरके मेहता, नवीन सिन्हा सहित कई गणमान्य शामिल हुए। कलश यात्रा बड़े ही अनुशासित और कतारबद्ध तरीके से एनएच होते हुए सिंदूर से नगवां स्थित नदी तक पहुंची जहां से जल उठाकर वापस लौटी। कलश यात्रा के आगे पानी छिड़कने वाला



टैंकर,उसके बाद भगवा झंडे के साथ आकर्षक जीप से सजा रथ फिर भक्ति जागरण के कलाकारों का जत्था भक्ति गीतों से लोगों को झुमा रहे थे।वहीं ट्रैफिक नियमों के पालन और बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ से संबंधित गीतों की प्रस्तुति के साथ लोगों के बीच सामाजिक संदेश भी दिया जा रहा था। भोले बाबा के खोरठा गीत की प्रस्तुति पर स्थानीय लोगों संग सदर विधायक मनीष जायसवाल और भाजपा नेता बटेश्वर प्रसाद भी झूम उठे। शनिवार से शुरू हुए इस पांच दिवसीय महायज्ञ का समापन 22 फरवरी को भगवती प्राण प्रतिष्ठा, श्रृंगार पूजन, हवन, कन्या पूजन और महाभोग वितरण के साथ पूर्णाहुति होगी। इस दौरान यहां प्रत्येक दिन संध्या 7 बजे प्रसिद्ध कथा वाचक देवी संध्या जी का प्रवचन होगा। यज्ञ आचार्य गोपाल शास्त्री और उप आचार्य पंडित दिनेश शास्त्री हैं ।मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा की महायज्ञ के आयोजन से मन मस्तिष्क पवित्र और सात्विक होता है। समाज में सुख, शांति और समृद्धि आती है।

### प्राचीन सढ़वा महादेव मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण के लिए प्रयासरत हूं : मनीष जायसवाल

**हजारीबाग :** शनिवार को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कटकमसांडी प्रखंड के लुपुंग ग्राम अवस्थित प्राचीन शिव मंदिर सढ़वा महादेव में पूजा-अर्चना कर भगवान भोलेनाथ से क्षेत्र और क्षेत्रवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। फ़िर लुपुंग के ग्रामीणों संग शिव बारात में शामिल हुए। विधायक मनीष जायसवाल का यहां ग्रामीणों और स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने अंग- वस्त्र ओढ़ाकर और फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। मौके पर सदर विधायक मनीष जायसवाल ने बताया की सढ़वा महादेव मंदिर अद्भुत और बेहद ही प्राचीन है। मान्यता है कि यहां दो शिवलिंग स्वयं प्रकट हुए हैं। यहां कुल तीन शिवलिंग हैं जिसमें एक की स्थापना ग्रामीणों ने की है। इसके अतिरिक्त नंदी जी महाराज की भी यहां भव्य प्रतिमा स्थापित है।

### होली मिलन की तैयारी को ले जिला तैलिक समाज की बैठक 21 को

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला तैलिक समाज का होली मिलन समारोह 26 फरवरी को डीपूगड़ा स्थित बिहारी साव के प्रांगण में होना है। होली मिलन समारोह के लिए एक तैयारी बैठक 21 फरवरी को ओकनी धर्मशाला में 2 बजे से बुलाई गई है। बैठक तैलिक समाज के जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में किया जाएगा। वही बैठक का संचालन जिला महासचिव ओरिया निवासी नारायण साव द्वारा किया जाएगा। नारायण साहू ने जिला एवं प्रखंड के सभी समाज के लोगों को होली मिलन समारोह में एकजुट होकर धूमधाम से त्यौहार मनाने का आग्रह किया है।

### शिवालयों में पूजा-अर्चना करने के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के ऐतिहासिक धार्मिक पर्यटन स्थल सूर्यकुण्ड धाम के अलावे पूरे प्रखंड क्षेत्र में शिवरात्रि पर्व को लेकर अहले सुबह से ही शिवमंदिरों में शिवभक्तों के द्वारा पूरे भक्ति-भाव से भोलेनाथ एवं माता पार्वती का पूजा-अर्चना श्रद्धालुओं के द्वारा पूरे भक्ति-भाव से किया जा रहा है।क्षेत्र के शिलाडीह,बेलकप्पी,गोरहर,गोरहर थाना परिसर स्थित शिवमंदिर,बरकट्ठा ,बरकट्ठा प्रखंड कार्यालय स्थित शिवमंदिर, सलैया, झुरझुरी, बंडासिंगा, गैडा,गंगपाचो आदि गावों के शिवालयों को आकर्षक रूप से सजाने हेतु श्रद्धालुओं के द्वारा अत्याधुनिक तकनीक के लाईटों से सज्जा-सजावट किया गया है।एवं बाबा भोलेनाथ के गीतों-नारों एवं भजनों से पूरे प्रखंड क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया है।

### विधायक ने किया पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास

**बरकट्ठा(प्रभात मंत्र संवाददाता):**प्रखंड क्षेत्र के पंचायत बरकट्ठा उतरी के जीटी रोड तेली टोला से पनघटवा टोला होते हुए शिवमंदिर तक पी.सी.सी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक अमित कुमार यादव,जिप अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता,जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव,जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया,प्रखंड प्रमुख रेणु देवी के द्वारा संयुक्त रूप से विधिवत पूजन कर एवं नारियल फोडकर किया गया। सड़क का निर्माण कार्य डीएमएफ.टी मद के प्राक्कलन राशि 62.57 लाख रुपये की राशि से किया जायेगा।मौके पर भाजपा नेता बटेश्वर मेहता,प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि उमेश प्रसाद,दुर्गानंद झा,महादेव यादव,टुकलाल नायक,इंद्रजीत प्रसाद,त्रिवेणी यादव, अनिल आजाद, सुरेन्द्र नायक, मिथलेश भारती, राजकुमार यादव, शंकर यादव आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### सामाजिक कार्यकर्ता के पिता का निधन, शोक

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत चलंगा निवासी ब्रह्मदेव यादव के पिता पच्चू महतो उम्र 100 वर्ष अचानक रात में निधन हो गया। निधन की खबर सुनते ही समाजसेवियों एवं जनप्रतिनिधियों ने परिजन से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त किए। जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने बताया कि पच्चू महतो एक सामाजिक व्यक्ति थे। एवं सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर के हिस्सा लेते थे। वही मौके पर जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, ब्रह्मदेव यादव, राजेंद्र यादव ,राजेश यादव, संतोष यादव ,सत्येंद्र यादव ,मिथिलेश यादव ,अशोक यादव, सहदेव यादव ,शिवनंदन यादव योगेंद्र यादव सुनील यादव, बंसी यादव, राजकुमार यादव, प्रकाश यादव, एवं सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## विष्णुगढ़ में तीन स्थानों से महाशिवरात्रि में निकाली गई शोभायात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय एवं प्रखण्ड के सुदूरवर्ती गावों में महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर महाशिवरात्रि में शिवालयो पर शिवभक्तों का तांता लगा रहा । शिवलिंग पर भक्तों ने पूरी श्रद्धा से शिव के प्रिय बिल्वपत्र, भाँग, धथुरा, नारियल, प्रसाद के साथ जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक का अर्पण करते हुए, पूरे विधि-विधान से पूजा अर्चना कर अपने एवं समाज की कल्याण की कामना की । इस अवसर पर प्रखण्ड मुख्यालय में तेली मुहल्ला ,फॉरेस्ट कॉलोनी ब्लॉक के पास एवं उत्तरवाहिनी जमुनियां नदी के किनारे प्राचीन शिवालय से भव्य शिव बारात निकाली गई। फॉरेस्ट कॉलोनी में शिवबारात की शोभायात्रा में सुंदर झाँकी भी प्रस्तुत की गई ।

तेली मुहल्ला की शिव बारात में महिलाओं ने ताशा की धुन पर जमकर नृत्य करते हुए शिवबारात को पूरे गावों में घुमाया। शिवबारात की शोभायात्रा में महादेव की प्रतिमा आगे आगे और पीछे-पीछे नाचते गाते मस्ती में श्रद्धालुओं की भीड़ हजारों की संख्या में चल रही थी ।

## पतरातू व आसपास क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया महाशिवरात्रि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** महाशिवरात्रि के उपलक्ष में पतरातू और आसपास के क्षेत्रों के शिवालयों में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल का जलाभिषेक किये।वहीं सुहागिनों ने सुबह 9 बजे से मन में अनेकों इच्छाए लिए भोले बाबा के दरबार में पूजा अर्चना किया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रखंड परिसर पतरातू शिव मंदिर में भोलेनाथ पर कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए और झांकी निकाली गई। इसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु झांकी व कार्यक्रम देखने पहुंचे। कार्यक्रम और झांकी में प्रखंड विकास पदाधिकारी हलदर कुमार शेट्टी अंचलाधिकारी शिव शंकर पांडे पंचायत मुखिया गिरिजेश कुमार साव पंचायत समिति सदस्य



ज्योति गुप्ता मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित हुए। प्रखंड परिसर शिव मंदिर के अलावे पतरातू, जयनगर, सांकुल, रेलवे कॉलोनी, एलपीटीपीएस शाह कॉलोनी, न्यू मार्केट, पंच मंदिर, हनुमानगढ़ी, कटिया, हेसला,सोलिया और पलानी आदि शिवालय में काफी संख्या में श्रद्धालु पूजा-अर्चना करते नजर आए। इधर पीटीपीएस जनता नगर शिवालय को नया लुक दिया गया है द्य इसके लिए मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य महाशिवरात्रि पूजा के पूर्व किया गया था।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## जामताड़ा के विभिन्न मंदिरों से निकले शिव बाराती



**जामताड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर जामताड़ा शहर के राजबाड़ी, दुमका रोड स्थित शिव मंदिर, कोर्ट रोड शिव धाम और पुलिस मेंस एसोसिएशन द्वारा विशेष रुप से बराती जामताड़ा अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय के सामने से फौजदारी बाबा के प्रांगण से शिव बराती झांकी पुलिस द्वारा निकली गई और सर्वप्रथम बराती कल्यानेश्वर महादेव के प्रांगण में पहुंचकर पूजा अर्चना की गई, सभी बरातियों का स्वागत किया गया वहां से बराती गाजे बाजे ढोल नगाड़े के साथ पूरे शहर का भ्रमण किया गया और अंत में पुलिस मेंस एसोसिएशन के द्वारा बारातियों की ठहरने एवं जलपान करने की उत्तम व्यवस्था कराया गया । धूमधाम से भगवान शिव का विवाह संपन्न हुआ ।मौके पर काफी संख्या में शिव बारात में भक्त लोग शामिल हुए। जिसमें नंदी ,बंदर भालू सभी लोग बराती में शामिल थे। प्रोसेशन भी निकाला गया जो देखने में काफी आकर्षक लग रहा था। अंत में रात्रि के 12-00 बजे शिव पार्वती का विवाह संपन्न हुआ।

## दो बाइक आपस में टकराए, बाइक सवार घायल, रेफर

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता):** धनबाद रोड बरही में गर्ल हाई स्कूल बरही के सामने दो बाइक आपस में टकरा गए। जिसमें दोनों बाइक चालक घायल हो गए। घायलों में गया रोड बरही निवासी दिवाकर पांडे का 24 वर्षीय पुत्र सुशांत पांडे व दुलमाहा के जगदीश चंद्रवंशी का 23 वर्षीय पुत्र लोकेश कुमार घायल हो गया। उक्त दोनों घायलों को ग्रामीणों की मदद से अनुमंडलीय अस्पताल बरही ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद उक्त दोनों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर किया गया।

## व्यसायिक संघ ने कैंडल मार्च कर बाजार समिति का विरोध



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के सिमरिया चौक के व्यसायिक संघ ने देर शाम कैंडल जला बाजार समिति का किया विरोध। बता दें कि झारखण्ड सरकार द्वारा लगाया गया ढाई प्रतिशत बाजार समिति लगाया है । जिसे लेकर जिले से लेकर सिमरिया व्यसायिक संघ ने झारखण्ड सरकार के कृषि मंत्री को कैंडल मार्च निकल इसका विरोध प्रदर्शन कर रहें है। हलाकी केंद्र सरकार द्वारा 28 प्रतिशत व्यसायिक प्रतिष्ठान को जीएसटी लगाया है। इधर व्यसायिक संघ का कहना है कि हम लोग जब इनकम टैक्स से लेकर जीएसटी तक देते हैं तो आखिर किस कानून के तहत यह ढाई प्रतिशत बाजार समिति लगायी गयी है। जिसका हम लोग विरोध करते है और झारखण्ड सरकार से मांग करते है कि अविलंब इस कानून को वापस लिया जाय। अन्यथा अनिश्चित कालीन के लिए व्यसायिक प्रतिष्ठान बंद रहेगी। इधर खाने पीने की दुकानें तिन दिनों से बन्द रहने से लोगों के बीच खाद्य सामग्री का परेशानी हो रही है। चुकी तीन दिनों से व्यसायिक प्रतिष्ठान सिमरिया की बंद है। कैंडल मार्च में अध्यक्ष पवन कुमार केशरी, सचिव रमन सिंह, कोषाध्यक्ष रौशन सिंह, कार्यकारणी में लक्ष्मण लाल, विवेक सिंह, सतेंद्र सिंह, राजेश केशरी ,अभय सिंह, बिरजू सिंह , अयोध्या प्रसाद के अलावे दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

## महाशिवरात्रि पर बाबा दानीनाथ शिव मंदिर में भक्तों का उमड़ा जनसैलाब

**गोपीकांदर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महाशिवरात्रि के अवसर पर शनिवार को काठीकुंड स्थित बाबा दानीनाथ शिव मंदिर में जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना को लेकर को भीड़ देखा गया। लोग अहले सुबह से ही कतारबद्ध होकर पूजा अर्चना करते हुए देखा गया। साथ ही प्रखंड क्षेत्र विभिन्न सुदुर गांवों से आए हुए सफा होड़ समुदाय लोगों के द्वारा भी बाबा दानीनाथ शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। शनिवार की रात पारंपरिक रीति रिवाज के अनुसार देर रात महादेव पावर्ती का विवाह संपन्न होना है। बता दें कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी बाबा दानीनाथ मंदिर के परिसर में महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर मेला का आयोजन किया जाता है शनिवार को शिकारीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक नलिन सोरेन ने दस दिनों तक चलने वाली शिवरात्रि मेला का विधिवत उद्घाटन फीता काट कर किया गया। यहां बताते चलें कि यह मेला का आयोजन पिछले कोविड-19 के कारण दो वर्ष नहीं हो सका जबकि इस मेला आयोजन पिछले आठ दशकों से किया जाता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह मंदिर तकरीबन आठ दशकों से ज्यादा पुराना है। मगर इसमें स्थापित वैष्णव और शैव मतों के आराध्य के श्रीविग्रह अति प्राचीन हैं। यह मूलतः देखा जाय तो एक संग्रहालय है जहाँ टुनटी नाला , एवं गंधर्व में स्थापित प्राचीन शिव मंदिर के भग्न अवशेषों के प्रतीक के स्थापत्य प्रतीक हैं। जितने भी पूज्य स्थल हैं सब के संबंध में एक कथानक जुड़ी होती है। इस मंदिर के संबंध में एक कथा प्रचलित हैं कि 1936 में तत्कालीन एसडीओं वसंत कुमार चटर्जी दुमका-पाकुड़ मुख्य मार्ग पर से गुजर रहे थें तो उनकी गाड़ी काठीकुंड के समीप अचानक खराब हो गयी। कई मैकेनिकों को को दुमका से बुलाया गया पर उनकी गाड़ी ठीक नहीं हुई। थक हार कर श्री चटर्जी नजदीक के काठीकुंड डाक बंग्ला में रात्रि विश्राम को विवश हो गए। रात में उन्हें एक सपना आया कि मैं बगल के तालाब , जो अब आदर्श मध्य विद्यालय काठीकुंड के परिसर में पड़ता है , के पास शिवलिंग के रुप में अवस्थित हूँ। भगवान शिव का यह स्वप्न श्री चटर्जी को सत्य उत्प्रेत लगा। उन्होंने ने अहले सुबह इसकी खोज प्रारंभ कराई तो सचमुच उन्हें प्राप्त हो गया एक दिव्य शिवलिंग जिसकी प्राणप्रतिष्ठा का उन्होंने प्रण लिया। और एक शिवमंदिर की प्रतिष्ठापना की। उनका मानना है कि बैद्यनाथ धाम देवघर की तर्ज पर दानीनाथ धाम काठीकुंड का नामकरण हो तो यह कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। उन्होंने कहा कि कालांतर में संग्रहित शिलाखंडों के संग्रहण से इस मंदिर का स्वरुप शैव मत तक ही सीमित हो जाने के बजाय यह वैष्णव एवं शाक्त वाम मतों का समेकित धाम बन गया जो क्षेत्रीय इतिहास के अध्ययन के लिए पर्याप्त हैं। इस मेला का उद्घाटन समारोह में जिला परिषद अध्यक्ष जॉयस बेसरा, झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य आलोक सोरेन, विधायक प्रतिनिधि जॉन सोरेन, प्रखंड विकास पदाधिकारी रजनीश कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक सुशील कुमार, थाना प्रभारी रूपेश कुमार, मेला कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद भगत , सचिव मोहन पंडा , कोषाध्यक्ष षस्टी पंडा सदस्य रोशन भगत , गंगा पाल, आदि उपस्थित थें।

# बरही में निकली शिवजी की बारात शिव की आराधना में डूबे रहे श्रद्धालु

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही(हजारीबाग):** बरही में शहर से लेकर गांव तक में महाशिवरात्रि को लेकर श्रद्धालु आस्था व उत्साह से सराबोर रहे। चहुंओर शिव भक्ति की बयार बही। हर हर महादेव की गूंज से पूरा इलाका गुंजायमान रहा। सभी शिवालयों में पूजा-अर्चना को लोग आतुर रहे। कई मंदिरों में शिव चर्चा व भजन कीर्तन आदि का कार्यक्रम भी किया गया। वहीं संध्या समय जगह-जगह शिव बारात निकाली गई। इसमें भक्तों ने गाजे-बाजे साथ उमंग से शामिल होकर झूमे। बरात में झांकियां शामिल थीं। बरही शहर में संध्या 5 बजे प्राचीन बड़ा शिव मंदिर मल्लाह टोली, बरही ब्लॉक के मनोकामनेश्वर शिव मंदिर, न्यू कोलनी सूर्य मंदिर, एनएचआई डाक बांग्ला मंदिर से शिव की बारात निकाली गई। भगवान शिव दूल्हा और उनके बारात में शामिल हनुमानजी, देवी-देवता, ऋषि मुनि के साथ साथ बानर-भालू,



भूत-पिशाच आदि की वेशभूषा में बाराती बनकर भक्त नाचते-गाते साथ चल रहे थे। उत्सव की इस बेला में बच्चे-बजुर्ग, महिलाएं और पुरुष, हर कोई उत्साह से लबरेज रहे। बारात में शामिल युवा व बच्चे भक्ति गीतों पर झूमते दिखे। लोग एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर शिव-पार्वती विवाह उत्सव में शामिल हुए। शिव बारात दौरान पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव सभी झांकियों में पहुंचे और कलाकरों को उत्साह वर्धन किए।वहीं शिव बारात में शिवजी दूल्हा बने गले में नागराज, हाथ में त्रिशूल, माथे पर चांद, शरीर पर भस्र अद्भुत छटा बिखेर रहे थे। वहीं मल्लाह टोली के झांकी में स्थानीय कलाकार महावीर निषाद द्वारा शिव का तांडव नाच व कला श्रद्धालुओं के बीच आकर्षक का केंद्र रहा। समितियों द्वारा गाजे-बाजे के साथ निकाली गई शिव बारात बरही चौक के चारों प्रमुख मार्गों पर भ्रमण किया। शिव बारात आने पर महिलाओं ने उसका जोरदार स्वागत-सत्कार किया। जिसके बाद शुभ बेला में पारंपरिक गीतों के बीच भोलेनाथ और पार्वती का विवाह संपन्न कराया गया। झांकी में जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर कार्यकारी समिति के अध्यक्ष सुंदरी उर्फ सुरेंद्र निषाद, शिवा निषाद, संतोष मधेशिया, राजू मालाकार,सुनील साहनी, गणेश निषाद, मनोकामना शिवालय के सदस्य मनोज केशरी, शिवा गुप्ता, पुजारी अनुज पांडे, शोभनाथ ठाकुर, सूर्य मंदिर समिति में श्याम सिन्हा, पप्पू सिंह, इंद्रदेव यादव, गणेश सिंह, डॉ. सुनील दत्ता, धर्मेंद्र सिंह, मुकेश कुमार समेत भारी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु शामिल थे।

## महाशिवरात्रि पर भक्तों ने सिरका में किया जलाभिषेक, मांगा आशीर्वाद

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महाशिवरात्रि को लेकर सिरका शनिचर बाजार महादेव मंदिर के शिवलिंग पर भक्तों ने जलाभिषेक कर सुख, शांति, समृद्धि की कामना किया। भक्त हर-हर महादेव के नारों के साथ फल, फूल, भांग, बेलपत्र, भांग, धतूरा चढ़ाकर देवाधिदेव महादेव और पार्वती माता को नमन किया। अवसर पर पूजा समिति के द्वारा अखंड कीर्तन का भी आयोजन किया गया। भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण हुआ। मौके पर कई भक्तजन उपस्थित थे।



## कांग्रेस व झामुमो ने विधानसभा उपचुनाव जीत के लिए रणनीति बनाई

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांग्रेस व झामुमो कार्यकर्ताओं की बैठक सिरका में शनिवार को आयोजित हुई। इसकी अध्यक्षता झामुमो नेता कुंवर महतो ने की। जबकि संचालन त्रिवेणी प्रजापति ने किया। अवसर पर वक्ताओं ने कहां कि यूपीए महागठबंधन के रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव प्रत्याशी बजरंग महतो की जीत सुनिश्चित के लिए सभी कार्यकर्ता युद्ध स्तर पर कार्य करेंगे। इसके लिए सभी नियमानुसार अपने वार्ड और बुथ क्षेत्रों में आमजनों से मिलकर कांग्रेस के पक्ष में विकास और जनमानस की आवाज को बुलंद करने के लिए मतदान की अपील करेंगे। अवसर पर मुख्य रूप से कांग्रेस नेता रविंद्र वर्मा, समसुद खान, कुंवर महतो, त्रिवेणी प्रजापति, अविनाश राम, सीता राम, सुषमा हेंब्रम, मिली सिंह, ललन राम, इरफान खान, लालू राम आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में बंधु तिर्की ने जनसंपर्क चलाया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव 2023 को लेकर मांडर रांची के पूर्व विधायक सह कांग्रेस झारखंड प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की प्रखंड कांग्रेस कार्यालय पहुंचे। दुलमी प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रकाश करमाली की अध्यक्षता में ग्राम दुलमी में मतदाताओं के बीच जन संपर्क अभियान चलाया और कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में वोट देने की अपील की इसके अलावा कांग्रेस नेत्री बिंदु मंडल गोडडा 20 सूत्री उपाध्यक्ष भी शामिल हुए और उनके द्वारा भी महिलाओं के बीच जनसंपर्क किया तथा लोगों से अपील किया कि कांग्रेस प्रत्याशी बजरंग महतो के चुनाव चिन्ह हाथ छाप पर वोट देकर विजय बनाने की अपील किया इस मौके पर मुख्य रूप से दुर्गा प्रसाद महतो सुभाष कुमार विकास कुमार नागेंद्र महाली पप्पू कुमार चितरंजन महतो सीताराम महतो मनोज करमाली छोटू गंजू मनोज मुंडा दिलीप मुंडा धनेश्वर भोक्ता धन कैलाश करमाली मंजू देवी फुदकी देवी उर्मिला देवी सोनी देवी अहिल्यादेवी गुंजन देवी प्रीति देवी इत्यादि दर्जनों महिला उपस्थित हुए।

## असुर आदिम जनजाति अगरिया का 23 वां स्थापना दिवस मनाया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** जिला स्कूल के प्रांगण में झारखंड असुर आदिम जनजाति अगरिया के प्रदेश अध्यक्ष अनिल अगरिया,सुरेश कुमार अगरिया और विनोद अगरिया द्वारा स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। छत्तीसगढ़ से आए विशेष अतिथि दशरथ अगड़िया के द्वारा दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया।वही विशेष अतिथि के तौर पर दशरथ अगरिया ने अपने समाज को एक सूत्र में बांधने का संकल्प लेते हुए उन्हें आगे बढ़कर अपने रास्ते स्वयं बनाने की सलाह दी।वहीं दशरथ अगरिया ने कहा कि कुछ कुरीतियों को समाप्त कर ही समाज को आगे ले जाया जा सकता है। मौके पर समिति प्रमुख बनवारी अगरिया, सनोज कुमार मीडिया प्रभारी, सिकंदर अगरिया समेत अगरिया समाज के लोग सैकड़ों की संख्या में उपस्थित थें।

# कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा का आयोजन

## मंत्री अलमगीर आलम और बादल पत्रलेख हुए उपस्थित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के द्वारा बनाए गए रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव के स्टार प्रचारक, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सह राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह ने रामगढ़ विधानसभा के गोला, सोसो, चितरपुर, रामगढ़ सहित कोलियरी क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी बजरंग महतो के समर्थन में जनसंपर्क और चुनावी सभा किया गया एवं चितरपुर में आम सभा की गई। चितरपुर आमसभा में मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो, शहजादा अनवर के साथ-साथ रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस और महागठबंधन के प्रत्याशी बजरंग महतो ने संबोधित किया और कांग्रेस प्रत्याशी की सुनिश्चित जीत दिलाने को लेकर सभी पंचायत प्रभारी और बूथ कमेटी के सदस्यों को आह्वान किया। मौके पर ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में जनसंपर्क अभियान के क्रम में कहा कि 3 वर्षों में विधायक ममता देवी ने क्षेत्र के जनता के हित में संघर्ष करते हुए अपने छोटे से कार्यकाल में रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंदर उल्लेखनीय



कार्य किए हैं रामगढ़ की जनता ने भारी जनादेश के साथ ममता देवी को विधायक बनाया था पर एक साजिश रचकर गवाहों को प्रभावित करते हुए झूठा केस में फंसाने का काम किया गया है। रामगढ़ में आजसू के चंद्र प्रकाश चौधरी ने 15 वर्षों तक प्रतिनिधित्व किया, मंत्री भी रहे इसके बावजूद क्षेत्र का विकास करने में विफल रहे और वहां के लोगों को छलने का काम किया। आगे श्री सिंह ने कहा कि लोकहित और समाज कल्याण के लिए कांग्रेस पार्टी का प्रयास आगे भी निरंतर जारी रहेगा, आगे उन्होंने लोगों से महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी बजरंग महतों को समर्थन, साथ और आशीर्वाद देते हुए भारी मतों से सुनिश्चित जीत दिलाने का आह्वान किया। मौके पर ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा की झारखंड की महागठबंधन की सरकार के कार्यो से प्रभावित लोगों का रामगढ़ में महागठबंधन कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी के प्रति अपार समर्थन मिलता देख भाजपा आजसू के लोग बौखला गई है। महागठबंधन और कांग्रेस प्रत्याशी बजरंग महतो के प्रति लोगों को अपार समर्थन मिल रही है और रामगढ़ की जनता कांग्रेस प्रत्याशी को ऐतिहासिक जीत दिलाने का काम करेगी,आगे उन्होंने कहा कि रामगढ़ के अंदर ये जनआक्रोश, दमन और शोषण के खिलाफ है। जनता पुन॰ इस शोषण, दमन के खिलाफ वोटों से अपना जवाब देगी।मौके पर कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि रामगढ़ क्षेत्र के लोग जो रामगढ़ में भाजपा आजसू के 15 सालों के शासन काल के गुंडाराज से पीड़ित रहे हैं। वैसे सभी लोगों का अपार समर्थन, साथ और सहानुभूति महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी बजरंग महतो के साथ है।

## अरगडेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि पर 24 घंटे अखंड कीर्तन का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** अरगडेश्वर मंदिर प्रांगण में शनिवार को महाशिवरात्रि को लेकर 24 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया। इससे पूर्व विधिवत पूजन ब्राह्मणों द्वारा किया गया। सुबह से ही महिला, युवती व भोले के भक्तों के द्वारा शिवलिंग, नंदी प्रतिमा पर दूध, दही, चीनी, घी और बेलपत्र फूल, भांग, धतूरा आदि अर्पित कर गंगाजल से जलाभिषेक किया। अवसर पर महाकाल समिति के अध्यक्ष सूरज कुमार पासवान उर्फ सिक्की ने बताया कि सभी के सहयोग और मार्गदर्शन में 24 घंटे का अखंड कीर्तन हो रहा हैं। साथ ही शिवशक्ति विवाह को ले बारात भी नगर क्षेत्र में निकाली जाएगी। मौके पर रिक्की पटवा, कृष्णा पासवान बबलू राम, मोहन राम, निलेश सोनी, शत्रुघ्न पांडे, डब्बू सिंह, विक्की पासवान, राजा ठक्कर, भूपत ठक्कर, कुणाल, किशोर, अनिल चौधरी, अनु सिंह, आशिश सिंह, राजू प्रसाद, राजू प्रसाद, चंदू सिंह, अभिषेक पटेल, आतिश सोनी, मुरारी ठाकुर, पिंटू पटवा, शक्ति सिंदरिया, सोनू सागर टिंकू थप्पा आदि उपस्थित थे।

## सिकनी में रामगढ़ के युवा समाजसेवी पीयूष चौधरी ने जनसंपर्क किया, वोट देने की अपील की

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** रामगढ़ विधानसभा चुनाव को लेकर दुलमी प्रखंड क्षेत्र के सिकनी पंचायत में वर्तमान गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के छोटे पुत्र पीयूष चौधरी ने पैदल दौरा कर डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाया। लोगों से जनसंपर्क के दौरान उन्होंने अपील किया कि आगामी 27 फरवरी को क्रम संख्या 2 केला छाप पर मोहर लगा कर एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी को रिकॉर्ड मतो से विजय बनाने का काम करें और जीत के बाद झारखंड विधानसभा भेजने का काम करें सिकनी के विभिन्न टोला मोहल्ला में जनसंपर्क अभियान चलाकर उन्होंने अपनी मां सुनीता चौधरी के पक्ष में वोट करने की अपील किया। इस मौके पर सिकनी पंचायत प्रभारी सह उप मुखिया उमाशंकर महतो, पंचायत प्रभारी बलराम महतो, प्रशांत महतो, प्रखंड प्रवक्ता छोटेलाल महतो, आजसू नेता जोगेन्द्र महतो, मिडिया प्रभारी राजेन्द्र उर्फ रमन पटेल, अल्फसंख्यक के संगठन सचिव परवेज आलम, सिकनी पंचायत अध्यक्ष मुरली महतो, आजसू नेता मंटू करमाली, सिकनी पंचायत सचिव कृष्ण कुमार, युवा नेता राजू करमाली, रामरंजन करमाली, मित्रलाल महतो, लालकिशुन महतो, टुल्लू महतो, आनंद रॉयल, केदार महतो, संतोष महतो, होरण महतो, चेता महतो, करण विजेन्द्र, बैजनाथ महतो, अर्जुन महतो, धनंजय महतो, सेवधर महतो, योगेश महतो, रोहिन महतो, अशोक महतो, सहित आजसू पार्टी के कई गणमान्य कार्यकर्ता एवं भारी संख्या में आजसू युवा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## चेतना जागृति महायज्ञ के तीसरे दिन भी यज्ञ आहुति देने का कार्यक्रम जारी

(प्रभात मंत्र संवाददाता)

**दुमका :** जिले के शिकारीपाड़ा प्रखंड के बरमसिया गांव मे आयोजित 24 कुंडीय गायत्री चेतना जागृति महायज्ञ का आज शनिवार के तीसरे दिन भी यज्ञ आहुति देने का कार्यक्रम आयोजन किया गया .आयोजित 24 कुण्डीय यज्ञ मे श्रद्धालुओं ने जनकल्याण, देश और समाज के हित के साथ अपने अंदर छिपे बुराइयों को समाप्त करने एवं शांति के लिये यज्ञ मे आहुति देकर संकल्प लिया गया . शिवरात्रि का महापर्व को देखते हुये इस 24 कुण्डीय यज्ञ हवन मे महिला - पुरुष बच्चे के साथ बाहर से आये अन्य श्रद्धालुओं ने हिस्सा लेकर यज्ञ मे आहुति दी.इस दौरान भारत सेवा आश्रम के आदिवासी बच्चियों ने गीता का पाठ कर उपस्थित लोगों धर्म और कर्म के विषय मे विस्तार से जानकारी दी.चार दिनों तक चलने वाली महायज्ञ रविवार को यज्ञ महाआहुति और महाप्रसाद वितरण के साथ संपन्न हो जायेगा।

# बाजे-गाजे, ढोल-नगाड़े के साथ बड़कागांव में धूमधाम से निकाली गई शिव बारात

## अंबा प्रसाद के द्वारा भक्तों के लिए भंडारा का आयोजन किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** प्रखंड में धूमधाम से महाशिवरात्रि पूजा मनाई गई। प्रखंड के बड़कागांव, बादम, बरवाडीह, महुदी, सोनपुरा, गोंदलपुरा, नापो खुर्द, सीकरी, सांढ ,बिश्रामपुर, हरली, गोसाई बलिया, चंदौल, कांडतरी, तलसवार, के अलावा कई गांव के लगभग ढाई शिवालयों में महाशिवरात्रि पूजा की गई। लोग अहले सुबह से ही पूजा को लेकर अपनी अपनी तैयारियों में



जुट गए थे। सभी शिवालयों मे दिन भर पूजा अर्चना होता रहा एवं हर हर महादेव, बम बम भोले की जयघोष से मंदिर गुंजमान रहा। वही महाशिवरात्रि को लेकर बुढ़वा महादेव महाशिवरात्रि कर्णपुरा क्षेत्र बड़कागांव के बैनर तले बुढ़वा महादेव में महाशिवरात्रि पूजा धूमधाम से की गई। इस दौरान विधायक अंबा प्रसाद के सौजन्य से भंडारा का आयोजन किया गया था। जिसमें अंबा प्रसाद एवं योगेंद्र साव ने हजारों शिवभक्त श्रद्धालुओं के बीच अपने हाथों से प्रसाद वितरण किया। बुढ़वा महादेव महाशिवरात्रि कर्णपुरा क्षेत्र बड़कागांव के शिव बारात के अध्यक्ष बैजनाथ महतो एवं समिति के तमाम पदाधिकारियों की अगुवाई में राम जानकी मंदिर से भव्य शिव बारात निकाली गई। जिसमें भूत पिचास के अलावा सैकड़ों शिव भक्त श्रद्धालु शामिल थे। इनके अलावा प्रजापति ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के लोगों के द्वारा भी शिव बरात के रूप में जीवंत झांकी निकाली गई। बड़कागांव मुख्य चौक, दैनिक बाजार, कुशवाहा मोहल्ला होते हुए शिव बारात सूर्य मंदिर पहुंचा जहां भगवान सूर्य देव की दर्शन कर शिव बारात की झांकी थाना रोड, छवनिया मार्ग होते बुढ़वा महादेव महुदी पहाड़ के लिए प्रस्थान कर गए।

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना
मंडल रेल प्रबंधक/विद्युत/पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: (1) ई-निविदा संख्या: TRD/OT/21/PSC/CIC/2022-23. (2) कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि: Replacement of PSC mast of CIC section by Galvanised & Fabricated mast (Ph.-II) कार्य समापन की अवधि – (12) बारह माह, (3) कार्य के लिए प्राक्कलित राशि: रूपया 88,79,230.34/– निविदा प्रपत्र का मूल्य – शून्य/–. (4) बीड सिक्युरिटि: 1,77,600/– (5) ई-निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय: ई-निविदा बंद होने की तिथि 14.03.2023 को 11:00 बजे, ई-निविदा खुलने की तिथि 14.03.2023 को 11:30 बजे, (6) वेबसाईट का विवरण: वेबसाइट www.ireps.gov.in ई निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंगे।
मंडल रेल प्रबंधक/ क०वि०, पूर्व मध्य रेल, धनबाद
पीआर/02158/डीएचएन/ईटीआरडी/टी/22-23/24

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


# महाशिवरात्रि को लेकर शिवालयों में उमड़ा शिवभक्तों का जनसैलाब, महादेव के जयकारों से गूंजा शहर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** शनिवार को शिव-शक्ति के मिलन का महापर्व शिवरात्रि को लेकर गिरिडीह में भी आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। वही शहर से लेकर गांव के शिवालय हर हर महादेव और बोल बम के गूंज से गूंज उठे। सुबह पट खुलते ही शिव भक्तों की भीड़ शिव मंदिरों की और जाते दिखी। हर शिव मंदिरो पूजा समिति की और से जलाभिषेक और पूजा-अर्चना को लेकर खास तैयारी किया गया था। लेकिन भक्तों का सैलाब ऐसा उमड़ा कि सारी तैयारी धरी की धरी रह गई।इधर जिला मुख्यालय के औद्योगिक क्षेत्र स्थित बाबा दुःखहरण नाथ मंदिर में पट खुलने से पहले भक्तों की भीड़ जुटनी शुरु हो गई थी. बाबा दुःखहरण नाथ धाम में टफकॉन स्टील की और से जलाभिषेक और पूजा-अर्चना के लिए व्यवस्था की गई थी। सुबह से ही शिवभक्त बाबा दुखहरण नाथ धाम में जुटने हो गए थे और लाईन में लगकर जलाभिषेक करने के साथ पूजा-अर्चना किया। क्या महिलाएं, क्या युवा सभी कतारबद्ध हो कर दुखहरण नाथ धाम में पूजा-अर्चना और जलाभिषेक किया और पूरे मंदिर का परिक्रमा भी करते दिखे. भक्तों के जयकारें से पूरा दुखहरण नाथ धाम गूंजता रहा. अहले सुबह शुरु हुए पूजा-अर्चना का दौर इस दौरान दोपहर तक जारी रहा. टफकॉन स्टील प्रबंधन की और से बाबा दुखहरण नाथ धाम का सजावट भी आर्कषक तरीके से किया गया था. फूलों और लाईटों से पूरा मंदिर सजा हुआ रहा।इधर गिरिडीह शहरी क्षेत्र के विश्वनाथ मंदिर, आरगाघाट, सिरसिया , सिहोडीह , भण्डारीडीह, कृष्णनगर, अलकापुरी, फारेस्ट कॉलोनी, बोडो , पचम्बा समेत अन्य जगहों पर शिवरात्रि पूजा की धूम रही । वही शाम में सभी मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी ।

## महा शिवरात्रि का त्योहार हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**गोमो(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रेलनगरी गोमो सहित पूरे तोपचांची प्रखंड में महा शिवरात्रि का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। शिवरात्रि को लेकर सभी शिवालयों को दुल्हन की तरह सजाया गया है। जहां कल सुबह से ही श्रद्धालु भगवान शिव को जलाभिषेक कर रहें हैं तथा अपने सुख समृद्धि की कामना कर रहें हैं।

वहीं गोमो के आरपीएफ शिव मंदिर में बाबा भोलेनाथ पर जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी गई जो सिलसिला काफी देर तक चलता रहा।

शिवरात्रि के मौके पर बाबा भोलेनाथ की बारात भी निकाली गई जहां पूरे विधि विधान के साथ भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती का विवाह संपन्न हुआ, इस दौरान महिलाओं द्वारा मंगल गीत भी गाया गया।





## टुंडी : शिव मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़

**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सुबह से देर शाम तक ओझाडीह आसनडाबर व मंझलीटांड़ के शिव भक्तों की भारी भीड़ मंदिर प्रांगण में देखी गई। इस मौके पर मंदिर में भगवान भोलेनाथ का रूद्राभिषेक भी किया गया। रूद्राभिषेक पूजन आचार्य दीपक पांडे ने करवाया। रात को गाजे बाजे के साथ शिव बारात निकाली गई जो ओझाडीह दुर्गा मंदिर,कटनियां शिव मंदिर,मंझलीटांड़ मयरा टोला शिव मंदिर होकर पुनः ओझाडीह शिव मंदिर लौटी। शिव बारात में भारी भीड़ देखी गई। रात में शिव विवाह के पश्चात भगवती जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें भक्ति भजनों की धूम में उपस्थित दर्शक झूमते नाचते नजर आए। अबीर गुलाल के साथ शिव विवाह उत्सव मनाया गया। पूजा अनुष्ठान टुंडी लकराखोंदी के आचार्य दीपक पांडे व अर्जुन पांडे ने संपन्न करवाया। मौके पर मुख्य यजमान भास्कर ओझा एवं उनकी धर्मपत्नी रिंकू देवी थी। इस मंदिर का निर्माण 200 वर्ष पूर्व ओझाडीह निवासी भगवान भोलेनाथ के परम भक्त भोलानाथ ओझा ने किया था।

## लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम प्रबंधन का सराहनीय कार्य, बीमार छवि भंडारी स्वस्थ होकर आश्रम लौटी



**धनबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को लाल मणि सेवा आश्रम में आश्रय ले रही 75 वर्षीय वृद्धा छवि भंडारी एसएनएमएमसीएच से इलाज उपरांत वापस आश्रम लौटीं। विगत दिनों आश्रम में गंभीर रूप से बीमार पड़ गई थी। उन्हें उपचार हेतू आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी ने डॉक्टरों से संपर्क कर एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया था। उनके गंभीर रूप से अस्वस्थ होने से चिंतित आश्रम के समस्त वृद्धजनों को स्वस्थ होकर वापस आश्रम लौटने से काफी खुशी और सुकून मिला। समस्त वृद्धजनों ने छवि भंडारी की त्वरित इलाज के लिए आश्रम प्रबंधन की प्रशंसा की।10 दिनो से बीमार छवि भंडारी को स्वस्थ करने एवं देखरेख में आश्रम प्रबंधन निरंतर लगा हुआ था। अंततः डॉक्टरों के त्वरित इलाज एवं दवाइयों से वह सामान्य हुई। शनिवार को उसे अस्पताल से आश्रम ले जाने के लिए आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी, डॉक्टर डी सरण, बी सुधीर, प्रशांत वर्मा, आश्रम में वृद्धजनों की सेवा में खास रुचि रखने वाले समाजसेवी कुमार मधुरेंद्र सिंह अस्पताल पहुंचे थे।

## नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा के सौजन्य से



आज़ाद नगर स्थित इकबाल कैंपस मे वार्ड संख्या 17 के पार्षद पद के उम्मीदवार इंजीनियर मोहम्मद इकबाल अंसारी के नेतृत्व मे मुफ्त आँख जांच शिविर का आयोजन किया गया। एएसजी आई हॉस्पिटल से आए डॉक्टर संजय रजक, मुकुल मिश्रा, सागर सिंह एवं ताहा अंसारी ने सैकड़ो लोगों के आँखों का बिल्कुल मुफ्त इलाज किया। इलाज के क्रम मे 27 लोगों के आँखों मे मोतियाबिंद पाया गया जिनका ऑपरेशन एएसजी आई हॉस्पिटल के द्वारा आयुष्मान भारत योजना के तहत बिल्कुल फ्री मे किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने मे विशेष रूप से ऑल इंडिया उलमा बोर्ड झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष हाजी ज़मीर आरिफ, हाजी रऊफ शेख, सलाऊद्दीन खान, सैफुल हसन, अलाउद्दीन खान, असगर अंसारी, इस्माइल कुरैशी, शाहिद अंसारी, आमिर, अजय बाल्मीकि आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## धनबाद जिला फुटबॉल संघ रेफरी समिति की बैठक संपन्न

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को धनबाद जिला



फुटबॉल संघ रेफरी समिति की बैठक धैया स्थित कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक शुरू होने से पहले सभी ने भारत के लीजेंड फुटबॉल खिलाड़ी तुलसीदास बलराम के निधन पर दो मिनट मौन धारण करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित की। बैठक में निर्णय लिया गया सभी ग्रेड की जिला स्तरीय रेफरीयों की फिटनेस टेस्ट परीक्षा 5 मार्च को बिरसा मुंडा स्टेडियम में आयोजित होगी। रेफरी समिति के नई कमिटी का विस्तार एवं रेफरियों को सुविधा प्रदान हेतु वित्तीय विभाग बनाने संबंधी चर्चा भी की गई। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारी मो. फैयाज अहमद, मृदुल बोस,शुभंकर सरकार, सुनील मिश्रा, सुभाष लोध, उदय मिश्रा, अभिजीत पात्रा, जसविंदर सिंह, चिंटू हाजरा, राम अयोध्या कुमार, सुरेश किस्कु, प्रदीप नियोगी, वीरेंद्र यादव, संतोष रजक, संजय हेंब्रम, परेश मुर्मू, सरकार मरांडी, ईश्वर सिंह, जेवियर टुडू ,सुदन लाल सोरेन, विनोद रावत, कृष्णा कुमार रजक, दीपू मुर्मू आदि उपस्थित थे।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक 19 को होगी

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक कल 19 फरवरी को इंडस्ट्री चेंबर ऑफ कॉमर्स एसोसिएशन जोड़ा फाटक रोड के सभागार में होगी। इस कार्यक्रम में धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह, अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री साबीरअली पूर्व राज्यसभा सदस्य, धनबाद के विधायक राज सिन्हा, प्रदेश उपाध्यक्ष सह निरसा के विधायक अपर्णा सेन गुप्ता , प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह, हज कमेटी के पूर्व अध्यक्ष रिजवान खान मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनवर हयात जी ने बताया कि झारखंड प्रदेश के प्रदेश पदाधिकारी और सभी जिलों के प्रतिनिधि इस प्रदेश कार्यसमिति बैठक में भाग लेंगे।

## महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य पर महुदा क्षेत्र में निकाला भगवान शिव की बरात



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** महुदा क्षेत्र में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य पर गाजे बाजे के साथ बारात निकाला गया। भगवान शिव का बारात मंदिर प्रांगण महुदा ब्रह्मबाबा, बेलखोंदा तेलमोचो, भुरूंगिया, आदि से निकल कर पूरे इलाके का भ्रमण कर पुनः मंदिर पहुंच कर पूजा अर्चना किया गया। देर रात्रि भगवान शिव और पार्वती की विधिवत शादी हुआ। इस मौके पर सैकडो संख्या में भक्त गण उपस्थित थे।

## राम मंदिर चिटाही धाम में शिव पार्वती की झांकी निकाली गई

**मधुबन(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राम मंदिर चिटाही धाम में धूमधाम से शिव पार्वती की झांकी निकाली गई इस झांकी में छौ नित्य के साथ साथ सभी भगवान की झांकी निकाली गई जो देखने लायक थी झांकी काफी संख्या भक्त शामिल हुए झांकी राम मंदिर से बरमसिया होते हुए हिंदुस्तान जिंक कॉलोनी टुण्डू भ्रमण करते हुए पुनः चिटाही धाम पहुंचे झांकी की निगरानी में बाघमारा विधायक के बड़े भाई शत्रुघ्न महतो कर रहे थे मौके पर चैतु राय जगरनाथ नापित राजेश महतो छोटु नापित मुन्ना चौहान राम जी चौहान आदि थे।

## गुड सेमेरिटन को प्रोत्साहन राशि पत्र प्रदान करने वाला गिरिडीह झारखण्ड में पहला जिला बना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को तत्काल चिकित्सा सहायता करने वालों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग झारखंड सरकार के पत्रांक 101 (6)दिनांकङ्क 9.2.2021 के द्वारा झारखंड गुड सेमेरिटन पॉलिसी 2020 को अधिसूचित किया गया है। झारखंड गुड सेमेरिटन पॉलिसीङ्क2020 की कंडिका 6 में गुड सेमेरितान को उनके द्वारा किए गए व्यय की क्षतिपूर्ति तथा उन्हें प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है। सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को गोल्डन आवर में नजदीकी अस्पताल में पहुंचाने वाले व्यक्ति को गुड सेमेरिटन (अच्छे नागरिक) मानते हुए अस्पताल में चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा झारखंड गुड सेमेरिटन पॉलिसी 2020 में निर्धारित आवश्यक सूचनाएं दर्ज करते हुए अभिप्रमाणित कर 1 घंटे के अंदर एक प्रति अपने


GOVERNMENT OF JHARKHAND
Lead Agency, Road safety
Department of Transport
GOOD SAMARITAN AWARD
We Here by Express Our Sincere Appreciation to
Shri Subhash Kumar S/O Deokaran Ray
At- Nawadih, Chatro, Deori, Giridih, Jharkhand
in grateful recognition of the exceptional courage and quick action on that you displayed while assisting a road accident victim in Golden Hour to Save Lives at Nawadih, Deori, Giridih dated 01.09.2022 without any concern or regard to your own safety.
We acknowledge your true spirit , Kindly keep it up!
"यातायात नियम अपनाएं, सुरक्षित झारखंड बनाएं।"
Good Samaritan
Joint Transport Commissioner (Road Safety)
Lead Agency, Road safety
Department of Transport, Jharkhand

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को एवं दूसरे प्रति उस गुड सेमेरिटन को उपलब्ध कराई जाएगी। गुड सेमेरिटन एक ऐसा नागरिक होता है जो सड़क दुर्घटना में किसी घायल व्यक्ति को बिना किसी विशेष संबंध के तथा वित्तीय लाभ या प्रकार के उपेक्षा किए बिना केवल दया भावना से सहायता प्रदान करता है,

गोल्डन आवर का तत्पर तत्परता तात्पर्य ÷द मोटर व्हीकल अमेंडमेंट एक्ट 2019 सेक्शनङ्क2(12) के आलोक में यथा परिभाषित दुर्घटना पश्चात प्रथम 1 घंटा की अवधि से है जिसके दौरान तत्कालिक उपचार से घायल व्यक्ति की जीवन रक्षा की सर्वाधिक संभावना बनी रहती है।सड़क दुर्घटना में मदद करने वाला गुड सेमेरिटन (स्ळ्ङ्कद्धड्डद्ध ह्यड्ड ञ्चद्बह्लद्ब5द्गठ्ठ)को प्रोत्साहन राशी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करने वाला गिरिडीह ज़िला पूरे झारखण्ड में पहला ज़िला बना। दिनांक 1.9.2022 को गिरिडीह जिला के देवरी थाना अंतर्गत एक सड़क दुर्घटना हुई ,इस दुर्घटना में गंभीर रुपसे से घायल व्यक्ति को सुभाष कुमार द्वारा सुनहरे घंटे में ही इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवरी पहुंचाया गया । इस संबंध में देवरी थाना प्रभारी द्वारा श्री सुभाष कुमार को गुड़ सेमेरिटन (नेक नागरिक ) के रुप में पुरस्कृत करने का आवेदन जिला परिवहन कार्यालय,गिरिडीह में उपलब्ध कराया , जिला परिवहन पदाधिकारी ,गिरिडीह (रोहित सिन्हा) के निर्देशानुसार जिला सडक सुरक्ष प्रबंधक (मोहम्म्मद वाजि़द हसन) सुभाष कुमार को गुड सेमेरिटन में पुरस्कृत करने एवं प्रोत्साहन राशि (5000) दिए जाने हेतु अनुशंसा की।

## विधानसभा चुनाव को लेकर बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** आगामी उप चुनाव रामगढ़ विधानसभा के आलोक में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा दी गई जिम्मेवारी का निर्वाहन करते हुए। सिरका पश्चिमी वार्ड संख्या 17 में बूथ कमिटी के अध्यक्षों एवं सदस्यों के साथ बैठक कर विधानसभा चुनाव में संयुक्त मोर्चा प्रत्याशी बजरंग महतो के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान हो पर चर्चा की गई एवं बूथ कमिटियों के सदस्यों का उत्साहवर्धन किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया की वार्ड के सभी मतदातों से व्यक्तिगत रूप से जन सम्पर्क कर केंद्र द्वारा झारखंड सरकार को गिराने का षड़यंत्र में चार माह का दूध मुंहे बच्चे को भी एक मां से अलग करने का घृणित कार्य किया। रामगढ़ की विधायिका ममता देवी को विधानसभा की सदस्यता से वंचित करना अनावश्यक रूप से रामगढ़ के निवासी को चुनाव में झोंक दिया। एक ओर जहां ममता देवी जन समस्या के निराकरण हेतू लगातार संघर्ष कर रही थी।ममता देवी के संघर्ष के प्रतिकार करने में विफल हो रही भाजपा चुनाव आयोग का सहारा लेकर झारखंड सरकार को गिराने की मंशा पाले हुए है। इसका माकूल जवाब यहां की जनता देने का मन बना चुकी है। आज की बैठक को प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव रवींद्र कुमार वर्मा ने अपने जुझारू तेवर से कांग्रेस सहित सभी सहयोगी दलों के साथियों का उत्साह वर्धन किया।

## स्मार्ट बाजार ने धनबाद में अपनी उपस्थिति दर्ज की




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** स्मार्ट बाजार, रिलायंस रिटेल के बड़े प्रारूप वाले सुपरमार्केट ने बजरंगबली मंदिर, डांगापारा, बलियापुर, धनबाद में अपना नया स्टोर लॉन्च किया है। स्टोर किराने, फलों और सब्जियों, डेयरी से लेकर बरतन, होमवेयर, परिधान, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स आदि से लेकर एक ही छत के नीचे उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला की पेशकश करके वन-स्टॉप खरीदारी का अनुभव प्रदान करता है। इस स्टोर के लॉन्च के साथ, स्मार्ट बाजार नें अब धनबाद में उपस्थिति दर्ज की। 20,000 वर्ग फुट से अधिक के विशाल शॉपिंग स्पेस में निर्मित, स्मार्ट बाजार को ग्राहकों को बड़ी बचत और बेहतर खरीदारी अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह ग्राहकों को एमआरपी पर 5त्न तक की छूट और विशेष मौसमी ऑफर के साथ साल भर बचत के शानदार अवसर भी प्रदान करता है। यहां 1499 रुपये की न्यूनतम खरीदारी करने वाले ग्राहक को सिर्फ 9 रुपये/किलो में चीनी खरीदने का मौका मिलता है। यहां और भी कई आकर्षक ऑफर्स उपलब्ध हैं।

## टुंडी : सड़क निर्माण से जनता में खुशी की लहर



दीपक पाण्डेय@प्रभात मंत्र

**टुंडी :** टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो एवं ग्राम पंचायत राजाभीठा मुखिया अनिता देवी की संयुक्त उपस्थिति में आज शनिवार को मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत कमियांडीह से गुआकोला तक लंबाई 5.40 किलोमीटर कार्य का नारियल फोड़कर विधिवत शिलान्यास किया गया इस दौरान काफ़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण जनता उपस्थित थे। टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्रों के विकास में उन्होंने कोई कसर नहीं छोड़ी है ग्रामीणों की सड़क निर्माण की बरसों पुरानी मांग आज़ पूरी हुई।अब उक्त गांव के लोगों को कीचड़ में नहीं चलना पड़ेगा। आज के शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य रूप से टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो जिला सांसद प्रतिनिधि राम प्रसाद महतो,राजाभीठा मुखिया अनिता देवी, मुखिया प्रतिनिधि निमाई कुमार सिंह, पंचायत समिति सदस्य राजेश कुमार सिंह, झामुमो के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष फूलचंद किस्कू, पूर्व प्रखंड सचिव कामेश्वर प्रसाद सिंह, विधायक के निजी सचिव बसंत महतो, वार्ड सदस्य अफजल अंसारी,काली महतो, बिनोद टुडू, सर्वेश्वर हांसदा समेत सैकड़ों ग्रामीण पुरुष एवं महिला उपस्थित थे।

## 14 वां जनजातीय युवा आदान-प्रदान में शामिल होने के लिए 20 युवा जयपुर रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** जनजातीय युवा आदान प्रदान कार्यक्रम के तहत गिरिडीह जिले के बीस युवा सीआरपीएफ 7वी बटालियन मुख्यालय कैंप से जयपुर राजस्थान के लिए हुए रवाना किया गया। वही बताया गया कि 14वी जनजाति युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत आज 7वी बटालियन सीआरपीएफ कैंप से गिरिडीह क्षेत्र के विभिन्नग्रामीण इलाकों के बिस आदिवासी जनजातीययुवक एवं युवतियां संस्कृति आदान-प्रदान को लेकर राजस्थान जयपुर के लिए रवाना किए गए गौरतलब है कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय सीआरपीएफ द्वारा युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय के नेहरू युवा केंद्र संगठन के सहयोग से युवाओं को देश के अन्य राज्यों में वहां की संस्कृति रहन-सहन खान-पान व्यवसाय बोलचाल आदि के बारे में जानकारी हेतु भेजा जाता रहा है जहां पर वे जाकर अपनी संस्कृति का आदान-प्रदान करते हैं तथा उस प्रदेश स्थानकी समुचित जानकारी प्राप्त करते हैं तथा पुनः अपने गांव लौट कर वहां के लोगों को अन्य प्रदेश की परिवेश रहन-सहन आदि की जानकारी शेयर करते हैं ताकि उनके साथ साथ उनके गांव घर के लोग भी अन्य प्रदेश स्थान की समुचित जानकारी प्राप्त कर सकें।

## प्रवासी मजदूर की सूरत में निधन शव को लाया जा रहा गांव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमुआ :** प्रखंड के सियाटांड़ पंचायत अंतर्गत बिसनपुरा गांव निवासी सुरेश वर्मा की सूरत में ह्रदय गति रुकने से शनिवार को निधन हो गई। सुरेश वर्मा पिछले काफी सालो से सूरत में रहकर अपनी जीविका चलाते थे अभी कुछ दिन पहले ही गांव से सूरत गए थे। ह्रदय गति रुकने पर लोगो ने अस्पताल में दाखिल करवाया लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। इनके निधक की खबर से गांव में मातम छा गया परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। सुरेश वर्मा ने अपने पीछे पत्नी और चार बच्चो को छोड़ गए दो बच्चे गोविंद कुमार वर्मा, अनिता कुमारी दोनों का शादी हुआ है और विपुल कुमार वर्मा, पिंटू कुमार वर्मा अभी अविवाहित है।

सुरेश वर्मा के शव को अंतिम दर्शन के लिए सड़क मार्ग से उनके गांव लाया जा रहा है जहां इनके अंतिम दर्शन के लिए परिजनों और रिश्तेदारों की भीड़ उमड़ पड़ी है। उम्मीद है की रविवार देर रात या सोमवार सुबह तक शव गांव पहुंच सकती है।

## संक्षिप्त खबरें

### आस्था और उल्लास के साथ कुडू प्रखंड में मनी महाशिवरात्रि पर्व



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुडू हर हर महादेव,बम बम भोले के जयकारों के साथ शनिवार को कुडू प्रखंड में पूरी श्रद्धा,भक्ति के साथ महशिवरात्रि पर्व मनाया गया। इस दौरान प्रखंड के सभी शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। तान पहाड़ी स्थित शिव मंदिर,टिको शिव मंदिर, सलगी स्थित प्रसिद्ध महादेव मंडा धाम,शिव मन्दिर टाटी,बड़की चाँपि शिव मंदिर,प्रखंड मुख्यालय स्थित शिव मन्दिर ,कुंडगड़ा शिव मंदिर,बड़की चाँपि दुर्गा मंदिर,शिव मंदिर सलगी के अलावा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न शिव मंदिरों में महिलाओं,पुरुषों,बच्चों को उत्साह के साथ शिवलिंग पर जल चढाने और पूजा करने के लिए प्रतीक्षा करते देखा गया। महादेव मंडा धाम और टिको शिव मंदिर में बड़ी संख्या में लोगों का हुजूम उमड़ा। इस अवसर पर यहां भंडारे का आयोजन किया गया। महाशिवरात्रि पर कतारबद्ध श्रद्धालुओं ने जल, दूध, नारियल, बेल पत्र,फल-फूल के साथ बाबा भोलेनाथ,माता पार्वती सहित सभी देवी-देवताओं का जलाभिषेक-पूजन किया। समिति की ओर से भव्य श्रृंगार,महाआरती और महाप्रसाद का वितरण किया गया। विभिन्न मंदिरों में महाशिवरात्रि के अवसर पर भजन,कीर्तन का आयोजन किया गया। इसमें भजन मंडली द्वारा प्रस्तुत शिव भक्ति गीत पर लोग झूमते रहे। इस दौरान मेला स्थल पर खिलौने और मिठाइयों सहित कई सामानों की दुकाने सजी। महादेव मंडा धाम सलगी में कुडू थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह,कोंग्रेस जिलाध्यक्ष सूखैर भगत,पूर्व कुडू प्रमुख परिवा मुंडा,बड़की चाँपि पंचायत के उप मुखिया हेना तिवारी,सलगी पंचायत के उप मुखिया किस्मती देवी को पुरोहित दिनेश देव पौराणिक ने विधि,बिधान के साथ पूजन करवाई।इस मौके पर लोहरदगाजिला कोंग्रेस अध्यक्ष सूखैर भगत ने पूजन करके भगवान से पूरे क्षेत्र का मंगलकामना की मांग की।इस मौके पर कुडू थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह ने विधिवत पूजन करके भगवान से अपने परिवार सहित कुडू सहित पूरे जिले की सुख समृद्धि एवं शांति की मांग भगवान से की। इस मौके पर बड़की चाँपि पंचायत के उप मुखिया हेना तिवारी एवं सलगी पंचायत के उप मुखिया किस्मती देवी ने अपने परिवार,अपने पंचायत सहित पूरे क्षेत्र की मंगलकामना की मांग भगवान से की।वंही दुर्गा मंदिर बड़की चाँपि में पुरोहित अनूप देव पौराणिक ने विधिवत पूजन करवाई। इस मौके पर कुडू थाना प्रभारी के द्वारा सुरक्षा व्यवस्था अच्छी की गई थी इस मौके पर ए एस आई राजीव कुमार, आसुतोष सिंह, मनोज दुबे, यदुनन्दन तिवारी, भूषण प्रसाद,मुन्ना अग्रवाल, आनंद सिंह,फलिन्द्र यादव,कृष्णा राम,राजेन्द्र लोहरा,लखन राम,अनिल सिंह,बंधु महतो, रामेश्वर महतो,सुरेश महतो,राजेश महतो सहित भारी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं पंक्तिबद्ध होकर देवी,देवताओं का जलाभिषेक किया।इस मौके पर कई लोग उपस्थित थे।

# लोहरदगा खाद्यान प्रतिष्ठानों का अनिश्चितकालीन बंद जारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा खाद्यान प्रतिष्ठानों के अनिश्चितकालीन बंद के चौथे दिन भी व्यापक असर रहा। चैंबर के पदाधिकारियों एवमं सदस्यों ने ज़िला के नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार दौरा कर बंद को सफल बनाने हेतु व्यापारियों से सम्पर्क कर रही है। इस क्रम में छिटपुट दुकानों में चोरी चोरी चुपके चुपके माल बेचेने वाले व्यापारियों व खरीदार को चैंबर पदाधिकारियों द्वारा माला पहनाकर उनसे अनिश्चिकालीन बंद का समर्थन मांगा गया। वहीं चुपके से खाद्यान बेचने वाले व्यापारियों को जब माला पहनाकर समर्थन मांगा गया तो वे अपने आप मे बेहद शर्मिंदगी महसूस कर आगे से बंद को पूर्ण समर्थन देने की बात कही। जबकि आज बंद को कड़ाई से लागू करने के क्रम को आगे बढाते हुए चैंबर सह सचिव अनीश मितल के नेतृत्व में नगर क्षेत्र व प्रखंडो का दौरा किया गया। व्यापारियों के साथ बैठक में अनीश मितल ने कहा कि कृषि मंत्री बादल पत्रलेख द्वारा भ्र्ष्टाचार समर्थक,इंस्पेक्टर राज को बढ़ावा देने वाली काले कानून कृषि उपज एवं पशुधन विपणन 2022 को लागू करने की जिद बचकानी हरकत है। उनके अपरिपक्व व अदूरदर्शिता परिलक्षित होती है। ऐसे अपरिपक्व व व्यापारी विरोधी,किसान विरोधी व्यक्तित्व को झारखण्ड राज्य में मंत्री बनाया जाना ही सरकार की बड़ी भूल है। चैम्बर में आहवाहन पर व्यापारियों की ऐतिहासिक एकजुटता सरकार की जड़ को हिला देगी। बंद को सफल बनाने हेतु चैम्बर अध्यक्ष रितेश कुमार,सचिव राकेश कुमार सिन्हा,पूर्वाध्यक्ष अभय अग्रवाल,वरीय उपाध्यक्ष पंकज कुमार जायसवाल,सह सचिव अनीश मित्तल, कार्यकरिणी सदस्य चन्दन गोयल,पीयूष केशरी, लोकेश प्रसाद,धनंजय कांस्यकार,सुमित राय, सदस्य दीपक जायसवाल,मनीष कुमार गुड्डु, आशीष कुमार मित्तल,भोला अग्रवाल,गुणा साहू,भोला कुमार,राहुल अग्रवाल,अमित अग्रवाल,संदीप अग्रवाल,पंकज अग्रवाल,गुंजन अग्रवाल,फ़ैज़ मोहम्मद,बबलू खान,लव कुश अग्रवाल,ओम साहू,कुलदीप कुमार,रवि अग्रवाल,रितेश दत्ता,रिंकू अग्रवाल,विशाल अग्रवाल,संजय गुप्ता,मंटू अग्रवाल,लाल बहादुर प्रसाद,कुमार रवि,अमर कुमार,राजेन्द्र प्रसाद, समेत अनेक सदस्यों द्वारा सक्रिय भूमिका निभाया।



## कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुखेर भगत के नेतृत्व में बाबा दुखन शाह मजार पर की गयी चादर पोशी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में आज लोहरदगा के शहंशाह बाबा दुखन शाह के सालाना उर्स के मौके पर जिला अध्यक्ष श्री सुखैर भगत के नेतृत्व में बाबा दुखन शाह के मजार पर चादर पोसी कर लोहरदगा मे अमन चैन, शान्ति,आपसी समन्वय और सदभाव कायम रहे इसके लिए दुआ किया गया। चादर पोसी कार्यक्रम में लोहरदगा के महशूर कव्वाल जनाब मन्नान ने बाबा के मजार में शानदार नाथ पढ़ी। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमिटी कार्यकारी अध्यक्ष हाजी सकील अहमद, शाहिद अहमद बेलू,युवा कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष विनय उरांव, किसको प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष सामूल अंसारी, फहद खान,कुणाल अभिषेक,रु स्तम अंसारी, गुलाम जिलानी, तौसीफ आलम,अकरम सलमान, सैफ अहमद,सुभम सहदेव, राजू कुरैशी,सहित काफी संख्या में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## क्लीसिया को मजबूत करने में कॉथलिक महिला संघ का सराहनीय योगदान : विधायक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** नोर्थ वेस्टन जीईएल चर्च सिमडेगा पेरिश महिला संघ का 14वां वार्षिक बाइबल क्लास का आयोजन गरजा बी मण्डली में सम्पन्न हुआ। विधायक भूषण बाड़ा भी शुक्रवार की देर रात कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचते ही विधायक का महिलाओं ने जोरदार स्वागत किया। विधायक ने महिलाओं को एकजुट रहने का आह्वान किया। अपने सम्बोधन में विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि समाज एवं राष्ट्र के उत्थान में महिलाओं की भूमिका अहम है। महिलाओं के योगदान के बिना किसी भी देश की उन्नति संभव नहीं है। महिलाएं जिस काम में हाथ बढ़ाती है निश्चित तौर पर मुकाम हासिल होता है।उन्होंने कहा कि मसीही कलीसिया को मजबूत करने में काथलिक महिला संघ का गठन मिल का पत्थर साबित रहा है। आप सभी महिलाओं का कार्य कलीसिया की मजबूती में काफी सराहनीय रहा है। घरेलू महिलाएं होने के संघ की सभी सदस्य हर क्षेत्र में बेहतर कर रही है। विधायक ने कहा कि महिलाएं परिवार बनाती है। परिवार घर बनाता है। घर समाज बनाता है और समाज ही देश बनाता है। इसका सीधा सीधा अर्थ यही है की महिला का योगदान हर जगह है। महिला की क्षमता को नज़रअंदाज करके समाज की कल्पना करना व्यर्थ है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और महिला ससक्तिकरण के बिना परिवार, समाज और देश का विकास नहीं हो सकता। कार्यक्रम में जोनशन मिंज, शिशिर मिंज, उदय, हेरमोन तिर्की सहित भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।



## शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया में अनियमितता के खिलाफ अभ्यर्थी ने सांसद प्रतिनिधि को सौंपा ज्ञापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरसई :** केरसई प्रखंड के आरसी प्राथमिक विद्यालय केरसई सरई टोली स्कूल शिक्षक नियुक्ति में प्रबंधन समिति द्वारा अनियमितता कर शिक्षक नियुक्त करने के विरोध में मीना तिर्की ने प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि रवि गुप्ता को सांसद अर्जुन मुंडा के नाम ज्ञापन सौप न्याय की गुहार लगाई है। मीना तिर्की ने ज्ञापन सौपते हुए कहा कि वो सरई टोली स्कूल में 2013 से 2022 तक प्रबंधन समिति द्वारा अनुबंध पर शिक्षिका के रूप में कार्यरत थी, मेरे परिवार द्वारा इस स्कूल को स्कूल संचालन हेतु जमीन भी दी गई है फिर भी इन दोनों सेवा को नहीं देखते हुए प्रबंधन समिति गलत तरीके से अपने रिश्तेदारों को नियुक्त कर दिए हैं मैं माननीय सांसद अर्जुन मुंडा से आग्रह करती हूं के शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया की जांच की जाए। सांसद प्रतिनिधि रवि गुप्ता ने कहा की आवेदन को जल्द केंद्रीय मंत्री सह स्थानीय सांसद अर्जुन मुंडा को सौंप दी जाएगी और इसके प्रतिलिपि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं उपायुक्त महोदय को दी जाएगी और न्याय सम्मत कार्रवाई का आग्रह किया जाएगा ।



## भंडरा के अखिलेश्वर धाम में श्रद्धालुओं ने की पूजा अर्चना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भंडरा-लोहरदगा जिले के भंडरा प्रखंड में शनिवार को महाशिवरात्रि को लेकर शिवालयों में अहले सुबह से ही पूजा-अर्चना करने को लेकर शिव भक्तों की भीड़ रही। भंडरा के अखिलेश्वर धाम,मसमानो,भौंरो,चट्टी,कचमची, कसपुर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के शिवालयों में भक्तों ने विधिवत तरीके से भगवान भोलेनाथ व माता पार्वती की पूजा-अर्चना कर सुख-शांति समृद्धि को लेकर प्रार्थना किया। महाशिवरात्रि को लेकर भंडरा के अखिलेश्वर धाम मंदिर में अहले सुबह से ही शिव भक्तों की भीड़ रही। इधर महाशिवरात्रि को लेकर मंदिर के पुजारी भजन पंडा द्वारा पूरे मंदिर परिसर को फूलों से सजाया गया था। इसके अलावे मसमानो में शिव बारात निकाला गया तथा भगवान भोलेनाथ व माता पार्वती की विधिवत पूजा अर्चना की गई। शिवालयो में श्रद्धालुओ के भीड-भाव को देखते हुए प्रखंड प्रशासन द्वारा व्यापक इंतजाम किया गया साथ ही शिवालयों में पुलिस बल की तैनाती किया गया था।



# महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ी भक्तो की भीड़ हर हर महादेव के गूंज से भक्तिमय हुआ क्षेत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेन्हा-लोहरदगा महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के शिव भक्तों में पूजन को लेकर उमंग व उत्साह देखा गया। प्रखंड क्षेत्र के सभी छोटे-बड़े शिव मंदिरों एवं शिवालयों में सुबह से ही दिन भर भक्तों का पूजा अर्चना के लिये तांता लगा रहा। भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना के लिये भक्तों में उमंग व उत्साह देखने को मिला प्रखंड मुख्यालय से गाँव तक शिवरात्रि का चर्चा हो रहा था। वही जगह जगह पूजा समिति द्वारा मंदिरों को विद्युत व फूल से सुन्दर और आकर्षक ढंग से सजाया गया है। वहीं महाशिवरात्रि के अवसर पर शिवालय एवं मंदिरों में भजन-कीर्तन के अलावे शिव बारात का आयोजन किया गया। प्रखण्ड मुख्यालय के अलावे कोराम्बे, सेरेंगहातु, बदला, चौकनी, बक्सीडीपा,चितरी,अरु सहित प्रखंड क्षेत्र के मंदिर व शिवालयों में भगवान शिव के दर्शन और पूजन के लिये भक्तो का लम्बी कतार नजर आया। पूजा करने और जल अर्पण के लिये दूर दूर से लोग आये और भगवान शिव का दर्शन कर पूजन किया साथ ही सेरेंगहातु,सेन्हा,कोराम्बे स्थित मंदिर परिसर में भंडारा का आयोजन किया गया। वहीं मेले का भी आयोजन किया गया। तथा प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत चंदवा गढ़गाँव मे 1200 फिट ऊँचाई पर गुफा में स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना के लिये भक्तो का खासा उत्साह देखा गया। तथा भजन कृतन का आयोजन किया गया। वही पूजा के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से पुलिस मुस्तैद हनर आई वही पुलिस उपाधीक्षक परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान,एस आई गणेश कुमार यादव दल बल के साथ भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते नजर आये ।

## महाशिवरात्रि पर सांसद प्रतिनिधि ने लिया भगवान शिव का आशीर्वाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर केंद्रीय मंत्री के सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव भाजपा कार्यकर्ताओं के संग बानो के प्रसिद्ध केतुङ्गाधाम पहुंच बाबा भोले का लिया आशीर्वाद मंदिर समिति के सदस्यों के साथ बैठकर आवश्यक चर्चा की एवं शिशु मंदिर के भैया बहनों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेकर उनका उत्साहवर्धन किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने कहा की केतुङ्गाधाम स्थित भोले बाबा न सिर्फ बानो बल्कि सिमडेगा जिला सहित आसपास के जिले में काफी प्रसिद्धि है यहां भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती है आज महाशिवरात्रि पर भोले बाबा के दर्शन कर जिले के सुख समृद्धि की कामना की यहां के आयोजन समिति के प्रयास से काफी अच्छे ढंग मंदिर का विकास हो रहा है। आने वाले दिनों में मंदिर प्रबंधन समिति से मिलकर मंदिर परिसर एवं क्षेत्र का संपूर्ण विकास हो यह प्रयास किया जाएगा मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष सुकरा केरकेट्टा समिति के मनोज गोस्वामी ओमप्रकाश साहू सुभाष साहू चिंतामणि कुमार रोहित साहू सरवन साय सहित समिति के पदाधिकारी एवं श्रद्धालु जन मौजूद थे ।

## झारखंड की जनता से अपील चेंबर के आंदोलन का दे साथ : सूरज अग्रवाल

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल ने विज्ञप्ति जारी करते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड में कृषि कानून के नाम पर तुगलकी फरमान जारी करते हुए सुविधा शुल्क के नाम पर दो परसेंट अतिरिक्त बोझ खाद्यान्न दुकानदारों के ऊपर जो डाला जा रहा है इससे दुकानदार को कहीं भी नुकसान नहीं होना है। जब टैक्स लगाया जाएगा तो मजबूरन दुकानदार यह टेक्स जनता पर थोपेगी। उदाहरण के लिए अगर एक टीना तेल रू 2000 में आता है तो रांची में दो परसेंट और लोहरदगा पहुंचने पर दो परसेंट यानी 4 परसेंट चार परसेंट टैक्स का मतलब होता है रू 80 जो कि एक टीना तेल में जनता को रू 80 अतिरिक्त बोझ पड़ेगा साथ ही सब्जी व्यापारी,अनाज व्यापारी जो कृषि बाजार से जुड़े हुए हैं सभी को नुकसान उठाना पड़ेगा। आज पूरे प्रदेश में चेंबर ऑफ कॉमर्स के द्वारा जनमानस के हित को देखते हुए व्यापार बंद कराया है। व्यापारी अपने प्रतिष्ठान को बंद कर जो नुकसान उठा रही है जनता को सुविधा प्रदान करने का प्रयास किया है यह काबिले तारीफ है। चेंबर की इस आंदोलन में जनता को खुलकर साथ देना चाहिए ताकि सरकार इस गंभीर मसले पर तुरंत विचार करते हुए सुविधा शुल्क पर रोक लगाएं अन्यथा पूरे प्रदेश में यह आंदोलन जन आंदोलन बन जाएगी लोगों को अनाज नहीं मिल पाएगी इससे गरीबों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। एक ओर झारखंड में यूपीए गठबंधन की सरकार गरीबों की सरकार बोलती है और दूसरी ओर इन्हीं गरीबों का शोषण करने के लिए महंगाई इन पर थोपने के लिए सुविधा शुल्क के नाम पर टैक्स व्यापारियों के ऊपर थोप रही है। अगर इस बात को झारखंड की जनता नहीं समझती है तो आने वाले दिन में सभी खाद्यान्न महंगे दामों पर खरीदने को मजबूर हो जाएगी और सुविधा शुल्क के नाम पर अधिकारी अपना पॉकेट गर्म करेंगे। एक कहावत है अपना काम बनता तो भाड़ में जाए जनता इसी तर्ज पर यह सुविधा शुल्क थोपने का प्रयास किया जा रहा है ताकि सरकार में बैठे दलाल करोड़ों का वारे न्यारे कर सके।

## बच्चा भटक पहुंचा महुआ टोली, ग्रामीणों ने थाना को किया सुपुर्द

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा-लोहरदगा तोड़ार सरना टोली से बच्चा भटक पहुंचा चितरी महुआ टोली ग्रामीणों ने मानवता का दिया परिचय सेन्हा पुलिस को किया सुपुर्द। सेन्हा थाना क्षेत्र के चितरी महुआ टोली में लावारिस अवस्था में भटकते हुए ग्रामीणों ने एक बच्चा को देख मानवता का परिचय देते हुए बच्चा को भोजन कराया और इसकी सूचना सेन्हा थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान को दिया गया। बताया जाता है। कि इस बच्चा को लोहरदगा पुलिस द्वारा चाइल्डलाइन को देख भाल हेतु सुपुर्द किया था। इस संदर्भ में चाइल्डलाइन मेम्बर मुकेश साहू से संपर्क करने पर उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा प्राप्त बच्चा को उसके माता पिता को सुपुर्द किया गया। लेकिन बच्चा का मानशिक स्थिति ठीक नही होने के कारण शनिवार को अपने घर से निकल कर चितरी महुआ टोली पहुंचा। जिसे ग्रामीणों सुनील उराँव द्वारा मानवता का परिचय देते हुए पत्रकार को सूचना देते हुए बच्चा को सेन्हा थाना सुरक्षित पहुंचाया गया। वहीं थाना प्रभारी धनंजय कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि चितरी महुआ टोली में बच्चा होने की सूचना पर बच्चा को सुरक्षित थाना मंगाया गया और बच्चे के माता पिता को बुलवा कर सुपुर्द किया गया।

## फैजाने गरीब नवाज मदरसा भंडरा में जलसा आज

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भंडरा-लोहरदगा फैजाने गरीब नवाज मदरसा भंडरा में आज दिनांक 19 फरवरी 2022 दिन रविवार को जलसा का आयोजन किया जा रहा है।इस संदर्व में अंजुमन इस्लामिया भंडरा के सेक्रेटरी शाहिद अंसारी ने बताया कि भंडरा मदरसा में 21बच्चों के सरो में दस्तारे हिफ्ज का ताज रखा जायेगा साथ ही जलसा का आयोजन किया जायेगा।

## सच्चे मन से शिव की अराधना से भक्तों की सारी मनोकामनाएं होती हैं पुर्ण : रोहित प्रियदर्शी उराँव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** कैरो-लोहरदगा प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अन्तर्गत 18 फरवरी शनिवार को महाशिवरात्रि के शुभअवसर पर कैरो प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न मन्दिरो पुजा स्थलों पर शिवभक्तों का देखा गया खासा उत्साह। इस अवसर पर प्रखंड के हनहट शिव मन्दिर,खरता मनोकामना भोलेनाथ मन्दिर,कैरो शिव मन्दिर,गजनी के बनखंडि शिव धाम,गुड़ि शिव मन्दिर,इत्यादि प्रखंड के धार्मिक स्थलों पर आज अहले सुबह से ही कलश यात्रा निकाल कर भक्ति भाव से भक्तो ने शिव की पुजा अर्चना की। वहीं इस अवसर पर झारखंड सरकार के खाद्य आपूर्ति,व वित्त मंत्री डा0 रामेश्वर उराँव के पुत्र श्री रोहित प्रियदर्शी उराँव ने प्रखंड के गजनी स्थित वनखंडि शिव धाम,व कैरो थाना परिसर स्थित नवनिर्मित शिव मन्दिर मे पुजा अर्चना कर भगवान भोलेनाथ से क्षेत्र के लिए सुखशांति की कामना की। विदित है कि कैरो थाना परिसर में नवनिर्मित शिव मन्दिर का पिछ्ले 03 दिनो से आचार्य कौशलकान्त त्रिपाठी व नीरज त्रिपाठी के आचार्यत्व मे कलश यात्रा,प्राण प्रतिष्ठा,पूजन,व हवन का कार्य पूर्ण हूआ। मौके पर वनखंडि शिव धाम में पुजा अर्चना करते हुए रोहित प्रियदर्शी उराँव ने कहा कि सच्चे मन से जो भी शिवभक्त भगवान भोलेनाथ की आराधना करते हैं,उनकी सारी मनोकामना भोलेनाथ पुर्ण करते हैं। तत्पश्चात श्री रोहित प्रियदर्शी उराँव ने गजनी के बनखंडि मे 24 घन्टे के अखंड हरिकीर्तन मे भाग लिया तथा आयोजन समिति को सहयोग राशि भी भेंट किया। मौके पर कैरो थाना प्रभारी शंखनाथ उराँव,गजनी मुखिया सुमन उराँव,सढावे मुखिया श्री मति सुमित्रा उराँव,20 सुत्रि उपाध्यक्ष बुधुवा उराँव,समाज सेवी दीपेश्वर पांडेय,भाजपा के सुरज मोहन साहू,पुरोहित ललेश पांडेय,अजय साहू,रवि प्रजापति,विनोद राम,बाबुलाल उराँव,मिथिलेश यादव,गजनी आयोजन समिति के अध्यक्ष महेश महतो,सचिव कुलदीप साहू,रामानन्द साहू,जर्गनाथ पासवान,संतोष पासवान,सुरेन्द्र साहू,चंर्देव उराँव,मूनु उराँव,इत्यादि के साथ काफी संख्या मे शिव भक्त उपस्थित थे ।



## उर्स के मौके पर 18 से 25 फरवरी तक गरीब असहाय बच्चों के बीच फलो का वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच उलेमा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सह संयोजक मौलाना जियाउल हक अशरफी ने हजरत बाबा दुखन शाह रहमतुल्ला अलेह के उर्स के मौके पर बताया कि मैं अपने और अपने तमाम परिवार के मनोकामना के लिए मोहब्बत की चादर पेश किया। वही दरगाह शरीफ में मार्गदर्शक मुस्लिम राष्ट्रीय मंच परम आदरणीय डॉ इंद्रेश कुमार जी की यौमे पैदाइश 18, 2, 2023 का दिन भी था इसी संदर्भ में देर रात में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के बैनर तले एक चादर पेश किया गया। मालूम हो कि मार्गदर्शक मुस्लिम राष्ट्रीय मंच परम आदरणीय डॉक्टर इंद्रेश कुमार जी की यौमे पैदाइश के मौके से 18 से 25 तक निरंतर तयशुदा कार्यक्रम के अंतर्गत यतीमो,गरीबों,मजदूरों, बेसहारा लोगों,तथा मदरसों,स्कूलों,स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर्यावरण के क्षेत्र में और कुपोषण के शिकार बच्चे एवं बच्चियों के लिए बेहतर फल फरूट का भोजन उपलब्ध कराना इत्यादि जैसे महत्वपूर्ण मामलों में जागरूक कराना तथा सेवा भाव से सेवा करना है। ऐसे में इन तमाम चीजों को केंद्र में रखकर मार्गदर्शक एमआरएम परम आदरणीय डॉक्टर इंद्रेश कुमार जी के नेतृत्व में राज्य राष्ट्र फले और फूलता रहे हम सब यही कामना करते हैं और दुआ करते हैं। इस चादर पोशी में शरीक होने वाले मुस्लिम राष्ट्रीय मंच उलेमा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक तस्नीम फैजी,हाफिज जुनैद,अरशद जमाली, हाफिज तबरेज,हाफिज अब्दुल,रशीद मोबिन अंसारी,शाहिद अंसारी,तौकीर अंसारी,असलम अंसारी,महफूज अंसारी आदि उपस्थिथित थे।



## चलते चलते एक नजर

### प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार शुरू करें : मिश्रा

**रांची।** इंडियन बैंक आरसेटी जामा दुमका द्वारा आयोजित 10 दिवसीय आवासीय बकरी पालन प्रशिक्षण का समापन आरसेटी में किया गया । इस अवसर आरसेटी के निदेशक अनिल कुमार मिश्रा ने सभी प्रशिक्षुओं के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि बकरी पालन अन्य पशुपालन की तुलना में काफी आसानी से किया जा सकता है। बाजार में मीट की मांग में लगातार वृद्धि हो रही है। बकरी का दूध डेंगू जैसी खतरनाक बीमारी को दूर करने के लिए काफी कारगर साबित होता है। यही नहीं बकरी का दूध तकरीबन 36 प्रकार की बीमारियों से लड़ने में सक्षम है। बकरी पालन के महिला प्रशिक्षिका सुनीता हेंब्रम ने कहा कि बकरी को आसानी से किसी भी जलवायु में पाला जा सकता है। ट्रेनर सुनीता हेंब्रम ने सभी प्रशिक्षार्थियों को बकरी पालने के तरीके, शेड निर्माण, बकरियों की नस्लों की जानकारी, बकरियों में होने वाले बीमारियाँ एवं बकरियों के लिए खाध सामग्री जैसी विशेष जानकारी भी दी। आरसेटी के कार्यालय सहायक अभिषेक कुमार ने बताया कि आने वाले नये सत्र में जामा आरसेटी में युवक एवं युवतियों के लिए विभिन्न तरह के नये प्रशिक्षण शुरू होने जा रहा है। प्रशिक्षण प्रास करने वाले इच्छुक युवक एवं युवतियां इंडियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान जामा के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। मौके पर संकाय सदस्य उत्पल कुमार लाहा, कार्यालय सहायक अभिषेक कुमार, संजय सोरेन एवं अन्य उपस्थित थे।

### देवघर में उमड़ा जनसैलाब, शिव बारात में शामिल होने अभिनेत्री भाग्यश्री और मनोज तिवारी पहुंचे

**देवघर :** महाशिवरात्रि पर शनिवार को बैद्यनाथ धाम की धरा पर देवतुल्य श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। बाबा का जलार्पण करने के लिए श्रद्धालु सुबह 3:50 से हीं कतारबद्ध होकर अपने होल्डिंग प्वाइंट में विश्राम कर रहे थे। ऐसे में लाखों की संख्या में आए श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए जिला प्रशासन पूर्व से हीं होने वाली अप्रत्याक्षित भीड़ को लेकर चौकस थी। सम्पूर्ण रुट लाइन के साथ-साथ बीएड कॉलेज, क्यू कॉम्प्लेक्स, नाथबाड़ी व मंदिर प्रांगण में कतारबद्ध कांवरियों के लिए सुविधा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं। पेयजल, साफ-सफाई, चिकित्सा सुविधा, बायोटॉयलेट, लाईट के साथ-साथ उनके भक्ति भावना को जागाए रखने के लिए पूरे रूट लाईन में शिवधून बजाने की व्यवस्था की गयी है। वहीं शिव बारात में शामिल होने भोजपुरी के सुपर स्टार और भाजपा सांसद मनोज तिवारी एवं प्रसिद्ध अभिनेत्री भाग्यश्री देवघर पहुंचे। सुबह से ही उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री, एसपी सुभाष चंद्र जाट, अनुमंडल पदाधिकारी दीपांकर चौधरी, प्रशिक्षु आईएएस अनिमेष रंजन एवं अन के साथ सभी वरीय अधिकारी रूटलाईन, मंदिर क्षेत्र का भ्रमण कर अपने कर्तव्यों पर मुस्तैद दिखे। इसके अलावे उपायुक्त लगातार रूटलाईन का निरीक्षण कर प्रतिनियुक्त अधिकारियों व सुरक्षाकर्मियों को आवश्यक व उचिव दिशा-निर्देश दे रहे थे। रूट लाइन निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने कहा कि श्रद्धालुओं को सुगमतापूर्वक जलार्पण कराने के लिए कतार के टेल एण्ड से कतारबद्ध कांवरिया को तेजी से आगे बड़ाया जाय, ताकि श्रद्धालुओं को ज्यादा देर कतार में न रहना पड़े और उनका शीघ्रतापूर्वक जलार्पण हो जाय और मंदिर से कतार की टेल एण्ड की दूरी में कमी आ सके।

# पांकी में फीका रहा महाशिवरात्रि

प्रभात मंदिर संवाददाता

**दिनीनगर :** पांकी में हुए विवाद को लेकर महाशिवरात्रि पर्व पर जिला प्रशासन के निर्देश पर चार लोगों को एक साथ ही पूजा की इजाजत थी। इस कारण शिवभक्तों में काफी निराशा है। महाशिवरात्रि में जहाँ हर वर्ष काफी उत्साह व उमंग होता था। शिवभक्तों की भीड़ शिव मंदिरों में उमड़ पड़ती थी। लेकिन इस बार ऐसा पांकी में कहीं भी देखने को नहीं मिला। पांकी में हुए विवाद के बाद जिला प्रशासन ने पांकी प्रखंड में निषेधाज्ञा लागू कर दी है। चार से अधिक लोगों को एक साथ जुटने पर पाबंदी है। जिला के सभी वरीय पदाधिकारी महाशिवरात्रि पर पूरी तरह नजर बनाएं हुए हैं। के पांकी में हुए विवाद के बाद पूरे इलाके में धारा 144 लागू है. जिसके कारण



शिव मंदिर में पूजा करने के लिए 5 लोग ही जा सकते हैं. शनिवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालु मंदिर पहुंच रहे हैं . हालांकि प्रशासन की तरफ से कड़ी नजर रखी जा रही है. विधायक शशिभूषण मेहता ने भी अपने समर्थकों के साथ मंदिर पहुंचे है. लेकिन प्रशासन ने बाहर ही उनके समर्थकों को रोक दिया और सिर्फ चार लोगों के साथ विधायक को मंदिर में पूजा- अर्चना करने की इजाजत दी. साथ ही चतरा सांसद सुनील सिंह ने भी पूजा- अर्चना की. इलाके के माहौल को देखते हुए कड़ी सुरक्षा रखी जा रही है. पूरे इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है. मंदिर में मात्र 5 लोग ही एक साथ जा सकते है.

# सात दिवसीय 12 ज्योतिर्लिंग मेले का हुआ शुभारंभ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची के पिठौरिया के नवा टोली स्थित महाशिवरात्रि पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में सात दिवसीय 12 ज्योतिलिंग दर्शन मेले का शुभारंभ धूमधाम से किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय कांके पिठौरिया कि संचालिका बीके राजमती बहन, आरएसएस के स्वामी दिव्यज्ञान जी महाराज, एस एस मेमोरियल कॉलेज कि प्राचार्या डॉ वंदना राय, भाजयुमो आशुतोष द्विवेदी ने संयुक्त रूप से मेला का उदघाटन किया। इस दौरान एक पंडाल में भगवान शिव के 12 ज्योति लिंग का दर्शन करने का सौभाग्य भक्तो को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर सभी शिव भक्तो ने 12 ज्योति लिंग की विधिवत पूजा अर्चना कर शिवरात्रि मनायी। यह मेला 18 फरवरी से 24 फरवरी तक चलेगा।

## झारखंड हाई कोर्ट के 14वें मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्र सोमवार को लेंगे शपथ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट के 14वें मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्र सोमवार, 20 फरवरी को शपथ लेंगे। राजभवन स्थित बिरसा मंडप में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन उन्हें शपथ दिलाएंगे। इसके बाद वह अपना कार्यभार सम्भालेंगे। शुक्रवार को विधि मंत्रालय ने जस्टिस संजय मिश्र के झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के पद पर नियुक्ति के लिए अधिसूचना जारी की थी। फिलहाल, झारखंड हाई कोर्ट में जस्टिस अपरेश कुमार सिंह कार्यवाहक चीफ जस्टिस की भूमिका में हैं। जस्टिस संजय कुमार मिश्रा इससे पहले उत्तराखंड के मुख्य न्यायाधीश रह चुके हैं। जस्टिस संजय मिश्रा के पिता का नाम मारकंडा मिश्रा और माता का नाम ज्योतिर्मयी मिश्रा है। अपनी स्कूली शिक्षा इन्होंने टिकरा अपर प्राइमरी स्कूल से की है। वर्ष 1977 में पृथ्वीराज हाई स्कूल, बोलांगीर से हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा उत्तीर्ण की। 1982 में बोलनगीर के राजेंद्र कॉलेज से अपना बीकॉम (ऑनर्स) पूरा किया। इससे आगे एमकॉम 1984 में दिल्ली विश्वविद्यालय से पूरी की। फिर एलएलबी की पढ़ाई 1987 में विधि संकाय दिल्ली विश्वविद्यालय से पूरी की।

# दूसरे दिन एथलेटिक्स का रहा जोर, विजेताओं को मिला मेडल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** खेलगांव में आयोजित सांसद खेल महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को एथलेटिक्स की प्रतियोगिताएं हुई, जिसमें विभिन्न वर्ग में छात्र-छात्राओं ने बेहतरीन प्रदर्शन कर लोगों को हतप्रभ कर दिया। इस महोत्सव का समापन रविवार को होगा , जिसमें राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे।इधर शनिवार को गर्ल्स एथलेटिक्स 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान पर आरती कुमारी, दूसरे स्थान पर उर्मिला कुमारी तीसरे स्थान पर सरिता कुमारी विजेता बनी। वहीं 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान पर प्रियंका, दूसरे स्थान पर वर्षा कुमारी और तीसरे स्थान पर आरती कुमारी ने जीत हासिल की। इसी प्रकार 600 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान पर किरंती कुमारी, दूसरे




स्थान पर दिव्यानी लिंडा और तीसरे स्थान पर प्रियंका कुमारी विजयी रहे। एथलीट एक सौ मीटर दौड़ में प्रथम अरुण कुमार, दूसरे स्थान पर विक्की लोहरा और तीसरे स्थान पर मोहम्मद जैनुल ने जीत हासिल की। 400 मीटर दौड़ में प्रथम रवि गणेश कुमार, दूसरे स्थान पर अभिषेक टोप्पो और तीसरे स्थान पर प्रदीप कुमार विजयी रहे। 600 मीटर दौड़ में पहले स्थान पर प्रेम कुमार महतो, दूसरे स्थान पर अमन कुमार महतो और तीसरे स्थान पर विश्वजीत महतो ने जीत हासिल की। लॉन्ग जंप सब जूनियर ब्वायज में प्रथम स्थान पर विकास टोप्पो, दूसरे स्थान पर दिनेश, तीसरे स्थान पर शुभम कुमार विजयी रहे। इसी प्रकार ओरमांझी सब जूनियर गर्ल लॉन्ग जंप में प्रथम स्थान कोमल तिर्की , दूसरा स्थान पूर्णिमा मुंडा और तीसरा स्थान रितु लकड़ा ने हासिल की। इसके अलावा रांची 800 मीटर सीनियर ब्वायज के प्रथम स्थान पर प्रदीप कुमार, दूसरे स्थान पर रंजीत कुमार और तीसरे स्थान विक्रांत कुमार महतो विजयी रहे। सभी विजेता प्रतिभागियों को मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। सांसद संजय सेठ, विधायक नवीन जायसवाल, पूर्व सांसद अजय मारू, रंजन सिंह, विनय जयसवाल, संदीप वर्मा, रमेंद्र सिंह, राजीव सहाय मौजूद थे। कबड्डी, बेडमिंटन और तीरंदाजी एवं योगासन का फाइनल रविवार को सुबह संपन्न होगा। उल्लेखनीय है कि सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार को खेलगांव में कोयला मंत्री, केंद्रीय खेल मंत्री ने मशाल जलाकर की थी।

# झामुमो और कांग्रेस नेताओं का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मिला, सौंपा ज्ञापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** झारखंड मुक्ति मोर्चा( झामुमो) और कांग्रेस नेताओं का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शनिवार को मिला।

प्रतिनिधिमंडल में झामुमो के वरिष्ठ नेता और राज्य समन्वय समिति के सदस्य विनोद कुमार पांडेय, फागु बेसरा, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं महानगर कांग्रेस अध्यक्ष कुमार राजा शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा।



**बाजार शुल्क से संबंधित विधेयक में दो प्रतिशत टैक्स के अधिरोपण पर पुनर्विचार करने का आग्रह**

ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने मुख्यमंत्री से बाजार शुल्क से संबंधित विधेयक में दो प्रतिशत टैक्स के अधिरोपण पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया । उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि केंद्र सरकार की जीएसटी इत्यादि में वृद्धि जैसी जनविरोधी नीतियों से पूर्व से ही राज्य और देश की जनता महंगाई से त्रस्त है। ऐसी परिस्थिति में जनता के हित में बाजार शुल्क से संबंधित विधेयक में दो प्रतिशत टैक्स के अधिरोपण से जनता पर महंगाई का बोझ बढ़ने की संभावना है। अतः इसपर पुनर्विचार करते उचित निर्णय लें। उन्होंने मुख्यमंत्री को झारखंड राज्य कृषि उपज और पशुधन विपणन विधेयक-2022 की वजह से राज्य में उत्पन्न हालात से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि झारखंड विधानसभा के द्वारा बाजार शुल्क से संबंधित विधेयक पारित कराया गया है। इस विधेयक को राज्यपाल के द्वारा भी स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इसमें बाजार समिति के माध्यम से राज्य के थोक विक्रेताओं के द्वारा खाद्यान्न एवं रोजमर्रा की अन्य आवश्यक वस्तुओं का व्यापार किया जाता है । उक्त विधेयक में प्राप्त जानकारी के अनुसार बाजार समिति के माध्यम से क्रय- विक्रय की जाने वाली वस्तुओं पर दो प्रतिशत टैक्स लगाया गया है, जिससे इन सभी वस्तुओं के उपभोक्ताओं मूल्य में वृद्धि होने की संभावना है । ऐसे में जनता को राहत देने और महंगाई का अतिरिक्त बोझ नहीं उठाना पड़े, इसके लिए बाजार शुल्क विधेयक में दो प्रतिशत टैक्स के अधिरोपण पर पुनर्विचार करें।

## सांसद खेल महोत्सव के समापन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे राज्यपाल



**रांची :** सांसद खेल महोत्सव के समापन समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन होंगे। समापन समारोह का कार्यक्रम रविवार को खेलगांव में होगा। इस दौरान प्रतियोगिता में कबड्डी, बेडमिंटन, तीरंदाजी एवं योगासन सहित अन्य खेलों के विजेताओं को पुरस्कृत किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार को खेलगांव में कोयला मंत्री, केंद्रीय खेल मंत्री ने मशाल जलाकर की थी।

# ग्रीन एनर्जी की दिशा में बड़ी पहल, पुणे में बनेगा देश का पहला हाइड्रोजन प्लांट

एजेंसी

**पुणे :** देश में ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन को बढ़ावा देने की केंद्र सरकार की सकारात्मक पहल के तहत पुणे की द ग्रीन बिलियन्स लिमिटेड (टीजीबीएल) कंपनी ने हाइड्रोजन प्लांट की स्थापना के लिए बड़ी पहल दिखाई है। इसके लिए कंपनी ने पुणे नगर निगम के साथ 30 साल का करार किया है। पर्यावरण अनुकूल समाधान उपलब्ध कराने वाली यह कंपनी पुणे के कचरे को एकत्र कर इससे हाइड्रोजन गैस बनाएगी। टीजीबीएल के अध्यक्ष अध्यक्ष प्रतीक कनकिया ने बताया कि प्रोजेक्ट के तहत कंपनी अगले साल नगर निगम के पेरीफेरी क्षेत्र से प्रतिदिन करीब 350 टन कचरा एकत्र करेगी। इससे 10 टन हाइड्रोजन का प्रोडक्शन होगा। इस गैस को बनाने के लिए कंपनी हडपसर इंडस्ट्रियल एस्टेट में हाइड्रोजन गैस को बनाने के लिए प्लांट की स्थापना करेगी। इस पर काम शुरू हो गया है। कचरे से हाइड्रोजन गैस बनाने का देश में यह पहला प्रयास रहेगा। प्लांट में 10 टन हाइड्रोजन के प्रोडक्शन के लिए रिएक्टर इसी साल नवंबर तक तैयार हो जाएगा। प्रोजेक्ट का पूरा काम नवंबर-2024 तक हो जाएगा। प्रोजेक्ट के लिए कंपनी 350 करोड़ रुपये का निवेश करने जा रही है। इसके अलावा 82 करोड़ रुपये स्टोरेज और अन्य जरूरतों पर खर्च होंगे। टीजीबीएल ने कचरे के सही उपयोग के लिए भाभा एटॉमिक रिसर्च इंस्टीट्यूट और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस बेंगलुरु से करार किया है। कंपनी इनकी सहायता से कचरे में बायोडिग्रेडेबल, नॉन-बायोडिग्रेडेबल और खतरनाक अपशिष्ट को अलग कर उनके उपयोग पर काम करेगी। ऑप्टिकल सेंसर के उपयोग से कचरे में से ग्रीन बिलियंस को अलग कर उसका भी उपयोग किया जाएगा। संयंत्र से निकलने वाले गीले कचरे का उपयोग ह्यूमिक-एसिड के साथ बायो फर्टिलाइजर के उत्पादन के लिए किया जाएगा, जो पारम्परिक बायो फर्टिलाइजर से बेहतर साबित होगा। यह कार्बन के उत्सर्जन को भी कम करने में सहायक बनेगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने ग्रीन हाउस गैसों, विशेष रूप से कार्बन के उत्सर्जन में कटौती को सुनिश्चित करने वाले फैसलों को हाल में मंजूरी दी है। उन्होंने साल 2021 के स्वतंत्रता दिवस पर इस मिशन की घोषणा की थी। भारत का लक्ष्य 2030 तक प्रति वर्ष 50 लाख टन ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन करना है। इस प्रोत्साहन योजना से इसके दाम को कम करने में मदद मिलेगी। साथ ही देश की साख भी बढ़ेगी। देश में ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 19 हजार 744 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी गई। राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन नाम की इस योजना से वर्ष 2070 तक शून्य उत्सर्जन के देश के लक्ष्य को हासिल करने में भी मदद मिलेगी। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने हाल में कहा था कि हाइड्रोजन भविष्य का ईंधन है और इसे नगर निगम के कचरे से प्राप्त किया जा सकता है।

# झारखण्ड प्रदेश मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने मनाया सदभावना सप्ताह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** झारखण्ड प्रदेश मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के तत्वाधान में 18 फरवरी से 25 फरवरी तक देश भर में सदभावना सप्ताह प्रति वर्ष मनाया जाता है इस कर्म में झारखण्ड प्रदेश मुस्लिम राष्ट्रीय मंच दवारा भी राजधानी और विभिन्न जिलों में कार्यक्रम का आयोजन देश में सदभावना को जागृत करने के लिए किया जाता है मंच के सदभावना सप्ताह में मंच के कार्यकर्ता दवारा विभिन्न कार्यक्रमों में मुख्य रूप से मिल्क पार्टी ,गौ सेवा ,नमाज के बाद खुसूसी दुआ का आयोजन,आदि प्रमुख है। इसी क्रम में आज मंच के कार्यकर्ताओं के दवारा जमाया एजाज सैयदना मदरसा पुंदाग के बच्चों के मधय शिक्षा की भावना को जागृत करने हेतु मंच के प्रदेश सयोंजक हाजी एजाज के नेतृत्व एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे मदरसा के बच्चों के मधय कॉपी ,पेंसिल,और फलों का वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम को सम्बोदित करते हुए मंच के बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के सयोंजक प्रो अशफाक आलम ने मदरसा के बच्चों के मधय राष्ट्रभक्ति और शिक्षा की भावना जागृत करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया और कहा के शिक्षा हर हाल में प्राप्त करना जरूरी है इसी के दवारा व्यक्ति और राष्ट का विकास संभव हो सकता है कार्यक्रम में बच्चो और उनके शिक्षक के मधय मंच के उद्देश्य को भी बताया गया के मंच का ये प्रयास है के आपसी भाईचारा बढे और कट्टरता काम हो और भारत के सभी नागरिक सयुंक्त रूप से राष्ट निर्माण में सहयोगी हों ,मंच के कार्यकर्त्ता इसके अलावा भी 25 फरवरी तक विभिन कार्यक्रम का आयोजन करेंगे जिसके अंतर्गत वृक्षारोपण तुलसी के पौधे का वितरण तथा राष्ट के उन्नति के लिए विशेष दुआ का एहतेमाम करेंगे आज के कार्यक्रम में प्रदेश सयोंजक हाजी एजाज के साथ प्रदेश सयोंजक अधिवक्ता तनवीर अब्बास प्रो अशफाक डॉ नाजिश हसन ताबिश हुसैन कयामुद्दीन खान टीपू खान फरहाना खातून वारिस खान आदि मुख्य रूप से सम्मिलित थे।

# एनएसडी से तीन साल प्रशिक्षण करने के बाद रंगकर्मी क्या करते हैं : डॉ रमेश चंद्र

परवेज कुरैशी@प्रभात मंत्र

**रांची।** हर राज्यों में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय का ब्रांच खोल देने से नहीं होगा, सिर्फ एक साल के कोर्स से कोई रंगकर्मी नहीं बन जाएगा । कई राज्यों में एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स चलाया जा रहा है,जो सफल नहीं है। इसके लिए बहुत सारे इंफ्रास्ट्रक्चर , अच्छे फैकल्टीज के अलावा और भी बहुत कुछ चाहिए होता है । जरूरी है कि राज्य सरकार ही अपने राज्य में एक एनएसडी ही स्थापित करा दें , ताकि जो भीड़ दिल्ली के एनएसडी में दाखिला के लिए होती है , उसे कम किया जा सके। अंतरराष्ट्रीय 22वां भारत रंग महोत्सव के आयोजन झारखंड कला संस्कृति खेलकूद युवा कार्य विभाग व रांची विश्वविद्यालय के सहयोग से रांची के आर्यभट्ट सभागार में 6 नाटकों के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय दिल्ली के निर्देशक डॉ रमेश चंद्र गौड़ उपस्थित थे, इसी दौरान समय निकालकर प्रभात मंत्र के संवाददाता परवेज कुरैशी से बातचीत में यह बात कही। गौड़ ने कई सवालों के जवाब दिए । उन्होंने कहा कि पिछले 22 सालों से भारत रंग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है ।



कोविड 19 के कारण 2 सालों से नहीं हो सका था । इसके बाद 2023 में देश के विभिन्न राज्यों में इसका आयोजन हो रहा है, जिसमें से एक रांची भी शामिल है। लोग नाटक के प्रति जागरूक हो, इसी सोच के साथ रंग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है । आगे उन्होंने कहा कि हर साल राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय में एक हजार से अधिक लोग आवेदन भरते हैं, इसमें से करीब 26 ही रंगकर्मियों को मौका मिलता है, जिसे 3 साल का नाट्य प्रशिक्षण दिया जाता है। इस पर केंद्र सरकार करोड़ों रुपए खर्च करती है, ताकि अच्छा रंगकर्मी बनकर निकले और अपने राज्य में रंगकर्म की विधाओं को प्रचार प्रसार करें , अपने क्षेत्र के युवाओं को रंगकर्म से जोड़ सकें । एक सवाल से प्रभावित होकर जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि बहुत ही अच्छा प्रश्न है कि रंगकर्मी 3 साल का प्रशिक्षण एन एस डी में प्राप्त करने के बाद क्या करते हैं? इसके लिए एक डेटाबेस तैयार कर रहे हैं, यह जानना बहुत जरूरी है जिसके पीछे केंद्र सरकार और हमारे सारे फैकल्टीज 3 साल तक मेहनत करते हैं वह रंगकर्मी 3 साल के प्रशिक्षण प्राप्त कर लेते हैं अपने राज्यों में जाकर वह क्या कर रहे हैं , यह जानना बहुत जरूरी है। क्या वे नाटक कर रहे हैं? दूसरों को सिखा रहे हैं ? फिल्मों में गए हैं ? ओटीटी प्लेटफार्म में गए हैं या किसी दूसरे व्यवसाय से जुड़ गए हैं ? जहां तक 90 के दशक के पूर्व की बात है कि एनएसडी से जो कलाकार निकलते थे, उनका चेहरा किसी न किसी टेलीविजन या फिल्मों में देखने को मिलता था, 90 के बाद ऐसा नहीं है, इसके पीछे भी कई कारण है। क्योंकि 90 के दशक से पहले निजी संस्था नहीं थी जो नाटक का प्रशिक्षण दे सके। एनएसडी से प्रशिक्षण प्राप्त करते थे, दूरदर्शन , फिल्मों में नजर आते थे, लेकिन 90 के बाद कई निजी संस्थान खुल गए हैं और कई लोग काम कर रहे हैं । टीवी, फिल्म, ओटीटी, प्लेटफार्म में जा रहे हैं । जहां तक आरक्षण को लेकर सवाल है तो केंद्र सरकार के द्वारा जो आरक्षित सीटें दी गई है, उसी के माध्यम से यहां चयन होती है। हमारी प्राथमिकता यही है कि जो अच्छे रंगकर्मी हैं उन्हें मौका दिया जाए।